भोपाल
बुधवार, 8 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -06
वर्ष : 13, अंक : 06
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### भिंड में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## मप्र के सभी 55 जिलों में आज से 14 अप्रैल तक एक साथ मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल के मौके पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह सभी कार्यक्रम 8 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भिंड जिला मुख्यालय पर होगा। जबकि जिला मुख्यालयों सहित सभी विकासखंडों में भी आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों आदि के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को अपने प्रभार के जिले के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर, आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि संत रविदास जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2027 तक सामाजिक समरसता कार्यक्रमों का आयोजन संपूर्ण प्रदेश में किया जाएगा। कार्यक्रमों की रूपरेखा जिला स्तर पर तैयार होगी। मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को सामाजिक समरसता कार्यक्रमों का जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 14 अप्रैल के मौके पर प्रदेश की जेलों में निरुद्ध अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावास की सजा से दंडित 87 बंदियों की समय-पूर्व रिहाई करने का निर्णय लिया गया है।

### पहले दो हजार रुपए ही मिलते थे, कैबिनेट से मिली मंजूरी

# अब एससी छात्रों को दिल्ली में पढ़ाई के लिए मिलेंगे 10 हजार रु. हर महीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार अनुसूचित जाति (एससी) छात्र-छात्राओं की नई दिल्ली में पढ़ाई के लिए अब 10 हजार रुपए प्रति महीने की सहायता करेगी। पहले इन छात्रों को महज 2 हजार रुपए प्रति माह की मिलते थे। सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेकर छात्रगृह योजना में 5 गुने की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। प्रति वर्ष 100 छात्रों को इस योजना में लाभ दिया जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इसके ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ये भी फैसले

- कक्षा 9 वीं से 12 वीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकों के लिए 693 करोड़ की मंजूरी
- वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (एफटीआरआई) की स्थापना की मिली मंजूरी
- चना एवं मसूर के वर्तमान वित्तीय वर्ष सहित 3 वर्ष में उपार्जन के लिए 3,174 करोड़ रुपए की मंजूरी



कैबिनेट बैठक में सीएम के साथ मंत्रीगण

### *मप्र में चने की 5875 रुपए व मसूर की 7 हजार रुपए क्विंटल में होगी खरीदी*

चने की फसल कुल उत्पादन का 25 फीसदी ही समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जाएगी। इसके लिए चना एवं मसूर का वर्तमान वित्तीय वर्ष सहित तीन वर्ष में उपार्जन के लिए 3,174 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। चना एवं मसूर के उपार्जन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### *निःशुल्क पुस्तक देने के लिए बजट मंजूर*

कैबिनेट ने कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें प्रदाय करने के लिए 693 करोड़ की मंजूरी दी है। इसके तहत प्रदेश के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में अध्ययरत छात्र छात्राओं के लिए निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योजना के तहत 2026-27 से 2030-31 तक 5 वर्ष के लिए प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत मूल्य वृद्धि तथा नामांकन में वृद्धि के मान से लाभान्वित होने वाले छात्रों की संख्या के आधार पर 693 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
डीसी जीटी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### विवादित गाने पर बादशाह ने आयोग से मांगी माफी



**नई दिल्ली।** पिछले दिनों रिलीज हुए अपने गाने 'टटीरी' को लेकर रैपर सिंगर बादशाह मुश्किलों में घिर गए थे। बादशाह की ओर से उनके वकील अक्षय दहिया राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुए। बादशाह ने आयोग से माफी मांगी है। भद्दा कंटेंट दिखाने के मामले में तलब किया गया था।

### क्रिकेटर वॉर्नर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को सिडनी में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ब्रेथ टेस्ट में तय सीमा से अधिक अल्कोहल पाए जाने के बाद डेविड वॉर्नर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### घरेलू विवाद में पत्नी को जिंदा जलाया, मौत



**गुना।** शहर के घोसीपुरा क्षेत्र में पवन रजक (31) अपनी पत्नी दीपा रजक को जिंदा जला दिया। इलाज के दौरान भोपाल में दीपा की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पवन का किसी अन्य महिला से संपर्क था, जिसे लेकर दंपती के बीच अक्सर विवाद होता रहता था और यही तनाव धीरे-धीरे बढ़ता गया।

### सारी दुनिया डरी

## ट्रंप ने फिर से दोहराया रात भर में खत्म हो जाएगी एक सभ्यता

# ईरान के 'विनाश' का काउंटडाउन

### अल्टीमेटम की समय सीमा

- **अमेरिका:** रात 8:00 बजे मंगलवार
- **भारत :** सुबह 5:30 बजे बुधवार
- **ईरान :** रात 3:30 बजे बुधवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को जंग को 40 दिन हो जाएंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 4 बार ईरान को खत्म करने की धमकी दी। पर, 5वीं धमकी से दुनिया सहम रही है।

ट्रंप का कहना है कि ये आखिरी धमकी है और अल्टीमेटम खत्म होते ही एक रात में पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे। हालांकि, ईरान भी सीना तानकर खड़ा हुआ है।



डोनाल्ड ट्रंप

जैसे ही राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी आई वैसे ही दूसरे दिन सुबह ईरान में पावर प्लांट पर लाखों लोग जुटे और मानव श्रंखला बनाकर स्पष्ट कर दिया कि हम किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं है। भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5.30 बजे ट्रंप की धमकी की समय सीमा खत्म होने जा रही है। इससे पहले ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि वहां अब सत्ता पूरी तरह से बदल चुकी है। ट्रंप ▶▶ शेष पेज 6 पर

### लेकिन, ईरान में टकराने का जज्बा बरकरार

1. *करीब डेढ़ करोड़ लोगों की टारगेट्स के आसपास बनाई मानव श्रंखला, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान ने कहा-मैं भी बलिदान देने के लिए तैयार*
2. *आईआरजीसी के जनरलों ने माता-पिता से अपने बच्चों को चेकपॉइंट्स और महत्वपूर्ण ठिकानों पर भेजने का आह्वान किया*

*ईरान ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे कभी भूल नहीं पाएंगे*

**इजराइल ने ईरानियों को दी चेतावनी**
रेलवे ट्रैक के आसपास न आएं, साफ है रेल व मेट्रो भी है निशाने पर



ईरान के लोग मानव श्रंखला बनाकर प्लांट के चारों ओर खड़े रहे

### समय सीमा खत्म होने से पहले ही ईरान में कई जगह हमले

अमेरिका और इजराइल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खार्ग आइलैंड पर हुआ, जहां ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90% कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों ▶▶ शेष पेज 6 पर

***ईरानभर में करीब 1.4 करोड़ लोगों ने बनाई मानव श्रंखला:*** *ईरान में अलग-अलग पावर प्लांट पर अधिकारी, युवा, एथलीट, कलाकार और छात्रों प्रमुख बिजली घरों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर दिखा दिया कि वे एकजुट* ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### विनाशकारी हमले के बाद जीना मुश्किल

विशेषज्ञों और संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि बुशहर जैसे सक्रिय परमाणु संयंत्र के मुख्य रिएक्टर पर हमला होता है, तो भारी मात्रा में रेडियोधर्मी विकिरण लीक हो सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी है कि परमाणु रिसाव का असर केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा। हवा के रुख के कारण इसका असर खाड़ी देशों जैसे कुवैत, कतर, यूएई और सऊदी अरब पर भी पड़ सकता है। पावर प्लांट्स के नष्ट होने से पूरे ईरान में ब्लैकआउट हो जाएगा। इससे अस्पतालों ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दतिया उपचुनाव पर सरगर्मी तेज

## भारती को अंतरिम राहत नहीं दतिया में चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने से किया इनकार



हेमंत खंडेलवाल और डॉ. नरोत्तम मिश्रा चर्चा करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा सीट को लेकर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती की सजा के खिलाफ दायर अपील पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने उस अलग याचिका पर भी नोटिस जारी किया, जिसमें भारती ने अपनी सजा और दोषसिद्धि पर रोक लगाने की मांग की लेकिन कोर्ट ने इस पर अभी कोई तत्काल राहत नहीं दी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अगली तारीख 15 अप्रैल तय की है। दरअसल, बैंक फ्रॉड मामले में राजेंद्र भारती को 2 अप्रैल को दिल्ली की एमपी/एमएलए कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता समाप्त कर दतिया सीट को रिक्त घोषित कर दिया। अब इस सीट पर उपचुनाव होने की संभावना बन ▶▶ शेष पेज 6 पर

- राजेंद्र भारती केस में दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई 15 अप्रैल तक टली
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के घर जाकर की मुलाकात

### मध्यप्रदेश सरकार से मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने मप्र सरकार से भारती की याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने अपनी सजा और दोषसिद्धि को चुनौती दी। भारती ने एक और याचिका दाखिल कर चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की है कि वह दतिया विधानसभा सीट पर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा न करे। अदालत ने इस मांग पर भी फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई और चुनाव प्रक्रिया जारी रखने पर रोक से इनकार कर दिया।

### महापौर पुष्यमित्र भार्गव का ऐलान

## भागीरथपुरा के मृतकों के परिजनों को देंगे 'नौकरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



कांग्रेसी पार्षदों की टी शर्ट पर लिखा था पीयो नाली का पानी

इंदौर नगर निगम का मंगलवार को बजट पेश किया गया। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भागीरथपुरा मामले में दिवंगत लोगों के प्राथमिक सदस्यों को पात्रता के आधार पर आउट सोर्स से नौकरी देना का प्रावधान बजट में किया है। कांग्रेस पार्षद राजू भदौरिया गंदे पानी की बोटल लेकर पहुंचे। महापौर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### धार में लुटेरों का खूनी खेल

## व्यापारी की हत्या, पत्नी को बंधक बनाकर लाखों लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार




पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला

जिले के राजोद थाना क्षेत्र के गोंदी खेड़ा चारण गांव में सोमवार-मंगलवार रात करीब 1 से 2 बजे के बीच 8 से 10 अज्ञात बदमाश मिर्ची व्यापारी देवकृष्ण पुत्र लक्ष्मण पुरोहित के घर में घुस आए। बदमाश सीधे उसी कमरे में पहुंचे और दंपती को बंधक बना लिया। बदमाशों ने पहले दंपती के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद पत्नी को जबरन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भोजशाला केस: हिंदू पक्ष का तर्क

## एक बार 'मंदिर रहा स्थल' हमेशा मंदिर ही माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



वक्फ संपत्ति मानने से इनकार किया

भोजशाला को लेकर मंगलवार को भी हाईकोर्ट में सुनवाई हुई और हिंदू पक्षकार के वकील विष्णु शंकर जैन ने अपने तर्क रखे। उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों और पुराने दस्तावेजों के आधार पर यह साबित करने का प्रयास किया कि भोजशाला वक्फ संपत्ति नहीं है। उन्होंने राम मंदिर मामले में हुए फैसले के तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि एक बार ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आरोप-आरोपियों ने परिवार को पीटा, इससे सहम गई थी बेटी

## मनचलों से परेशान 9वीं की छात्रा ने खुद को लगाई आग.... चार नाबालिगों पर केस दर्ज

**पिछले 3 महीने से कर रहा था कॉल्स, बस में करता था तंग**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले के मालथौन थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां छेड़छाड़ और मारपीट से तंग आकर 9वीं कक्षा की एक 14 वर्षीय छात्रा ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। गंभीर हालत में छात्रा को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद सहित चार नाबालिगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता के अनुसार आरोपी पिछले 3 महीने से उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। वह छात्रा के ही स्कूल में पढ़ता है और बस से आने-जाने के दौरान उसे प्रताड़ित करता था। आरोपी अक्सर छात्रा को फोन कॉल कर परेशान करता था। परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी अपने तीन साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंच गया। वहां आरोपियों ने परिवार के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों की प्रताड़ना और धमकी से ▶▶ शेष पेज 6 पर

### घेराबंदी के बाद हाई अलर्ट

## नागपुर में संघ मुख्यालय के पास विस्फोटक का 'जखीरा' बरामद

**58 डेटोनेटर, 15 जिलेटिन और 8 कनेक्टर शामिल**

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय से 2 किलोमीटर दूर विस्फोटकों का जखीरा मिलने से हड़कंप मच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इलाके में नियमित निगरानी के दौरान विस्फोटक सामग्री देखी गई थी, जिसके बाद तुरंत बम निरोधक दस्ते और फॉरेंसिक टीमों बुलाया गया। इलाके में घेराबंदी की गई और अलर्ट जारी किया गया है। सुबह सीए रोड स्थित दोसर भवन चौक के एक घर के छोटे गार्डन में विस्फोटक



मिलने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान 15 जिलेटिन छड़ें, 58 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद हुए हैं। अनुमान है कि विस्फोटक यहां पिछले डेढ़ महीने से रखे थे। पुलिस सभी विस्फोटक को सुरक्षित तरीके से जब्त कर दूसरी जगह ली गई और उनकी जांच कर रही है।

### हर कोण से हो रही जांच

यह इलाका बेहद संवेदनशील है। जहां विस्फोटक मिला है, वहां से 200 मीटर दूर जामा मस्जिद, 500 मीटर दूर पोद्दारेश्वर राम मंदिर और 2 किमी दूर संघ मुख्यालय है। हाल में यहां के काटोल इलाके में एसबीएल कंपनी में विस्फोटक हादसा हुआ था, जहां डेटोनेटर समेत अन्य विस्फोटक बनते हैं। यह विस्फोटक कंपनी का बताया जा रहा है।

### कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दावा किया था- असम सीएम की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट

**हिमंता ने कहा- पता करेंगे कि फर्जी दस्तावेज राहुल ने तो नहीं दिए?**

## एफआईआर के बाद असम पुलिस ने घर पर की छापेमारी नहीं मिले खेड़ा, सीएम हिमंता बोले: पाताल से भी निकालेंगे

- पुलिस ने घर से कुछ डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रिक डिवाइस सीज किए
- विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा बोले- तीन पासपोर्ट की बात फर्जी और मनगढ़ंत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर फर्जी पासपोर्ट का आरोप लगाने के दो दिन बाद मंगलवार को असम पुलिस ने दिल्ली में पवन खेड़ा के घर छापा मारा। हिमंता की पत्नी की एफआईआर के बाद यह कार्रवाई की गई है।

छापेमारी के वक्त पवन घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने घर से कुछ डॉक्यूमेंट्स और इलेक्ट्रिक डिवाइस सीज किए हैं। हिमंता ने कहा कि गिरफ्तारी की चुनौती देने वाले खेड़ा अब हैदराबाद भाग गए हैं। हम खेड़ा



हिमंता बिस्वा सरमा | पवन खेड़ा

को पाताल से ढूंढकर ले आएंगे और पता करेंगे कि उन्हें फर्जी दस्तावेज किसने दिए। मुझे लगता है कि ये डॉक्यूमेंट्स शायद राहुल गांधी ने पवन खेड़ा को दिए होंगे। 5 अप्रैल को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### राहुल तक पहुंचेगी जांच की आंच?

मुख्यमंत्री सरमा ने केवल पवन खेड़ा पर ही निशाना नहीं साधा, बल्कि सीधे तौर पर राहुल गांधी को भी इस मामले में घसीटा है। उन्होंने दावा किया है कि इस पूरे मामले की जांच का दायरा बढ़ेगा और आने वाले समय में राहुल गांधी से भी इस संबंध में कड़ी पूछताछ की जा सकती है।

### बयानों को समझिए

- **हिमंता:** मुझे गिरफ्तार करने के लिए राहुल गांधी को सात जन्म लेने पड़ेंगे
- **कन्हैया कुमार :** आपने गिरफ्तारी से बचने के लिए ही भाजपा में जन्म लिया है

# गुरु तेगबहादुर साहिब के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में सजा कीर्तन दीवान, श्रद्धालुओं ने अखंड पाठ कर प्रसाद का वितरण किया




साकेत नगर स्थित गुरुद्वारे में सजा दीवान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिख पंथ के नौवें गुरु तेगबहादुर साहिब का प्रकाश पर्व मंगलवार को राजधानी के गुरुद्वारों कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सकेत नगर गुरुद्वारा में अखंड पाठ किया गया। इसके बाद कीर्तन दीवान आयोजित किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर सिख समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि गुरु तेगबहादुर साहिब का जीवन धर्म और मानवता की रक्षा, त्याग, तपस्या और बलिदान की अद्भुत मिसाल है। गुरु के आदर्श यह संदेश देते हैं कि सत्य, धर्म और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में अडिग रहना ही सच्ची वीरता है। गुरु के बलिदान से यह संदेश मिलता है कि धर्म रक्षा सबसे बड़ा कर्तव्य है, चाहे इसके लिए अपना बलिदान ही क्यों न देना पड़े।



साकेत नगर स्थित गुरुद्वारे में कीर्तन सुनते श्रद्धालु।

### कल मनाया जाएगा गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस

सिख धर्म के पंचम गुरु, साहिब श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस 9 अप्रैल को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को शहीद वाल पर मीठे शरबत और चने का वितरण किया जाएगा। गुरु अर्जुन देव जी सिखों के दस गुरुओं में पांचवें गुरु थे। वे सिख धर्म के पहले शहीद माने जाते हैं। मुगल सम्राट जहांगीर के आदेश पर उन्हें यातनाएं दी गईं। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

## खबर संक्षेप



### एम्स के डॉ. अभिनव सिंह ने हाइपोस्पेडियास सर्जरी में प्राप्त किया

**भोपाल।** एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिनव सिंह ने हैदराबाद में आयोजित लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप में हाइपोस्पेडियस सर्जरी का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। हाइपोस्पेडियस एक सामान्य जन्मजात विकृति है, जो लगभग प्रत्येक 200 जन्मों में से एक में पाई जाती है, जिसमें पेशाब का रास्ता अपने सामान्य स्थान के बजाय नीचे की ओर स्थित होता है।इस उपलब्धि पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर ने डॉ. अभिनव को बधाई दी।

### पासपोर्ट कार्यालय में ब्रेल लिपि से दिव्यांगों को मिलेगी नई दिशा

**भोपाल।** भोपाल पासपोर्ट कार्यालय ने दिव्यांग आवेदकों की सहूलियत के लिए ब्रेल लिपि वाला एक खास प्रकार का वीडियों जारी किया हैं। इससे इन आवेदकों पासपोर्ट बनवाने की पूरी प्रक्रिया में मदद मिलेगी और उन्हे परेशान नहीं होना पड़ेगा। मंगलवार को इसका उद्घाटन बी. एस. मुबारक, संयुक्त सचिव (पीएसपी) एवं मुख्य पासपोर्ट अधिकारी द्वारा शितांशु चौरसिया, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने किया। इस सुविधा के तहत श्रवण एवं वाक बाधित आवेदकों के लिए सांकेतिक भाषा में वीडियो की एक श्रृंखला भी शुरू की गई। पासपोर्ट प्रक्रिया के सभी चरणों-काउंटर ए (बायोमेट्रिक नामांकन), काउंटर बी (दस्तावेज सत्यापन) और काउंटर सी की जानकारी प्रदान की गई। ये वीडियो दफ कोड के साथ भी एकीकृत हैं, जिससे उपयोगकर्ता अधिक जानकारी के लिए सीधे संबंधित वेबपेज तक पहुंच सकते हैं।

### ग्राम देवीपुरा में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू



**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम देवीपुरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. भारत भूषण मिश्र ने कहा कि एनएसएस शिविर हमें जीवन जीने की कला सिखाता है और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का बोध कराता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. सुबोध शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. श्रीगोविन्द पांडेय, प्रो. केके हर्षकुमार एवं प्रो. अर्चना दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर के पहले दिन प्रातः काल 110 स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरुकता रैली एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### शिवाजी नगर में मेन रोड पर छा जाता है धुएं का गुबार

# कचरा जलाने पर प्रतिबंध फिर भी नियम विरुद्ध पॉश इलाकों में कचरे में लगाई जा रही आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कचरे में आग लगाने पर प्रतिबंध होने के बावजूद शहर में यह काम बेरोकटोक हो रहा है। खुद सफाई कर्मचारी झाड़ू लगाकर एक जगह कचरा एकत्र करते हैं और उसे आग लगा देते हैं। जिससे न सिर्फ प्रदूषण फैलता है, बल्कि आसपास धुआं छा जाता है। शहर के पॉश इलाके शिवाजी नगर में कई जगह पर कचरा जलाने से लोग परेशान हैं।

निगम के अधिकारियों का तर्क है कि ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसकी रोकथाम का लेकर संबंधित जोन के एएचओ को विशेष निगरानी करने को कहा जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने हरिभूमि को शिवाजी नगर जैसे क्षेत्र में कचरा में आग के फोटो और वीडियो उपलब्ध करवाए हैं। उनका कहना है कि इससे प्रदूषण फैलता है। धुएं के आसपास से गुजरने वाले लोगों को परेशानी होती है, जबकि इसी तरह भेल क्षेत्र के इंद्रपुरी-भवानीधाम रोड से लगी कॉलोनियों में भी सफाई कर्मचारी कचरे के ढेर में आग लगा देते हैं, जबकि उक्त कचरा उठवाया जाना चाहिए।



शिवाजी नगर स्थित कॉलोनी में कचरे में लगाई आग।

**पुराने शहर के कई इलाकों में सफाई कर्मचारी ही कचरे को कर रहे आग के हवाले**

### गोविंदपुरा में अक्सर उठता है कचरे से धुआं

बीएचईएल के खाली मैदान में अक्सर दीवार किनारे कचरे के ढेर से धुआं उठता है। इसका फैलाव रोड तक होने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। यहां कचरा डंप करने की शिकायतें भी हैं।

### निगम का तर्क- सख्त कार्रवाई होगी, निगरानी भी करवाएंगे

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि कचरे में आग लगाना पूरी तरह से गलत है। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। क्षेत्र में सफाई के दौरान निगरानी भी करवाई जाएगी।

## खुले ट्रकों से ढोया जा रहा कचरा, बिना कवर्ड किए हो रहा परिवहन



बिना कवर्ड किए कचरा ले जाता हुआ एक ट्रक।

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा कचरा परिवहन के लिए खुले ट्रकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे रास्ते भर सूखा कचरा सड़कों पर फैल रहा है। इससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर निगम रोजाना शहर के विभिन्न वार्डों से सैकड़ों टन कचरा एकत्र करता है, लेकिन उसके सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था अब तक पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है। खुले ट्रकों में कचरा ढोने के दौरान तेज हवा और झटकों के कारण कचरा उड़कर सड़कों और आसपास के इलाकों में फैल जाता है। विशेष रूप से बाजारों और व्यस्त मार्गों पर यह समस्या अधिक गंभीर रूप ले चुकी है, जहां बदबू के कारण राहगीरों और दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस लापरवाही से बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि कचरा परिवहन के दौरान ट्रक को कवर्ड किया जाए, ताकि कचरा रोड पर न फैले और शहर को गंदगी और संक्रमण से बचाया जा सके।

**रोड पर बिखर रहा कचरा, बदबू और बीमारी का बढ़ा खतरा**

### डॉ. रनसिंह स्मृति सभा का आयोजन

# गांधीवादी मूल्यों के प्रति समर्पित योद्धा थे डॉ. रनसिंह



डॉ. रन सिंह परमार की स्मृति में आयोजित सभा में बैठे लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रख्यात समाजसेवी और गांधीवादी विचारक डॉ. रन सिंह परमार की स्मृति में गांधी भवन में आयोजित सभा में एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी.व्ही. ने कहा कि रनसिंह गांधीवादी मूल्यों के प्रति समर्पित योद्धा थे। स्मृति सभा को मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, गांधी भवन न्यास के सचिव अंकित मिश्रा, रनसिंह के पुत्र अनूप एवं अतुल और भाई शिवराज सिंह सहित सामाजिक कार्यकर्ता, गांधीवादी विचारक, युवा और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने डॉ. परमार के जीवन, विचारों और उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। स्मृति सभा का आयोजन एकता परिषद, गांधी भवन न्यास, और राष्ट्रीय युवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

गायिका सीमा बजाज ने 'कवन ठगवा नगरिया लूटल हो', 'झीनी-झीनी बीनी चदरिया', 'हो गई है भोर कब से', 'मत कर काया का अभिमान' सहित कबीर के दर्जनों निर्गुन भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद वरिष्ठ गायक सारंग फगरे ने 'उड़ जाएगा हंस अकेला' सहित कबीर के कई लोकप्रिय निर्गुन भजनों की प्रस्तुति दी। एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल पी.व्ही. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, भाकपा के राज्य सचिव शैलेंद्र शैली, पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रसून लतांत, एकता परिषद के राज्य संयोजक दीपक अग्रवाल ने याद किया। स्मृति सभा में पूर्व मुख्य सचिव शरद चंद्र बेहार, वरिष्ठ गांधीवादी अनुराधा शंकर, एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रमेश शर्मा एवं अनीष कुमार, डॉ. योगेश कुमार, अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क की आशा मिश्रा, संस्कृतिकर्मी मनोज कुलकर्णी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. परशुराम तिवारी, प्रतिभा, यतीश मेहता आदि शामिल हुए।




### उपचार एसओपी सहित चिकित्सा प्रशिक्षण में एम्स के विशेषज्ञ करेंगे सहयोग

# स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त एवं वैज्ञानिक आधार पर विकसित करने एनएचएम एवं एम्स के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थः स्टैंड विथ साइंस' के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त एवं वैज्ञानिक आधार पर विकसित करने की दिशा में मिंटो हॉल में अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा कार्यकारी निदेशक, एम्स भोपाल प्रो. डॉ. माधवानंद कर के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस एमओयू के अंतर्गत एम्स भोपाल के विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), सिकल सेल, रेयर डिजीज, कैंसर एवं एनीमिया जैसे प्रमुख स्वास्थ्य क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उपचार हेतु प्रोटोकॉल एवं स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार किए जाएंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।




कार्यक्रम के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बीएमएचआरसी में विशेष कार्यक्रम

# विज्ञान के साथ खड़ा रहना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साथ मिलकर स्वास्थ्य-विज्ञान के साथ' अत्यंत प्रासंगिक है। कोविड-19 महामारी के समय भ्रामक सूचनाओं और अप्रमाणित उपचारों के कारण लोगों को गंभीर नुकसान उठाना पड़ा।

यह बात बीएमएचआरसी में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईसीएमआर राष्ट्रीय पर्यावरण स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरईएच) के निदेशक डॉ. राजनारायण तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में एविडेंस आधारित विज्ञान और चिकित्सा पद्धति ही समाज को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि आईसीएमआर एवं डीएचआर द्वारा विभिन्न बीमारियों के उपचार से संबंधित प्रमाण आधारित साक्ष्यों को एकत्र कर राष्ट्रीय स्तर पर उपचार संबंधी दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं, जिससे चिकित्सकों को वैज्ञानिक निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने की।



कार्यक्रम के दौरान सम्मान करते अतिथि।

# नियमित योग और ध्यान से हमेशा रहेंगे स्वस्थ



योगा का अभ्यास करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एम्स भोपाल में स्वास्थ्य शिविर लगाकर आम लोगों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर सरल तरीकों से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में योग और ध्यान के नियमित अभ्यास के फायदे जैसे तनाव में कमी और बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। सीएफएम विभाग और स्वच्छता विभाग के समन्वय से हाउसकीपिंग और सुरक्षा कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और स्वस्थ जीवन के लिए योग, ध्यान व स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया साथ ही रोजाना कुछ समय योग और ध्यान करने से शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का तरीका बताया।

### निटर के 62वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन उच्च शिक्षा मंत्री ने किया संबोधित

# शिक्षकों को सशक्त बनाना भारत की शैक्षिक प्रगति की कुंजी : परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) में संस्थान का 62 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि इंदर सिंह परमार मंत्री (उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा), मध्यप्रदेश सरकार, ने निटर द्वारा तैयार किए गए 11 इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक्स) का औपचारिक शुभारंभ किया।

परमार ने कहा कि निटर भोपाल ने लगातार प्रयासों और समर्पित कार्य के माध्यम से भारत में एक विशिष्ट स्थान बनाया है। मध्यप्रदेश में कई राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं और उच्च शिक्षा विभाग उन्हें निटर भोपाल के मॉडल के अनुरूप सहयोग करने के लिए तैयार है। विभाग शिक्षक प्रशिक्षण को सशक्त बनाने और राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षक ही एनईपी के वाहक हैं। इस अवसर पर निटर भोपाल का ट्रेनिंग कैलेंडर भी विमोचित किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के लिए सर्वाधिक प्रशिक्षण शामिल है।



स्थापना दिवस कार्यक्रम में संबोधित करते मंत्री इंदर सिंह परमार।

### मुख्य विषयों और प्रयोगशाला कौशल दोनों में सशक्त बनेंगे

अनुपम राजन, आईएएस, एसीएस, उच्च शिक्षा विभाग ने निटर भोपाल के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रयोगशाला सुविधाओं की सराहना की। उच्च शिक्षा विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि निटर के साथ सहयोग करके विभाग शिक्षक प्रशिक्षण को मुख्य विषयों और प्रयोगशाला कौशल दोनों में सशक्त बनाया जाएगा। प्रो. गोबर्धन दास, निदेशक, आइसर भोपाल ने भारत की ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत केवल एक विकासशील राष्ट्र नहीं है, बल्कि पुनर्विकासशील राष्ट्र है। कभी विश्व गुरु रहे भारत की युवा पीढ़ी, वरिष्ठ पीढ़ी के मार्गदर्शन और सहयोग से इसे फिर से वैश्विक मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रो.खेमसिंह डेहरिया, अध्यक्ष, प्राइवेट यूनिवर्सिटीज रेगुलेटरी कमीशन ने निटर भोपाल द्वारा लॉन्च किए गए मूक्स की सराहना की। कहा कि यह पाठ्यक्रम देश भर के अनेक विश्वविद्यालयों को लाभान्वित करेंगे।

### कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए

प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी ने कहा कि संस्थानों के छात्रों को मूक्स में भाग लेकर अपने कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। संस्थान प्रमुख का यह दायित्व है कि वे छात्रों को विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षकों से लाभ प्राप्त करने का अवसर दें। संस्थान आगामी वर्ष से भारतीय ज्ञान परंपरा में बीएस-एमएस प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहा है। आज करीब 85 प्रतिशत नौकरियां कौशल पर आधारित हैं। इसलिए निटर भोपाल अनुभवात्मक शिक्षा और व्यावहारिक कौशल विकास पर केंद्रित है। प्रो. संजय अग्रवाल ने निटर भोपाल के विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं का वर्णन किया।

खाद्य विभाग ने अब तक ऐसे रेहड़ी-ठेले वालों की जांच तक नहीं की

# सड़कों पर बिक रहा सस्ता व घटिया क्वालिटी का मेंगो शेक, टाट्रा जीन कलर, एसेंस, थिकनर और सैकरीन में घोली जा रही 'सेहत'

ग्राहक बोले- गर्मी में हाईड्रेटेड रहने के लिए मजबूरी में सस्ता जूस पीना मजबूरी

आम डेढ़ सौ से दो सौ रु. किलो तो दूध भी 60 रु. से ज्यादा, फिर भी 10 से 20 रु. में मिल रहा ग्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी के सीजन में खुद को हाईड्रेटेड रखने के लिए डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा लिक्विड पीने की सलाह देते हैं, लेकिन राजधानी के न्यू मार्केट, जहांगीराबाद, पीर गेट, नादरा बस स्टैंड जैसे क्षेत्रों की सडकों पर रेहड़ी व ठेले पर लगे ज्यूस कॉर्नर पर ग्राहकों को मैंगो शेक के नाम पर मीठा जहर बेचा जा रहा है। आर्टिफिशियल कलर, मैंगो एसेंस, सेकरीन व सिंथेटिक केमिकल जैसे सेहत के लिए नुकसानदेह पदार्थ मिलाकर 10 से 20 रूपए प्रति गिलास में घटिया क्वालिटी का सस्ता मैंगो शेक बनाकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। हरिभूमि ने ऐसी दुकानों पर जाकर पड़ताल की तो सामने आया कि आम की कीमत 150 से 200 रुपए प्रति किलो है। दूध के दाम भी 60 पार है।

हरिभूमि अलर्ट



### गंदगी के बीच जूस बनाकर बेच रहे रेहड़ी-ठेले वाले

*अन्य जूस दुकानों पर अच्छी क्वालिटी का मैंगो शेक 40 से 50 में मिलता है। 10 से 20 रुपए प्रति गिलास वाला मैंगो शेक बनाने के लिए रेहड़ी व ठेले के दुकानदार मैंगो शेक में घटिया क्वालिटी के आम, आम जैसा स्वाद लाने के लिए थिकनर, टाट्राजीन, एसेंस, सिंथेटिक कलर व मिलावटी दूध मिलाकर शेक तैयार करते हैं। शक्कर के नाम पर हानिकारक सैकरीन का उपयोग होता है। सैकरीन की थोड़ी सी मात्रा मैंगो शेक को गाढा व मीठा बना देती है। सभी हानिकारक सिंथेटिक केमिकल्स डालकर कम लागत में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में मैंगो शेक बनाया जा रहा है। ऐसे रेहड़ी-ठेलों पर साफ सफाई का भी ध्यान नहीं दिया जाता। दुकानदार गंदगी के बीच जूस बेच रहे हैं। लोगों की सेहत से खेल रहे रेहड़ी-ठेले वालों पर खाद्य विभाग भी निगरानी नहीं कर रहा। विभाग के अधिकारियों ने इन ज्यूस कॉर्नर के सैंपलों की जांच कराना तक जरूरी नहीं समझा। उधर, जूस कॉर्नर पर मौजूद ग्राहक सौरभ ने बताया कि कीमत से पता चलता है कि इसे पीना सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन गर्मी में बॉडी हाईड्रेटेड रखने के लिए पीते हैं। एक अन्य ग्राहक अशोक के मुताबिक शेक सस्ता है इसलिए क्वालिटी से कॉम्प्रोमाइज कर लिया लेकिन दुकानदार साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं देते।*

### जल्द अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगे: खाद्य विभाग

पूरे मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी पंकज श्रीवास्तव का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर रेहड़ी-ठेले पर जूस बेचने वालों के सैंपल लेकर लैब भेजेंगे। किसी दुकानदार की सैंपल रिपोर्ट खराब या मिलावटी मिली तो सख्त कार्रवाई करेंगे।




न्यू मार्केट में खड़े जूस के ठेले।

### 100 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस और निगरानी शून्य

पड़ताल में सामने आया कि पूरे शहर में 1500 से अधिक रेहड़ी-ठेले वाले हैं। यह लोग फूड पोर्टल पर 100 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस चुकाकर लाइसेंस ले लेते हैं। ऐसे दुकानदार कम रजिस्ट्रेशन फीस व निगरानी नहीं होने का फायदा उठाकर खराब व मिलावटी पेय पदार्थ बेच रहे हैं।

**केमिकल युक्त शेक स्वास्थ के लिए घातक**

*ऐसे मैंगो शेक पीने से डायरिया, फूड प्वॉइजिंग, आंत में इंफेक्शन, अल्सर, गुर्दे और लीवर पर प्रभाव पड़ सकता है।*

---

अरेरा हिल्स प्लांट तक पहुंचने वाली पाइप लाइन से रॉ वाटर पहुंचता था प्लांट

# लोकभवन के सामने पाइप लाइन फूटी, धंसा रोड, पत्थर-गिट्टी-मलबा बहा, रोड बना तालाब

जल कार्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची, सप्लाई रोकी, मेंटेनेंस का काम शुरू

पानी बहता रहा और आवाजाही जारी रही, विस अध्यक्ष का वाहन भी पानी के बहाव के बीच गुजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में लोकभवन के सामने मंगलवार को दोपहर रॉ वाटर सप्लाई की पाइप लाइन फूट गई। इससे रोड घंस गई और कई जगह से दरक गई। डामर उखड़कर बह गया और जिस हिस्से में लाइन फूटी वहां गडढा हो गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि आसपास गिट्टी, मलबा, मिटटी तक बह गई। रोड तालाब बन गई और इसी बीच वाहनों की आवाजाही जारी रही। आश्चर्यजनक बात यह रही कि पानी के बहाव के बीच विधानसभा अध्यक्ष का काफिला भी गुजरा। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। हालांकि कुछ दुपहिया वाहनों के असंतुलित होकर गिरने व संतुलन बिगड़ने की घटनाएं जरूर हुईं।

दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक पाइप लाइन फूटने से रोड उखड़ गया और पानी का तेज बहाव रोड पर होना शुरू हो गया। इस दौरान न तो यातायात डायवर्ट किया गया और न ही कोई यातायात को व्यवस्थित करने वाला यहां रहा। जबकि उक्त रोड से दिन में कई बार वीआईपी मूवमेंट रहता है। विधानसभा अध्यक्ष भी उसी दौरान यहां से गुजरे। रोड पर लबालब पानी के बीच लोगों की आवाजाही भी चलती रही। जानकारी मिलने पर नगर निगम के जल कार्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण।

### गनीमत रही... कि कोई वाहन नहीं गुजर रहा था



लोक भवन के सामने पानी की पाइपलाइन फूटने से बना गड्ढा और उससे बहता पानी।

जिस समय पाइप लाइन फूटी उस समय कोई वाहन वहां से नहीं गुजर रहा था वरना बडा हादसा हो सकता था। इस दौरान बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। कुछ देर के बाद मौके पर पुलिस और जल कार्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पहुंचे।

### कांग्रेस ने धंसी सड़क पर बैठकर किया विरोध प्रदर्शन

लोक भवन के सामने जहां सडक धंसी, वहीं बैठकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के अमित खत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सरकार के ख़िलाफ़ धंसी सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाज़ी की। इस अवसर पर मो आमिर, मुजाहिद सिद्दीकी, रितेश सोनी, प्रियंक सकवार, अभय रामभक्त, अमन खान, संजय भाई , भूपेंद्र मिश्रा आदि मौजूद थे।

### रॉ वॉटर की सप्लाई रुकवाई गई

जल कार्य विभाग को सूचना मिली तो रॉ वाटर की सप्लाई रोकी गई। इसके बाद अधिकारी, जोन का अमला पहुंचा।

जहां लाइन फूटी वहां मेंटेनेंस का काम शुरू करवाया गया है। उक्त लाइन 50 साल से ज्यादा पुरानी हो चुकी थी, जिसे बदलने की भी योजना थी। यह लाइन अरेरा हिल्स फिल्टर प्लांट से जुडी है जहां तक इस लाइन से रॉ वाटर पहुंचाया जाता है। यह लाइन 24 घंटे चालू रहती है।

### मेंटेनेंस कार्य हुआ शुरू

नगर निगम में जल कार्य विभाग में जोन-7 के सहायक यंत्री गौरव परमार ने बताया कि पाइप लाइन के मेंटेनेंस का काम शुरू हो गया है। इस लाइन से रॉ वाटर प्लांट तक सप्लाई होता था। जल्द ही मेंटेनेंस का काम पूरा कर लिया जाएगा।



बहते पानी में से गुजरती एक युवती।

**500 एमएम की पाइप लाइन में पहले भी हो चुके हैं लीकेज**

500 एमएम की पाइप लाइन में पहले भी लीकेज हो चुके हैं। इस लाइन से बड़े तालाब से 30 एमजीडी पानी रोज अरेरा हिल्स प्लांट पहुंचता है। लोक भवन के पास टर्निंग पर भी लाइन में कई बार लीकेज के बड़े मामले सामने आ चुके हैं।

---

बुकिंग के बाद भी 40 दिन इंतजार, एजेंसियों की मनमानी जारी

# जांच के आदेश के बावजूद नहीं सुधरी गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




गैस एजेंसियों के खिलाफ विशेष जांच अभियान के निर्देश दिए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। एसडीएम और तहसीलदारों को एजेंसियों की सख्त जांच के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें मूल्य सूची, स्टॉक, सिलेंडर की गुणवत्ता और वजन की जांच शामिल है, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही है।

शहर में सिंगल सिलेंडर कनेक्शन धारकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब बनी हुई है। बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को 30 से 40 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई जगहों पर एजेंसियों द्वारा समय पर डिलीवरी नहीं की जा रही, जबकि उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूले जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। प्रशासन ने भौतिक स्टॉक और ऑनलाइन रिकॉर्ड के मिलान के साथ ही कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद एजेंसियों की मनमानी पर लगाम नहीं लग पा रही है। घरेलू सिलेंडरों के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग की आशंका भी बनी हुई है।हालांकि प्रशासन ने साफ किया है कि गड़बड़ी पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी, लेकिन फिलहाल उपभोक्ताओं को इसका कोई असर जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। व्यवस्था में सुधार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं और आम जनता अब भी परेशानी झेलने को मजबूर है।

---

पुराने केसों में भी अपलोड नहीं हो रहे आदेश

## सात दिन से बंद पड़ा पोर्टल, नामांतरण अटके, कृषि भूमि की रजिस्ट्री आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लोकसेवा केंद्रों में दर्ज होने वाले नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के आवेदन ही दर्ज नहीं हो रहे हैं। जिन मामलो में आदेश हो गए हैं, उनको भी अपलोड नहीं किया जा सकता है। इधर भू-अभिलेख वेबजीआईएस का पोर्टल बंद होने की वजह से कृषि भूमियों की रजिस्ट्री भी अटकी हुई हैं। मंगलवार को नई व्यवस्था के तहत पंजीयन विभाग ने कुछ कृषि भूमिमों की रजिस्ट्री करने का प्रयास किया, लेकिन सब रजिस्ट्रार नहीं कर सके। अब बुधवार से वेबजीआईएस का पोर्टल शुरू होते ही रजिस्ट्रियां शुरु कर दी जाएंगी।

■ दर्ज नहीं हो रहे नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरण

राजधानी सहित प्रदेशभर में वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल मेंटेनेंस की वजह से बंद चल रहा है। पंजीयन मुख्यालय ने इंट्रीग्रेटेड पोर्टल से बिना वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल खसरे की जानकारी से रजिस्ट्री करने की कोशिश की, लेकिन कई सब रजिस्ट्रार इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाए। अधीक्षक भू अभिलेख का कहना है कि पोर्टल के अपडेशन का काम चल रहा है। बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगा।

### रोजाना नामांतरण, सीमांकन के 150 आवेदन

राजधानी के कलेक्टोरेट, टीटी नगर और बैरसिया स्थित लोकसेवा केंद्रों में नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के करीब डेढ़ सौ आवेदन जमा होते हैं। एक अप्रैल से आरसीएमएस का पोर्टल बंद होने की वजह से आवेदन अपलोड नहीं हो रहे हैं। जिसकी वजह से आवेदकों को केंद्रों के चक्कर लगाना पड़ रहे हैं।

### जल सुनवाई में आए 4 और निगम अमले ने लिए 134 सैंपल




**भोपाल।** नगर निगम के सभी 85 वार्डों में मंगलवार को हुई जल सुनवाई में 4 पानी के सैंपल लेकर लोग पहुंचे। इसके अलावा जल कार्य विभाग की टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 134 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। जल सुनवाई में गंदे पानी आदि के संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। निगम के जलकार्य विभाग के अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जल नमूने एकत्र किए और लीकेज सुधारे। सीएम और महापौर हेल्पलाइन से मिली 8 शिकायतों का निराकरण भी किया। निगम अमला अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 15813 पानी के सैंपल ले चुका है। जिसमें झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 7208 नमूने भी शामिल हैं। इसी तरह निगम अमले ने अभी तक 3713 लीकेज सुधारे हैं।

---

वेयरहाउस में साढ़े छह हजार क्विंटल गेहूं की एडवांस खरीदी का मामला

# खरीदी के पहले खरीदा गेहूं, विधायक पर एफआईआर कराने पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया विधायक विष्णु खत्री के भागवती वेयरहाउस में साढ़े छह हजार क्विंटल गेहूं की एडवांस गेहूं खरीदी को लेकर वेयरहाउस और किसान समिति को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। इसके साथ यहां पर गेहूं रखने वाले 35 किसानों को भी ब्लैक लिस्टेड किया गया है, लेकिन वेयर हाउस के मालिक विधायक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसको लेकर मंगलवार को किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामभाई मेहर कांग्रेस नेताओं के साथ बैरसिया थाने पहुंचकर विधायक पर एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। शिकायत में बताया कि तरावली कलां स्थित भागवती वेयरहाउस विधायक विष्णु खत्री का है। जहां सरकारी खरीदी शुरु होने से पहले ही 6522.50 क्विंटल गेहूं अवैध रूप से स्टॉक किया गया था। जांच में वेयर हाउस प्रबंधक और सहकारी समिति प्रबंधक की मिलीभगत सामने आई है। रामभाई का कहना है कि सरकार के दवाब में विधायक को बचाया जा रहा है।



### फूड कंट्रोलर बोले- दो फूड इंस्पेक्टर को देंगे नोटिस

खाद्य विभाग ने इस बार गेहूं खरीदी का काम कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल और मयंक द्विवेदी को सौंपा है। भागवती वेयर हाउस में समय से पहले गेहूं खरीदी को लेकर दोनों की लापरवाही उजागर हुई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि दोनों अफसरों को नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा। जिले में 9 अप्रैल से सरकारी गेहूं खरीदी शुरु होगी। विभाग ने सभी वेयरहाउस को आदेश जारी कर दिए हैं, जिसमें कहा गया है कि जिन किसानों का गेहूं वेयरहाउस में पहले से रखा है, वह खरीदी के दौरान गेहूं को वेयरहाउस से नहीं निकाल सकेंगे।

### आधे से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों ने नोटिस के नहीं दिए जवाब

**भोपाल।** जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के काम से संबंधित तीन दिन पहले बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले 32 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। उन्हें 6 अप्रैल तक स्वयं उपस्थित होकर जवाब देने को कहा गया था, लेकिन उक्त तारीख निकलने के बाद भी आधे से ज्यादा कर्मचारियों ने जवाब नहीं दिए। ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई निगम कर सकता है। निगम प्रशासन द्वारा जनगणना-2027 के संबंध में आहूत की गई महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 13 सहायक यंत्रियों, 16 उपयंत्रियों एवं 2 सुपरवाइजर व 1 समयपाल को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। निगम के उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि कुछ अधिकारी-कर्मचारियों के जवाब मिले हैं। उनके कामों में सुधार होगा तो कोई कार्रवाई नहीं होगी। जनगणना को लेकर बडी तैयारी की जा रही है। इसलिए अनुशासन जरूरी है। अगले सप्ताह 4 हजार सुपरवाइजर्स को ट्रेनिंग दी जाना है।

---

खून से लथपथ मिलने के बाद चित्रांश ह्यूमन वेलफेयर ने पहुंचाया था अस्पताल

# चलती कार से फेंकी गई महिला हॉस्पिटल में 22 घंटे बेहोश रहने के बाद अब लापता, सीने में चुभे मिले थे स्टेप्लर पिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लहारपुर ब्रिज के पास अज्ञात कार सवारों ने 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को चलती कार से बाहर फेंक दिया। सीने में स्टेप्लर की पिन चुभी हुई थीं। खून से लथपथ मिली थी। अस्पताल में भर्ती और 22 घंटे बेहोश रहने के बाद अब महिला हॉस्पिटल से लापता हो गई है। मामला बाग सेवनिया थाना क्षेत्र का है। दरअसल, रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे एक तेज रफ्तार कार लहारपुर ब्रिज के पास नाले के किनारे पहुंची। कार की रफ्तार धीमी करते ही आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को बाहर फेंक दिया। कार को तेजी से लेकर फरार हो गए। इस पूरी घटना को एक स्थानीय महिला ने देखा। उसने तुरंत आसपास के लोगों को जानकारी दी। इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने एक स्वयंसेवी संस्था 'चित्रांश ह्यूमन वेलफेयर' को सूचना दी, ताकि घायल महिला की मदद की जा सके।



### रास्तों पर लगे कैमरे खंगाल रहे पुलिस

पुलिस का कहना है कि महिला के बयान सामने आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों का पता लगाया जा सके। फिलहाल कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इधर, बाग सेवनिया थाने के प्रभारी अमित सोनी के मुताबिक महिला के लापता होने की सूचना मिली है। सूचना की तस्दीक कराई जा रही है। महिला को तलाशने के प्रयास किया जा रहे हैं। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### बेहोशी में सिर्फ 'सलकनपुर' ही बोल पा रही थी महिला

महिला बेहोशी की हालत में है और अपना नाम नहीं बता पा रही थी। वह केवल "सलकनपुर" शब्द ही बोल पा रही थी। हालांकि, वह कहां की रहने वाली है और उसकी पहचान क्या है। यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।


WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

महिला के हाथ में नींबू रखवाया, काला पड़ने पर उतारा करने का दिया झांसा

# काले जादू का डर दिखाकर बाबा ने महिला के उतरवाए कपड़े, विरोध करने पर मुंह दबाकर की अश्लील हरकत

**जनसुनवाई में 195 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




जहांगीराबाद के बाबू कॉलोनी में एक ढोंगी बाबा ने महिला के साथ अश्लील हरकत की है। महिला बीमारी ठीक कराने के लिए बाबा के दरबार में पहुंची थी। उसे नींबू देकर थोड़ी देर बैठने को कहा, थोड़ी देर बाद नींबू काला पड़ने पर उसके ऊपर काला जादू होने की बात कहकर उतारा करने को कहा गया। महिला ने उतारे के बारे में पूछा तो बाबा ने महिला का दुपट्टा हटाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। महिला के विरोध करने पर बाबा ने उसका मुंह दबाकर उसे बदनाम करने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने मामले की जांच जहांगीराबाद पुलिस को सौंपी है। मंगलवार को जनसुनवाई में 195 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। महिला ने बताया कि जहांगीराबाद स्थित बाबू कॉलोनी में एक बाबा और उनका पुत्र गोलू गुरुवार और रविवार को माता रानी का दरबार लगाते हैं। यहां पर टोकन के तीस से पचास रुपए लेते हैं। यह बाबा आने वाली महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करता है। पिछले दिनों में जब मैं बाबा के यहां गई तो उसने मुझे अकेले कमरे में बुलाकर काला जादू कर डर दिखाकर उतारा करने की बात कही। इस दौरान उसने मेरे कपड़े उतारने की कोशिश की, जब मैंने विरोध किया तो उसने मेरो मुंह दबाकर अश्लील हरकत कर दी।

### भाई ने हड़पी जमीन की मुआवजा राशि, भांजे ने की शिकायत

*नारायण पिता मोजीराम निवासी बोहरली हरसूद जिला खंडवा ने शिकायत में बताया कि वह वर्तमान में शिवनगर करोंद में रहता है। मेरी माता लीला बाई मेरे पिता के देहांत के बाद से मायके में रहती थीं। मेरी माता के नाम जमीन थी, जो इंदिरा सागर बांध के डूब क्षेत्र में आ गई थी। जिसका मुआवजा एक लाख 20 हजार रुपए मेरे मामा सोमा कोगे ने मेरी माता को मृत बताकर हड़प लिया है।*

### फर्जी फेसबुक, इंस्टाग्राम आईडी से किया बदनाम

*एक युवती ने शिकायत में बताया कि मैं वर्तमान में हाउसिंग बोर्ड में रहती हूं। रवि चौहान नाम की आईडी से मुझे बदनाम किया जा रहा है। जिसकी वजह से मुझे बैरसिया छोड़ना पड़ा था। थाने में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले की जांच एसीपी निशातपुरा को सौंपी गई है।*

गर्भवती होने पर दर्ज कराई एफआईआर

# आसिफ ने आशीष पांडे बनकर किया दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन क्षेत्र में एक छात्रा के साथ पहचान छिपाकर यौन शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता प्राइवेट यूनिवर्सिटी की छात्रा बताई जा रही है। उसने आरोप लगाया कि आसिफ रजा नामक युवक ने खुद को आशीष पांडे बताकर उससे दोस्ती की और बाद में प्रेम संबंध बनाकर करीब डेढ़ साल तक शारीरिक संबंध बनाए।

पीड़िता के अनुसार, इस दौरान युवक के दो अन्य दोस्त ने भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। जब वह गर्भवती हुई तो आरोपियों ने उस पर गर्भपात का दबाव बनाया। मना करने पर युवक ने अपनी असली पहचान उजागर की और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने लगा। पीड़िता का कहना है कि उसे लगातार धमकाया गया। मामले की शिकायत पीड़िता ने लगभग एक माह पहले महिला थाने में दर्ज कराई थी। सोमवार को पीड़िता सामने आई, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा है कि शिकायत के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है। मुख्य आरोपी आसिफ रजा बिहार का निवासी बताया जा रहा है। वह फिलहाल फरार है।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नमीता अग्रवाल का सम्मान

**औबेदुल्लागंज।** नगर में प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नमीता अग्रवाल का मंगलवार को एक समारोह सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर सहित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नमीता अग्रवाल के सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की। इस अवसर पर माया राय, महामंत्री माधव यादव, राधा मालवीय, प्रियंका गुप्ता, राधा कुशवाहा बीलखेड़ी भी मौजूद थीं।

### पाकिस्तानी ने हड़पी 25 किसानों की जमीन

**भोपाल।** कोलार निवासी सुरेश प्रजापति ने आरोप लगाया है कि हंसराज नानकदास कनरूमल पाकिस्तान से पलायन कर भोपाल आए हैं। जिनके द्वारा ग्राम पंचायत कालापानी महवाड़िया के 25 गरीब किसानों की जमीन को अधिकारियों के साथ मिलकर हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। यह जमीन किसानों को 1959 की शासकीय पट्टों पर दी गई थी। ऐसे में जमीन का सीमांकन व नामांतरण रोका जाए और हंसराज के पाकिस्तान से भारत आने तक के सभी कागजों की जांच करवाई जाए। एडीएम अंकुर मेश्राम ने मामले की जांच कोलार तहसीलदार को सौंप दी है। एचटी क्वार्टर पुलिस लाइन शहजहांनाबाद निवासी संतोष साहू सहित अन्य रहवासियों ने शिकायत की है कि भूमाफिया देवेंद्र अग्निहोत्री ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर तीन साल से शराब दुकान का संचालित कर किराया वसूल रहा है। अवैध किराए का समायोजन शासन के पक्ष में करते हुए दुकान को बंद कर कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के कारण इसकी जान होनी चाहिए, साथ ही दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### पूर्व हिंउस के अध्यक्ष की पत्नी लक्ष्मी देवी का निधन

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष स्व. सेठ अमर सिंह राजपूत की पत्नी लक्ष्मी देवी राजपूत का निधन निधन हो गया। पूर्व नपा अध्यक्ष कांग्रेस नेता तूफान सिंह राजपूत की भाभी है। मंगलवार को उनके बेटे जितेंद्र सिंह राजपूत एवं लाखन सिंह राजपूत ने औबेदुल्लागंज मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया। उनके निधन पर संजय सिंह चौहान, अमित राय, सुजीत यादव, रमेश वासवानी, जगदीश चंदानी, रतन मेघानी, जेपी शर्मा, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, पुरुषोत्तम शर्मा, संतोष गुप्ता, बागिश अग्रवाल, गुलाबी नेमा, भारत निहाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

टाउनशिप में सुरक्षा के लिए हर दो घंटे में करते हैं पेट्रोलिंग, सुरक्षाकर्मी रखते हैं नजर

प्रशासन खाली क्वार्टरों में अनाधिकृत रूप से रह रहे लोगों को भी कर रहा बेदखल

# एक साल में भेल प्रशासन ने किए 1426 जर्जर क्वार्टर ध्वस्त, हजारों खंडहर अभी भी खड़े

**खाली क्वार्टरों की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल और कर रहे तार फेंसिंग**

शिवनारायण सोनी ▶▶ भोपाल



भेल टाउनशिप के पिपलानी क्षेत्र में खंडहर पड़े क्वार्टर।



पिपलानी क्षेत्र में भेल के खंडहर हुए क्वार्टर।

भेल प्रशासन ने पिछले एक साल में टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में खाली और जर्जर हुए कुल 1426 क्वार्टरों को जमींदोज किया है, जिससे कोई हादसा न हो। इसके साथ ही खाली क्वार्टरों की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीबॉल और तार फेंसिंग का कार्य भी किया जा रहा है। कुछ इलाकों में खाली क्वार्टरों में आपराधिक घटनाएं भी सामने आईं हैं, इसकी पुनरावृत्ति रोकने भेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर जगह-जगह अपने सुरक्षा गार्ड तैनात किए हैं। भेल के जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि हम भेल की संपत्ति की सुरक्षा करते हैं, लेकिन अपराध रोकना और अपराधियों को पकड़ने का काम तो स्थानीय पुलिस का है। पिछले सप्ताह गोविंदपुरा क्षेत्र के खंडहर हुए क्वार्टर में आपराधिक घटनाएं हुईं हैं।

अलग खबर

## जिम्मेदार अधिकारी बोले- हमारी टीम लगातार सर्चिंग करती है



बरखेड़ा विजय मार्केट के पास भेल के खंडहर क्वार्टर

भेल टाउनशिप में आज भी बड़ी संख्या में खाली और खंडहर क्वार्टर हैं, जिनमें आपराधिक घटनाएं हो रहीं है। जब भेल के जिम्मेदार अधिकारी से इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हमारी सुरक्षा टीमें दिन और रात में हर दो-दो घंटों के अंतराल में पेट्रोलिंग करती हैं। जिन खाली क्वार्टरों में अनाधिकृत रूप से लोग रह रहे हैं, उन्हें वहां से हटा देते हैं। इसके साथ ही पुराने खाली पड़े क्वार्टरों को ध्वस्त करने की भी कार्रवाई करते हैं, जिससे कोई बड़ा हादसा न हो सके। हमने गोविंदपुरा, बरखेड़ा और पिपलानी के क्वार्टर जो पुराने और जर्जर हो गए थे, उन्हें जमींदोज किया गया है। पिछले एक साल में भेल प्रशासन ने टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्र में खाली पड़े जर्जर 1426 क्वार्टरों को गिराने की कार्रवाई की है, जिससे कोई हादसा न हो और न ही कोई गलत गतिविधियां संचालित न हो सके।

### हमारे पास सुरक्षा कर्मचारियों की कमी है

*भेल टाउनशिप का एरिया काफी बड़ा है, उसके हिसाब से सुरक्षा कर्मचारी कम हैं, फिर भी हमारी कोशिश यह रहती है कि पूरे क्षेत्र को सुरक्षित रखें। जिन क्वार्टरों में हमारे कर्मचारी नहीं रहते हैं, उनकी देख-रेख बराबर करते हैं। साथ ही हमने उन क्वार्टरों में बाउंड्रीबॉल बनाई और तार फेंसिंग करवाई है, जिससे कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उस पर कब्जा न कर सके। इसके साथ ही वहां पर कोई आपराधिक घटना न घटित हो सके, इसका भी पूरा ध्यान रखा जाता है। वैसे भी अपराधों को रोकने का काम तो पुलिस का ही है। हम अपने भेल की संपत्ति की सुरक्षा खुद ही करते हैं।*

### क्वार्टर में भेल के 50 प्रतिशत कर्मचारी निवासरत

*भेल टाउनशिप में करीब 4500 रेगुलर कर्मचारी हैं। इनमें से करीब 50 प्रतिशत भेल कर्मचारी ही निवास करते हैं। उसके अलावा कांट्रेक्ट वर्कर और सोसाइटी के कर्मचारी भी यहां निवास करते हैं। कई कर्मचारी अपने स्वयं के मकान में चले गए हैं, जिससे वे क्वार्टर अब खाली हो गए हैं।*

### प्राइवेट व्यक्ति को किराए पर दें तो हो सुरक्षा, लेकिन ऐसी कोई योजना नहीं

*खंडहर होते इन भेल क्वार्टरों को यदि प्राइवेट लोगों को किराए पर दिया जाए तो वे खुद अपने क्षेत्र की सुरक्षा करने के साथ ही क्षेत्र को सुनसान होने से बचा सकते हैं, लेकिन भेल के पास ऐसी कोई योजना नहीं है। इस बारे में जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि अभी हम सिर्फ अपने कर्मचारी, कॉट्रेक्टर और उसके कर्मचारी, सोसाइटी वर्कर को भी रहने के लिए क्वार्टर उपलब्ध कराते हैं। बाहरी व्यक्ति को किराए पर देने से कई समस्याएं खड़ी हो जाती हैं, जिसे हम सुलझा नहीं सकते, क्योंकि उन बाहरी व्यक्ति पर हमारा पूर्ण कंट्रोल नहीं रहता, जबकि भेल के कर्मचारी के साथ ऐसा कुछ नहीं है। उनसे किसी प्रकार की गड़बड़ी पर हम एक्शन भी ले सकते हैं। इसके साथ ही बाहरी व्यक्तियों को क्वार्टर देने से बहुत सारी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है।*

### खाली जगहों पर लगा रहे पौधे

*भेल के खाली पड़े और जर्जर क्वार्टरों को गिराया जा रहा है। इसके साथ ही उन खाली जगहों पर पौधरोपण किया जाता है, जिससे कोई बाहरी व्यक्ति उस जगह पर कब्जा न कर सके। इसके साथ जिस क्षेत्र में कम लोग हैं उन्हें वहां से दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। इसके साथ ही अपराध को रोकने के लिए जितने भी जर्जर क्वार्टर हैं उन्हें आगे भी योजना बनाकर ध्वस्त किया जाएगा।*

## लाठी-डंडे और तलवार चलने से आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

**भोपाल।** बजरिया इलाके में खुलने वाली शराब दुकान को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने दोनों तरफ से काउंटर केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

■ शराब दुकान को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

जानकारी के अनुसार सोनू यादव (42) विजय नगर बजरिया में रहते हैं। उनकी एक दुकान है, जिसे उन्होंने कलारी खोलने के लिए किराए पर दी है। विगत दिवस दुकान के अंदर काम चल रहा था। पड़ोस में रहने वाले भिक्कू उर्फ विक्कू को जब इसका पता चला को उन्होंने विरोध किया। उनका कहना था कि मोहल्ले में शराब की दुकान खुलने पर उनके परिवार का बाहर निकला मुश्किल हो जाएगा। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और तलवारें चली, जिससे दोनों पक्षों के आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल है। पुलिस ने इस मामले में सोनू यादव की रिपोर्ट पर विक्कू, कैलाश, राहुल, विकास और मदन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के विशाल मालवीय की रिपोर्ट पर सोनू यादव, सुनील, विजय, राजाराम और अन्य के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

हबीबगंज क्षेत्र में फिल्म अभिनेता के साथ वारदात

# रानी कमलापति स्टेशन के सामने झपटा मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भोपाल में चेन स्नेचिंग और मोबाइल लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हबीबगंज थाना क्षेत्र में एक घंटे में ही मोबाइल स्नैचिंग की दो घटनाएं सामने आई हैं। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर फिल्म एक्टर राहुल चेलानी के साथ स्नैचिंग की घटना हुई।

दो मोटरसाइकिल सवार बदमाश उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इसके बाद एक्टर ने हबीबगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। 10 नंबर मार्केट में भी ब्लैक एक्टिवा पर सवार बदमाशों ने फोन पर बात कर रहे युवक से मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन हाल के दिनों में इनकी संख्या तेजी से बढ़ी है। बाइक सवार बदमाश भीड़भाड़ वाले इलाकों और सुनसान सड़कों पर लोगों को निशाना बना रहे हैं। जरूरत है कि ऐसे क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए।

पुलिस ने बच्चे को किलकारी शिशु गृह भोपाल पहुंचाया

# सड़क किनारे झाड़ियों में लावारिस पड़ा मिला तीन माह का बालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर के पटेल चौराहा होशंगाबाद सर्विस रोड किनारे नर्सरी के बाजू में झाड़ियों के बीच एक करीब 3 माह का बच्चा लावारिश मिला है। राहगीरों की नजर पड़ी तो औबेदुल्लागंज थाने में इसकी सूचना दी। राहगीरों ने बताया कि झाड़ियों के बीच एक बच्चा नीले रंग की साड़ी में लिपटा हुआ पड़ा है। सूचना मिलते ही डायल 112 में के अवधेश भदौरिया मौके पर पहुंचे और त्वरित सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे और बच्चे को भर्ती किया गया।

फरियादी मांगीलाल निनोरिया ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्चे को रोड़ किनारे झाड़ियों में मरने के लिए छोड़ दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात माता पिता या व्यक्ति के खिलाप अपराध कायम कर बालक के असली माता-पिता की खोज की जा रही है। वहीं इसकी सूचना बाल कल्याण समिति रायसेन के माध्यम से किलकारी शिशु गृह चूना भट्टी भोपाल भेजा गया। उसके बाद बालक को किलकारी शिशु गृह चूना भट्टी भोपाल भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि बच्चा स्वस्थ है।

पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

# महिला डीएसपी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस रेडियो मुख्यालय में पदस्थ डीएसपी अनिता प्रभा शर्मा द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीन अलग-अलग आवेदनों और पत्राचार के माध्यम से मामले में डीएसपी ने पक्षपात, मानसिक प्रताड़ना और प्रशासनिक नियमों की अनदेखी जैसे आरोप लगाए हैं।

डीएसपी शर्मा के अनुसार, उन्होंने जनवरी 2026 में प्रीफिक्स और सुफिक्स के साथ अवकाश के लिए आवेदन किया था, जो नियमानुसार स्वीकृत होना चाहिए था, लेकिन उनकी छुट्टी बिना किसी स्पष्ट कारण के रोक दी गई। इसके अलावा अर्जित अवकाश (ईएल) की स्वीकृति भी देर से दी गई, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। मामले का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू डायल-112 ड्यूटी से जुड़ा है। डीएसपी ने आरोप लगाया है कि चार शिफ्टों में से केवल एक शिफ्ट में ही उन्हें प्रभारी बनाया गया, जबकि अन्य शिफ्टों में निरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई। डीएसपी द्वारा इन मुद्दों को उठाए जाने के बाद उनके पत्र की भाषा को 'अशिष्ट' और 'अनुशासनहीन' बताते हुए वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उन्हें चेतावनी दी गई। डीएसपी अनिता प्रभा शर्मा ने विशेष पुलिस महानिदेशक को लिखे पत्र में कहा है कि उन्हें प्रशिक्षण के दौरान संविधानिक अधिकारों की रक्षा, कानूनी प्रक्रिया और शासकीय संपत्ति की सुरक्षा का व्यवहारिक ज्ञान दिया गया है, न कि किसी को प्रसन्न करने का। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है और छवि खबरा की जा रही है।

जनपद सदस्य, सरपंच और सचिवों ने लगाए गंभीर आरोप, जांच की मांग

# जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में हो रहा भारी भ्रष्टाचार फर्जी बिल और वाउचर से लाखों रुपए की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज




जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जनपद पंचायत में फर्जी बिल-वाउचर से लाखों रुपए की हेराफेरी से मामला सुर्खियों में है। जानकारी के अनुसार विकास कार्यों के नाम पर बड़े स्तर पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कई कार्य ऐसे हैं जो कागजों में पूरे दिखाए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका कोई अस्तित्व नहीं है। कुछ कार्य अधूरे होने के बावजूद पूर्ण भुगतान कर दिया गया। इस पूरे मामले ने पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मामला उजागर हुआ तो पंचायत सचिवों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उप यंत्री जनपद में खुलेआम कमीशन मांगते हैं। अगर कमीशन नहीं दिया तो वे कहते हैं कि तुम लोगों के खिलाफ रिपोर्ट पहुंचाएंगे। उप यंत्रियों को कमीशन देने पर फिर एमबी पर दस्तखत करते हैं। मामले को लेकर जनपद सदस्यों और स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। जनपद सदस्यों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### सरकार की योजना का जनता को नहीं मिल रहा लाभ, निष्पक्ष जांच कराएं

*जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते इस तरह की अनियमितताओं पर रोक नहीं लगाई गई, तो शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पाएगा। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराए और पारदर्शिता सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जनपद सदस्यों, सरपंचों और सचिवों की उप यंत्रियों से अनबन है।*

### जिम्मेदारों ने कहा

*जनपद एसडीओ उमाशंकर आर्य ने फोन पर बताया कि यह गंभीर मामला है मैं इसको स्वयं खुद देखूंगा। जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने फोन पर बताया कि मुझे भी शिकायत मिल रही है मैं इसकी जांच करुंगा। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने कहा कि हम लोगों को 4 साल हो गए जनपद सदस्यों को कोई भी कार्य की जनपद सूचना नहीं देते हैं। जनपद सदस्यों में इस बात को लेकर रोष है। जनपद क्षेत्र के पंचायतों में खुली कमीशन बाजी एवं भ्रष्टाचार से सभी जनपद सदस्यों में नाराजगी है।*

शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 278 | 76 | 457 |
| रात: | 228 | 22 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 570 | 21 | 335 |
| रात: | 690 | 57 | 223 |

BGI
BANSAL
COLLEGE OF ENGINEERING, MANDIDEEP
Approved by AICTE, New Delhi and Affiliated to Barkatullah University, Bhopal (M.P)
Invitie applications for following post
(under college code-28)
Date: 11th - 13 th April 2026 Time: 10:00 AM-4:00 PM

| COURSE | POST |
|---|---|
| Manegment | Professor<br>Associate Professor<br>Assistant Professor |

Interested candidate with first class degree in MBA/M.COM, shall apply on email id: info@bce.ac.in or at Bansal College of Engineering, NH-12, P.O. Box No-4603, Near Nahar Spinning Mill, Mandideep-462046, along with resume, minimum 2 years experience certificate, testimonials, passport size photograph, ADHAR card & PAN card for scrutinizing the application.
Mobile No: 8319948981
Qualification and Salary as per AICTE norms.

# सशक्त और परिपक्व हो रहा है भारतीय लोकतंत्र: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा लोकतंत्र निरंतर परिपक्व हो रहा है। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा अभिव्यक्ति के प्रमुख मंच हैं। विपक्ष की सकारात्मक आलोचना का भी इन सदनों के सत्रों में स्वागत किया जाता है। कई बार सदस्यों की अभिव्यक्ति और दिए गए सुझावों से सही दिशा में कार्य करना संभव हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार, मध्यप्रदेश विधानसभा की विभिन्न समितियों के सुझावों पर कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मप्र विधानसभा की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए नवगठित सभा समितियों की संयुक्त बैठक को विधानसभा में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा समितियों की संयुक्त बैठक आहूत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी नवगठित समितयों के सभापतियों और सदस्यों को मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के साथ ही अन्य राज्यों में भी इन समितियों के भ्रमण होते हैं। विधानसभा का पिछले दिसंबर माह में विशेष सत्र हुआ था, जो एक श्रेष्ठ परम्परा के रूप में हमारे सामने उदाहरण है। विभिन्न समितियां अपनी सक्रिय भूमिका से योजनाओं के आंकलन और विश्लेषण का दायित्व निभाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि मप्र विधानसभा के वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल स्वर्णिम होगा।

**खास बातें**

- विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा- विधानसभा का ही लघु स्वरूप है विधानसभा समितियां
- विधानसभा में हुई नव गठित सभा समितियों की पहली बैठक



बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### मंत्री विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भी किया संबोधित

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा सदस्यों पर यह दारोमदार है कि वे गठित समितियों का महत्व स्थापित करें। आचरण समिति की रिपोर्ट का भी अध्ययन करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि विधानसभा की समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समितियों के माध्यम से जनहित के अनेक कार्य पूर्ण होते हैं। प्रारंभ में विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने संयुक्त बैठक में उपस्थित अतिथियों और सदस्यगण का स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और सभा समितियों के सभापति और सदस्यगण उपस्थित थे। संयुक्त बैठक के समापन पर प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई ने आभार व्यक्त किया।

### बहनों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बनाने की पहल: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतंत्र में बहनों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बनाने की पहल की है। पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। आने वाले समय में संसद में एक तिहाई स्थानों पर महिलाओं की भूमिका होगी। इसके लिए अप्रैल माह में ही संसद का विशेष सत्र हो रहा है। महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की दिशा में जो पहल हुई है वह हमारे लोकतंत्र के परिपक्व और सशक्त होने का ही प्रमाण है।

### *हमें पूर्वजों के बलिदान के कारण स्वतंत्रता मिली*

*विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि हमें पूर्वजों के बलिदान के कारण स्वतंत्रता मिली है। लोकतांत्रिक व्यवस्था हमारे लिए गर्व का विषय है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है। विधानसभा की भूमिका मां की तरह होती है। सभी सदस्य ऐसा ही भाव रखकर कार्य कर रहे हैं। विधानसभा की समितियां विधानसभा का ही लघु स्वरूप हैं।*

---

**खबर संक्षेप**

### हेमंत आज मुरैना एवं भिंड जिलों के प्रवास पर

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 8 अप्रैल को मुरैना एवं भिण्ड जिलों के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे मुरैना जिले में जिला बैठक एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर सुबह 11.30 बजे छोटी टोली बैठक को संबोधित करेंगे। दोपहर 2 बजे भिण्ड जिले में जिला बैठक एवं जनप्रतिनिधियों बैठक के पश्चात सायं 6 बजे छोटी टोली बैठक को संबोधित करेंगे।

### सिस्टर ट्यूटर नियुक्ति रिजल्ट घोषणा पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में सीधी भर्ती प्रक्रिया से सिस्टर ट्यूटर के पद पर होने वाली नियुक्तियों का परिणाम घोषित करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित की है। जबलपुर निवासी रानू हरिनखेडे सहित 30 नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने चिकित्सा शिक्षा (गैर-राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2023 में संशोधन किया है। इसके तहत सिस्टर ट्यूटर पद पर पदोन्नति से भर्ती नियमों को कुल पदों के 10 फीसदी तक सीमित किया है। सीधी भर्ती को कुल पदों के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है।

### मुलताई नपा निर्वाचित अध्यक्ष नीतू को राहत

**जबलपुर।** बैतूल की मुल्ताई नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष नीतू परमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालत मुल्ताई के उस फैसले को अनुचित करार देते हुए निरस्त कर दिया, जिसमें अध्यक्ष के चुनाव को रद्द कर पुनः चुनाव कराने कहा गया था। नीतू परमार की ओर से हाईकोर्ट में अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती दी गई थी। अपीलार्थी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल एवं अधिवक्ता ऐश्वर्य नंदिनी तिवारी ने पक्ष रखा।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय

# जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के लिए 16,720 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने मप्र में शिक्षा क्षेत्र को मजबूती देते हुए आरटीई के तहत फीस प्रतिपूर्ति, पीएमश्री स्कूल योजना के विस्तार और कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के छात्रों को मुफ्त पुस्तकों के लिए वित्तीय स्वीकृति दी गई। साथ ही, उज्जैन हवाई पट्टी को एयरबस विमानों के अनुकूल विकसित करने और दिल्ली में पढ़ रहे अनुसूचित जाति के छात्रों को 10 हजार रुपए मासिक सहायता देने जैसे दूरगामी फैसले भी लिए गए हैं।

यह निर्णय प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने और समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने के सरकार के संकल्प को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। कैबिनेट ने मप्र के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण की दिशा में कई क्रांतिकारी निर्णय लिए गए हैं। प्रदेश की प्रगति को नई गति देने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों और महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए कुल 16,720 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस बैठक में शिक्षा, कृषि, सिंचाई, प्रशासनिक सुधार और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

**खास बातें**

- वन क्षेत्रो में पुनरुत्पादन, पुनर्स्थापना एवं संरक्षण के लिए 5,215 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- कैबिनेट ने मप्र के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण की दिशा में कई क्रांतिकारी निर्णय लिए गए

### *उज्जैन में शासकीय हवाई पट्टी में एयरबस विमानों के संचालन व भूमि अधिग्रहण के लिए 590 करोड़ रुपए की मंजूरी*


कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से संबोधित मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### पीएमश्री स्कूल योजना के लिए 940 करोड़ रुपए की मंजूरी

पीएमश्री स्कूल योजना के वर्ष 2031 तक विस्तार के लिए राज्यांश 940 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। पीएमश्री स्कूल एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। पीएमश्री स्कूल योजना को सितंबर 2022 में अनुमोदित किया गया जिसका उद्देश्य चयनित विद्यालयों को 5 वर्षों की अवधि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 अनुरूप अनुकरणीय विद्यालयों के रूप में विकसित करना है।

### उज्जैन धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण

भारत सरकार की उड़ान योजना में राज्य सरकार की ओर से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराई जाती है। कैबिनेट ने इस कार्य के लिए कुल 437.5 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने और राशि 590 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। उज्जैन, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

### 8 योजनाओं के लिए 2030-2031 तक निरंतरता और 2952 करोड़ रुपए का अनुमोदन

कैबिनेट ने वाणिज्यिक कर विभाग के तहत 8 योजनाओं की 2030-2031 तक निरन्तरता और लगभग 2,952 करोड़ रुपए का अनुमोदन किया गया है। कैबिनेट ने भारत सरकार की ओर से स्वीकृत कार्य आयोजना के प्रावधानों के अनुसार वन क्षेत्रो में पुनरुत्पादन, पुनर्स्थापना एवं संरक्षण कार्यवृत्तों में उपचार कार्य के लिए 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक कुल 5 वर्षों के लिए 5,215 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। आरटीई के तहत अशासकीय विद्यालयों को ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति के लिए 3,039 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई।

---

### शिवपुरी में प्रशिक्षण वर्ग में हुए शामिल

## अनुशासन व समय की पाबंदी ही पार्टी को करती है मजबूती प्रदान : जामवाल


बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत शिवपुरी जिले के दिनारा, करैरा एवं सिरसौद मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया।

इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अनुशासन और समय की पाबंदी ही पार्टी को मजबूती प्रदान करती है।

### कार्यकर्ता पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं

जामवाल ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए। भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा अपने सिद्धांतों के प्रति दृढ़ होता है और किसी भी परिस्थिति में इनसे समझौता नहीं करता। यही कारण है कि पार्टी हर चुनाव में सफलता प्राप्त करती है और निरंतर उन्नति करती है।

### चावड़ा ने गेहूं उपार्जन फैसले पर सीएम का माना आभार

**भोपाल।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने मंगलवार को मप्र मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है। चावड़ा ने कहा कि सरकार ने 9 अप्रैल से किसानों के हित में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का जो फैसला लिया है, वह स्वागत योग्य है।

---

### सीएमएचओ डॉ. शर्मा को नोटिस जारी

## सात दिन में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो रोक दी जाएगी वेतन वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एचपीवी टीकाकरण अभियान में बड़े शहरों के पिछड़ने के मामले में स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। इसके बाद जिम्मेदार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

नोटिस में अभियान के तय लक्ष्य से काफी कम टीकाकरण होने पर गंभीर लापरवाही बताई गई है। विभाग ने इसे न केवल कर्तव्य में कमी माना है, बल्कि शासन की छवि को भी प्रभावित करने वाला बताया है। भोपाल सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को सात दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि तय समय में संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है, तो एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। एचपीवी टीकाकरण अभियान बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

### कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेगी

## कांग्रेस पार्टी कल करेगी 'क्रूर विश्वासघात' आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस 9 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिलों में किसानों की बदहाली और सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगी।



प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर किसानों को बिचौलियों के हवाले करने का गंभीर आरोप लगाया है।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है और प्रदेश का अन्नदाता आज अपने ही हक के लिए सड़कों पर आने को मजबूर है। वर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने 2700 प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही सरकार ने मात्र 40 रूपए का बोनस देकर किसानों के साथ 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाला व्यवहार किया है। यह किसानों के साथ सीधा-सीधा क्रूर विश्वासघात है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में 150 रूपए बोनस दिया जा रहा है, जबकि मध्यप्रदेश का किसान अपने हक के लिए भटक रहा है। वहीं सरकार ने खरीदी की तारीखों को तीन बार आगे बढ़ाया है। अन्नदाता आज अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए दर-दर भटक रहा है। समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मंडियों में अव्यवस्था, खरीदी में देरी और बारदाने की कमी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रायसेन-विदिशा जिले में की बैठकें

## भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाना है: हेमंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को रायसेन एवं विदिशा जिले में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग, जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बैठक एवं छोटी टोली बैठक को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल ही नहीं, एक ऐसी विचारधारा और मिशन है, जो देश के हर नागरिक की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करता है। भाजपा का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, हर समाज वर्ग के उत्थान के लिए काम करना है, ताकि हम एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बना सकें। हमारी विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति के कारण ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और हमारे सिद्धांतों के प्रति अडिग विश्वास का परिणाम है। हम सब मिलकर एक महान राष्ट्र के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं।


खंडेलवाल ने विदिशा प्रवास के दौरान कार्यकर्ता निर्मला बब्लू वर्मा के निवास पर भेंट कर भोजन किया।

### हमारी सफलता का आधार निरंतर प्रशिक्षण और आत्म सुधार: हेमंत

खण्डेलवाल ने कहा कि हमारी सफलता केवल एक क्षणिक उपलब्धि नहीं होती, बल्कि यह निरंतर मेहनत और सीखने की प्रक्रिया का परिणाम होती है। हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम पहले से ही सफलता के शिखर पर हैं, क्योंकि सफलता एक निरंतर चलने वाली यात्रा है, जो सीखने और आगे बढ़ने से ही संभव हो सकती है। बैठक के बाद खण्डेलवाल ने विदिशा प्रवास के दौरान बूथ कार्यकर्ता निर्मला बब्लू वर्मा के निवास पर उनके परिवारजनों से आत्मीय भेंट कर भोजन किया।

---

**कैंपस-कैंपस**

### खाना मुसीबत न बन जाए प्रबंधन खामोश क्यों?

राजधानी के एक तकनीकी विश्वविद्यालय में लंबे अरसे से किसी न किसी मुद्दे पर विवाद का साया पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रहा है। यहां दो साल में ही इतने मुद्दों पर विवाद हो चुका है कि विवि के नाम के साथ विवाद को साथ अब आम है। कुछ दिन पहले यहां खाने की व्यवस्था को लेकर विवाद था, जिसके बाद कैंटीन शुरू हुई। इसके बाद खाने में छिपकली को शिमला मिर्च बताने का विवाद अभी थमा भी नहीं है कि फिर नया विवाद खड़ा हो गया है। अब यह विवाद छात्रों के खाने और व्यवस्थाओं को लेकर सामने आ रहा है। बताया जाता है कि विवि में छिपकली कांड के बाद से प्रबंधन ने बाहर से खाने का टिफिन लाने पर रोक लगा दी है। ऐसे में छात्रों के सामने भूख मिटाने का साधन या तो कैंटीन या फिर टिफिन। अब ऐसे में कैंटीन की व्यवस्था फिलहाल होल्ड जैसी स्थिति में है, तो छात्र खाने की व्यवस्था कहां से करें। ऐसा छात्रों का ही मानना है कि परीक्षा के समय जहां छात्रों को अधिक पोषण की जरूरत होती है, वहीं विवि प्रबंधन उनके खाने तक के लिए लापरवाह बना हुआ है। सवाल यह है कि आखिर प्रबंधन की ऐसी खामोशी क्यों है? फिलहाल, आशंका अब यह है कि यही खाना कहीं विवि के लिए मुसीबत न बन जाए। क्योंकि, डाक्टरों ने भी माना है कि हद से ज्यादा खाना और जरूरत से भी कम खाना सेहत के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

### विश्वविद्यालय को अब व्यवस्थाएं करने में समय लगेगा

राजधानी के एक विश्वविद्यालय को हाल ही में फंड के रूप में मोटी राशि मिली है। यह राशि विवि के विकास कार्यों पर खर्च होना है, राशि विवि के खाते में ट्रांसफर होने के बाद अब यह संभव है कि विकास कार्यों की जल्द शुरुआत हो जाएगी। विवि प्रशासन का स्पष्ट मानना है कि जिस मद में जो खर्च होना है, वह लगभग तय है। ऐसे में अब केवल विभागों की व्यवस्थाएं बनाने की जरूरत हो सकती है। यहां प्रबंधन को यह भी ध्यान रखना होगा कि इसके लिए जो समय लगेगा, उसका हर दिन खर्च के लिए दी गई समय सीमा में से ही कम हो रहा है। विवि प्रबंधन इसके लिए भी कोई रास्ता खोज ले तो और अच्छा हो सकता है।

### अवकाश मतलब, जिला अधिकारी कार्यालय के चक्कर!

भोपाल जिले का जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय वैसे तो अपने नए-नए कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। कभी बाबू की मनमानी तो कभी डीईओ की कई दिनो तक गैरहाजिरी यहां आम बात है। हालांकि एक और मुख्य विषय अवकाश है, जो शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बड़ी मेहनत का काम है। स्थिति यह है कि सामान्य तौर पर मिलने वाले अवकाश की स्वीकृति के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों को कई चक्कर लगाने होते हैं। इसके बाद भी कभी डीईओ तो कभी बाबू नहीं मिलते हैं। इसके अलावा अवकाश की स्वीकृति में मनमानी के आरोप भी आए दिन लगाए जाते हैं। जांच सभी चाहते हैं, लेकिन शिकायत से कतराते भी हैं।

### जेडी की दौड़ में सफल हुए साहब

स्कूल शिक्षा विभाग में लोक शिक्षण संचालनालय शैक्षणिक व्यवस्थाओं को चलाने में महत्वपूर्ण कड़ी है। अधिकतर जिलों से डीईओ-डीपीसी के पद से हटने के बाद अधिकारी डीपीआई आना ही पसंद करते हैं। हालांकि इन दिनो डीपीआई में पदस्थ एक अधिकारी भोपाल संभाग के लिए संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण के पद पर आने के लिए बहुत जोर लगा रहे हैं। विभागीय गलियारों में चर्चा है कि यह अधिकारी पहले डीईओ कार्यालय में पदस्थ रह चुके हैं और आजकल स्कूली व्यवस्था में संभाग की कमान संभालना चाहते हैं। ऐसे में बीते कई माह से बड़े सरकारी बंगलों के खूब चक्कर लगा रहे हैं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि यह लंबी दौड़ सफल हो गई है और आला अधिकारियों के आश्वासन के बाद आगामी समय में जेडी पद पर इनकी दावेदारी पक्की मानी जा रही है।

\- संजीव सक्सेना

---

### मप्र में राज्यसभा सीट को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने आशंका जताई

# सिंघार बोले- राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग तो बड़ी बात नहीं मंत्री सिंह का पलटवार- हार को जस्टिफाई करने के रास्ते ढूंढ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के तीन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल दो दिन बाद, यानी 9 अप्रैल को पूरा हो रहा है। कांग्रेस के विधायकों के कानूनी दांव-पेंच में उलझने से दिग्विजय सिंह वाली राज्यसभा सीट पर कांग्रेस का जोखिम बढ़ता जा रहा है। इस सीट को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका जताई है।

भोपाल में अपने आवास पर मीडिया से चर्चा में उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा हर जगह सरकारें खरीदती है, सरकारें तोड़ती और बेचती है। कई राज्यों में ऐसा हुआ है। अगर यहां हॉर्स ट्रेडिंग होती है तो कोई बड़ी बात नहीं है। कांग्रेस को पता है कि यह सब होने वाला है, लेकिन इसके लिए पार्टी पूरी मजबूती के साथ तैयार है। उन्होंने कहा कि इस बात का मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस के सभी विधायक हमारे उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग करेंगे।




### सिंह बोले- हार सामने दिख रही

इधर, नेता प्रतिपक्ष के हॉर्स ट्रेडिंग वाले बयान पर मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि जब हार सामने दिख रही हो, तो उसे जस्टिफाई करने के लिए कोई न कोई रास्ते ढूंढने ही पड़ते हैं। तीसरी सीट पर उम्मीदवार उतारने को लेकर मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह निर्णय पार्टी करेगी। पार्टी स्तर पर फैसला होगा और योग्य निर्णय लिया जाएगा। अभी इस पर कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

### मप्र में राज्यसभा चुनाव का गणित समझिए

दरअसल, मप्र में तीन राज्यसभा सीटें 9 अप्रैल को खाली हो रही हैं। सुमेर सिंह सोलंकी और जॉर्ज कुरियन भाजपा के सांसद हैं, वहीं एक सीट पर कांग्रेस से दिग्विजय सिंह सांसद हैं।

### देश ऑटोक्रेसी की तरफ जा रहा

उमंग सिंघार ने कहा कि मैंने कई बार कहा है कि देश ऑटोक्रेसी, यानी चुनावी सत्तावाद की तरफ जा रहा है। किस प्रकार से संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाया जाता है, यह देश और प्रदेश में देखा जा रहा है। राजेंद्र भारती की लड़ाई कांग्रेस पार्टी की लड़ाई है।

### *कांग्रेस के लिए क्यों बढ़ा जोखिम*

*एक राज्यसभा सीट जीतने के लिए 58 विधायकों की जरूरत होती है। विधानसभा के आंकड़ों के मुताबिक कांग्रेस के 65 विधायक हैं। बीना से विधायक निर्मला सप्रे लोकसभा चुनाव के दौरान सीएम के समक्ष भाजपा का दुपट्टा पहन चुकी हैं। विजयपुर से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायकी बच गई है, लेकिन वे राज्यसभा सहित सदन के किसी भी मतदान में भाग नहीं ले पाएंगे। दतिया से विधायक राजेंद्र भारती को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई है।*

## पेज एक का शेष....

### अब एससी छात्रों ...

तहत ग्रेजुएशन में 50 व पीजी में 50 छात्र छात्राओं को मिलाकर कुल 100 छात्रों को यह सुविधा दी जाएगी। कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें कुल 21 मसौदे को मंजूरी दी गई। एमएसएमई मंत्री चैतन्य ने बताया कि एक वर्ष के मान से 1.80 करोड़ रुपए स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने निर्णय लिया कि वित्तीय प्रशासन एवं प्रबंधन से संबंधित सभी स्तरों के कर्मचारियों को केंद्रीकृत एवं मानकीकृत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वित्तीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (एफटीआरआई) की स्थापना, आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासनिक एवं प्रबंधन अकादमी भोपाल के परिसर में की जाएगी।

### मप्र में चने की 5875 ...

के लिए रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए चना एवं मसूर के कुल उपार्जन लागत राशि 7,050 करोड़ की 15 प्रतिशत कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त किए जाने के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष सहित 3 वर्ष के उपार्जन कार्य के लिए 3,174 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

### ईरान के 'विनाश'...

की धमकी पर साउथ अफ्रीका स्थित ईरानी दूतावास ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरान की प्राचीन सभ्यता से ऐसा जवाब मिलेगा, जिसे कभी भूल नहीं पाएंगे।

### समय सीमा खत्म...

को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इन हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए यूएई के शारजाह में हमला किया।

### ईरानभर में करीब...

हैं। बिजली घरों के अलावा, बुशहर जैसे परमाणु केंद्रों और पेट्रोकेमिकल साइटों के पास भी लोग जुटे और श्रृंखला बनाई। इसके अलावा राजधानी तेहरान में लोग सड़कों पर उतरकर अमेरिकी धमकियों के खिलाफ प्रदर्शन करते देखे गए। ईरान के राष्ट्रपति ने दावा किया है कि लगभग 1.4 करोड़ लोगों ने युद्ध लड़ने और देश की रक्षा के लिए स्वेच्छा से अपना नाम दिया है। इसके अलावा आईआरजीसी के जनरलों ने माता-पिता से अपने बच्चों को चेकपॉइंट्स और महत्वपूर्ण ठिकानों पर भेजने का आह्वान किया है, ताकि वे एक रक्षा कवच के रूप में कार्य कर सकें।

### विनाशकारी हमले के ...

में जीवन रक्षक प्रणालियां ठप पड़ सकती हैं। ईरान में पानी की सप्लाई और ट्रीटमेंट प्लांट बिजली पर निर्भर हैं। बिजली न होने से पेयजल का संकट खड़ा हो जाएगा और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला टूट जाएगी।

**भारत पर यह होगा असर ?**

भारत अपनी तेल जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का करीब 20-30% कच्चा तेल इसी रास्ते से गुजरता है। यदि ईरान इसे बंद करता है, तो कच्चे तेल की कीमतें 150-200 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती हैं।

भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से माल ढुलाई महंगी हो जाएगी, जिससे सब्जी, अनाज और हर जरूरी चीज की कीमतें बढ़ सकती हैं। खाड़ी देशों (यूएई, सऊदी अरब, कतर आदि) में करीब 80 लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं और काम करते हैं। वहां रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

### भारती को अंतरिम...

गई है। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भोपाल में पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के निवास पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में चर्चा हुई। अब सीट खाली होने के बाद उनके फिर से चुनाव मैदान में उतरने की चर्चाएं तेज हैं।

**सभी की नजरें 15 अप्रैल पर टिकी:** सभी की नजरें 15 अप्रैल की अगली सुनवाई पर टिकी हैं क्योंकि इसके बाद ही दतिया उपचुनाव की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### भागीरथपुरा के मृतकों....

के श्रद्धांजलि देने के बाद कांग्रेस पार्षदों रूबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम ने अमेरिकी-इजराइली हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर को श्रद्धांजलि दी। रूबीना ने कहा खामेनेई को अमेरिका ने धोखे से शहीद कर दिया। इससे नाराज भाजपा पार्षदों ने जय श्रीराम के नारे लगाए और विरोध किया। इंदौर नगर निगम का ई-बजट पेश होने के दौरान सदन में कांग्रेसी पार्षद और नेता प्रतिपक्ष हाथ में काली पट्टी बांधकर पहुंचे थे। वहीं, कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी विरोध जताते हुए टी-शर्ट पर स्लोगन लिखकर पहुंचे। उन्होंने अपने टी-शर्ट पर 'पीयो नाली का पानी नगर निगम के विकास की कहानी' लिखा है।

### व्यापारी की हत्या,....

दूसरे कमरे में बंद कर दिया गया और घर में रखे आभूषण व नकदी की जानकारी मांगी गई। आरोपियों ने देवकृष्ण को दूसरे कमरे में ले जाकर उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और लगातार मारपीट करते रहे। गंभीर चोटों के कारण उनकी हालत बिगड़ती गई। आरोपी घर में रखे लाखों रुपए के आभूषण और नकदी लूटकर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल देवकृष्ण को सरदारपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### एक बार 'मंदिर ....

मंदिर रहा स्थल हमेशा मंदिर ही माना जाएगा। भोजशाला में मां सरस्वती की मूर्ति भी थी, जो लंदन के संग्रहालय में है। वह मूर्ति भोजशाला के होने का अहम सबूत है। भोजशाला में संस्कृति पढ़ाई जाती थी। वहां के शिलालेखों में संस्कृत श्लोक और वेद की ऋचाएं अंकित हैं। भोजशाला में वर्ष 1939 के बाद अवैध कब्जे होने लगे और वहां नमाज पढ़ी जाने लगी। अब इस मामले में बुधवार को फिर दोपहर ढाई बजे से सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने कहा कि मुस्लिम समाज द्वारा अक्सर कहा जाता है कि धार में भोजशाला मिस्ट्री है, लेकिन हमारा कहना है कि वह राजा भोज की हिस्ट्री है। इस बीच भोजशाला परिसर के बाहर हिंदू समाज ने हनुमान चालीसा का पाठ और पूजा की।

### मनचलों से परेशान ...

डरी-सहमी छात्रा घर के अंदर गई और खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। छात्रा की गर्दन, छाती और दोनों हाथ बुरी तरह झुलस चुके हैं। थाना प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि दो नामजद और दो अन्य (कुल 4) आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिक जांच में चारों आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं।

### एफआईआर के बाद....

पवन ने असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर आरोप लगाया था कि उनके पास मिस्र, एंटीगा-बरबूडा और यूएई के पासपोर्ट हैं। खेड़ा के अनुसार दुबई में उनकी दो कीमती संपत्तियां हैं और अमेरिका के व्योमिंग में उनकी कंपनियां चल रही हैं। हिमंता और उनकी पत्नी ने आरोपों से इनकार किया। गौर हो कि असम की 126 विधानसभा सीटों पर 9 अप्रैल को मतदान होना है। इस मामले में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कांग्रेस नेता के दावों को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत करार दिया है।

# आगामी वित्तीय वर्ष में 10 लाख नए सदस्य बनाने के लक्ष्य पर कार्य करें जिला बैंक के सीईओः आहूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपेक्स बैंक में प्रदेश के 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव सहकारिता एवं प्रशासक अपेक्स बैंक डीपी आहूजा ने केसीसी व ऋण वितरण, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, अमानत संग्रहण आदि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी सीईओ आगामी वित्तीय वर्ष में प्रदेश में 10 लाख नए सदस्यों को पैक्स के माध्यम से जोड़ने के लक्ष्य को लेकर रणनीति बनाकर कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गबन-धोखाधड़ी करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कठोर प्रशासनिक दण्ड देने में कोई ढील ना दी जाए। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने निर्देश दिए कि पैक्स लेवल पर नए सदस्यों की पहचान करना है। इसके लिए अपेक्स बैंक स्तर से एक निर्धारित प्रारूप भेजा है, जिसमें 14 अप्रैल, 26 से 15 मई तक अभियान चलाकर शेयर केपीटल के लिये नये सदस्य से प्रति सदस्य 600 एकत्रित करें, उस राशि की प्राप्ति की रसीद भी सदस्य को तुरन्त प्रदान करें एवं यथासमय आनलाइन इसकी प्रविष्टि भी दर्ज करें।

## मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने 40 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए

**भोपाल।** मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से राज्य की विद्युत उत्पादन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 40 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के करियर अनुभाग में अपलोड कर दिए गए हैं। राज्य की विद्युत कंपनियों में सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित अंतराल पर रिक्त पदों की पूर्ति की जा रही है। वर्ग-3 के अंतर्गत पदों के लिये भर्ती प्रक्रिया की गई थी। परीक्षा (सीबीटी) का आयोजन व प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम चयन सूची जारी की गई थी।

## नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मप्र राज्य सूचना आयोग के नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्तों को मंगलवार को शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव अनुराग जैन मंचासीन थे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन लोकभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी मौजूद रहे। राज्यपाल पटेल ने आलोक नागर और राजेश भट्ट को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव, सूचना आयुक्त ओंकार नाथ, डॉ. वंदना गांधी, डॉ. उमाशंकर पचौरी आदि मौजूद रहे।

### मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड
संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. : 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/370/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026
भोपाल, दिनांक 06.04.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

एस.डी.ई.आर.एफ. होमगार्ड परिसर मुख्यालय भोपाल में पूर्व से निर्मित प्लांटर को डिसमेंटल कर आरसीसी का प्लांटर बनाए जाने के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-01/2026-27 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. - 2026_MPPHC_497642_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 17.04.2026 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/125227/2026 **परियोजना यंत्री**

### कार्यालय सेनानी 7 वी वाहिनी विसबल भोपाल म.प्र.

खटलापुरा मंदिर के पास जहाँगीराबाद, भोपाल म.प्र.
फोन नम्बर:- 0755-2443636

क्रमांक/7वी बटा./विसबल/पुऑमे/164-A/2026 दिनांक - 02/04/2026

// ई-निविदा सूचना //

पुलिस ऑफिसर्स मेस, 7 वीं वाहिनी विसबल भोपाल हेतु 01 नग कमर्शियल वाशिंग मशीन (मय स्थापना) क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य / सामग्री विवरण | धरोहर राशि (ईएमडी) | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस ऑफिसर्स मेस, 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल हेतु 01 नग कमर्शियल वाशिंग मशीन (मय स्थापना) क्रय | 15000.00 | 1000 |

निविदा की विस्तृत शर्तें https://mptenders.gov.in / https://mppolice.gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत संशोधन व परिवर्तन होने पर वह मात्र उपरोक्त ई-निविदा पोर्टल mptenders पर उपलब्ध रहेगा।

सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल,
भोपाल

G-11168/26 " स्वच्छता ही सेवा "

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है यह कि मेरा नाम पैजन सिंह पुत्र श्री कोमल सिंह आयु 67 वर्ष, निवासी ग्राम कोलुआ नौआबाद, तह. लटेरी, जिला विदिशा, म.प्र. का हूँ। मेरा पुत्र का सही नाम प्रदीप यादव (PRADEEP YADAV) है त्रुटि वश मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे दीपक हो गया था तथा मेरे पुत्र की समी मार्कसीट व सभी दस्तावेजों में प्रदीप यादव (PRADEEP YADAV) नाम है। सो सूचित हो। मेरे पुत्र के किसी भी दस्तावेज मे दीपक हो तो वह नाम अमान्य माना जावे, मेरे पुत्र का सही नाम प्रदीप यादव (PRADEEP YADAV) है। मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना जाता है और आगे भी जाना जावे।

**अधिवक्ता प्रदुमन यादव**
ऑफिस - राधे लॉ चेम्बर, मित्तल कॉलेज रोड, करोंद, भोपाल म.प्र. मो : नं. 9617921055

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोहेफिजा, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- ए/19 मण्डल द्वारा (1) श्रीमती संगीता मनवानी पत्नी श्री रमेश कुमार मनवानी एवं (2) श्री फरीद शेख आत्मज श्री शेख सफर अली व श्रीमती असमा शेख पत्नी श्री फरीद खान के नामों से हस्तांतरित है, उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/11/2006 एवं 19/12/2006 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का लीज नवीनीकरण दिनांक 04/11/2022 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/01/2042 तक वैध है। इनमें से (1) श्रीमती संगीता मनवानी पत्नी श्री रमेश कुमार मनवानी द्वारा अपना हिस्सा (1) श्री मोहम्मद अनवार खान आत्मज श्री मोहम्मद अहसान खान व श्री यासीन मोहम्मद खान आत्मज श्री मोहम्मद अमीन खान व श्री उमर रईस आत्मज श्री रईस उद्दीन को विक्रय कर विक्रय विलेख निष्पादित किया गया। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/12/2025 को पंजीकृत है। आवदेकों द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से श्रीमती संगीता मनवानी का नाम विलोपित कर (2) श्री फ्रीद शेख आत्मज श्री शेख सफर अली व श्रीमती असमा शेख पत्नी श्री फरीद खान के साथ (1) श्री मोहम्मद अनवार खान आत्मज श्री मोहम्मद अहसान खान व श्री यासीन मोहम्मद खान आत्मज श्री मोहम्मद अमीन खान व श्री उमर रईस आत्मज श्री रईरा उद्दीन का नाम उक्त सम्पत्ति में संयुक्त कर हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

### जाहिर सूचना

भूखंड क्रमांक बी-27 (A) भव्य गणेश सिटी ग्राम मेंदुआ, प.ह.नं. 32, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र.

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री होशियार सिंह राजपूत, आत्मज श्री जी एस राजपूत निवासी 209, बी–ब्लॉक, वसुंधरा अपार्टमेंट, सुरेन्द्र पैलेस होशंगाबाद रोड भोपाल म.प्र. के हित एवं अधिपत्य का भूखंड स्थित भव्य गणेश सिटी ग्राम मेंदुआ, प.ह.नं. 32, तहसील गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र, में स्थित है, जिसका भूखंड क्रमांक बी–27(A) जिसका कुल क्षेत्रफल 650 वर्गफिट अर्थात 60.40 वर्गमीटर है, जो कि खसरा नं. 32/1/1, 32/2, के अंश भाग पर स्थित है, जिसको क्रय करने के लिए टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त भूखंड अथवा उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति संस्था का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अंतरण से किसी का कोई हित प्रभावित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिवस की अवधि में दस्तावेजी साक्ष्य सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, समय अवधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा एवं मेरा पक्षकार उक्त भूखंड के विक्रय पत्र का पंजीयन करायें, जाने हेतू स्वतंत्र होगा ।

**मोहम्मद उमर फारुकी (अधिवक्ता)**
गौहरगंज लॉ चैम्बर एंड एसोसिएट्स
आफिस : ग्राम बंगरसिया चौराहा, भोपाल
मो. 9303028068

### कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतम नगर जिला भोपाल

क्र/थाना/गौतमनगर/गुमशुदा /क्र. 22/26 दिनांक03/04/2026

**जाहिर सूचना**



गुम शुदा का नाम पता- अशफाक पिता मोह. वसीर उम्र 60 साल निवासी न्यू आरिफ नगर गौतम नगर भोपाल

गुम शुदा का हुलिया रंग गेहूआ कद करीवन 5 फिट 6 इंच बदन सामान्य चेहरा लम्बा वाई आंख खराब है दिमागी हालत कमजोर है सिर के वाल सफेद जाली दार नमाजी टोपी पहने है सफेद कुर्ता पजामा पहने है पैरो मे चप्पल पहने है गुम शुदा की तलाश हेतु समाचार प्रकाशन करने की कृपा करे।

थाना प्रभारी
थाना गौतमनगर भोपाल

जी - 11170/26 स्वच्छता ही सेवा

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



आवश्यकता

सुनहरा अवसर नौकरी सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10+12th) पास लड़के लड़किया, आवेदन करे, कुल सीट-7220 , पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी सैलरी - (32020 - 44900)आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ,व्हाट्सएप /कॉल करे - 9635451523

R-8,9,10/4/26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

### राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

### शब्द पहेली - 6189



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6188 का हल**



### सूडोकु नवताल- 6199

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6198 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## खबर संक्षेप

### ओम पावर ट्रांसमिशन का आईपीओ कल

**मुंबई।** ओम पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड अपना इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग 9 अप्रैल 2026 को खोलने जा रही है। इसके इक्विटी शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। आईपीओ में 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले अधिकतम 85,75,000 इक्विटी शेयर शामिल होंगे ("इक्विटी शेयर"), जिसमें अधिकतम 75,75,000 इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू (फ्रेश इश्यू) और अधिकतम 10,00,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।

### टैफे ट्रैक्टर्स ने किया जेफार्म का उद्घाटन

**मुंबई।** ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड नेअनुसंधान केंद्र, टैफे जेफार्म राजस्थान का उद्घाटन किया, जो टिकाऊ कृषि पद्धतियों को साझा करके कृषि उत्पादकता और किसानों की समृद्धि को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराता है। उद्घाटन अवसर पर टीआर केशवन, ग्रुप प्रेसिडेंट- कॉर्पोरेट रिलेशन एंड अलायन्सेज, ने एक विशेष संबोधन प्रस्तुत किया। टैफे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप सिन्हा] राजस्थान डीलर पार्टनरों और ग्राहक उपस्थिति रहे। इस मौके पर टैफे की वाइस चेयरमैन डॉ. लक्ष्मी वेणु ने कहाकि हमारा मानना है कि क्षेत्र विशिष्ट ज्ञान, उपयुक्त प्रौद्योगिकी और संधारणीयता अपनाकर ही भारतीय कृषि प्रगति को गति मिल सकती है।

### तनिष्क ने नए कलेक्शन 'ह्यूज' आभूषण पेश

**मुंबई।** ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक हिस्सा तनिष्क ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर लेकर आया है, प्राकृतिक रंगीन जेमस्टोन्स का जादू - अपना नया और खास कलेक्शन 'ह्यूज़'! भारतीय ग्राहकों की जेमस्टोन्स के प्रति लगातार बढ़ती रूचि को देखते हुए, प्रस्तुत किया गया, 100 फीसदी प्राकृतिक जेमस्टोन्स से सजा यह कलेक्शन शुद्धता और बेहतरीन डिज़ाइन के प्रति तनिष्क की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कलेक्शन में जेमस्टोन्स की कई तरह की कट्स का जादू देखने को मिलता है चाहे वो क्लासिक 'मार्कीज'हो, बारीकी से तराशा गया 'ताबीज' कट हो या रेशमी एहसास वाले 'कैबोचोन' स्टोन्स। तनिष्क का 'ह्यूज' कलेक्शन सोने को देखने का नजरिया बदल रहा है। अब सोना सिर्फ निवेश के लिए नहीं, बल्कि अपनी पसंद और स्टाइल को जाहिर करने का एक खूबसूरत जरिया है।

# एडीबीबी का पुनरुद्धार प्लान एमपीसीडीएफ पर नहीं कर रहा काम, दुग्ध ब्रांड 'सांची' के अस्तित्व पर खतरा

**दुग्ध संघ इंदौर ने लिया जायका फाइनेंस कंपनी से लोन व्यवस्था फिर भी चरमराई**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के प्रमुख दुग्ध ब्रांड 'सांची' एमपी स्टेट को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के पुनरुद्धार के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी ) ने 5 साल के लिए अधिग्रहण किया। एमपी स्टेट को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन की कमान एडीडीबी ने बतौर महाप्रबंधक के रूप में डॉ.संजय गोवाणी को सौंपी। गोवाणी ने शुरूआत में दुग्ध ब्रांड 'सांची' के पुनरूद्धार के लिए समूचे प्रदेश में हजारों गांवों के किसानों को लाभ पहुंचाने, 5 वर्षों में दूध उत्पादन दोगुना करने और सांची का आधुनिकीकरण करने का दंभभर रहे थे। एनडीडीबी ने इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 1,500 करोड़ रुपए के निवेश योजना बनाई थी, लेकिन करीब साल भर बाद ही दुग्ध ब्रांड 'सांची' की जमीनी स्तर पर व्यवस्था चरमराई हुई है।

इससे जुड़े लोगों के अनुसार दूध संग्रह में कमी और स्थानीय विरोध के कारण एनडीडीबी का प्लान आलोचनाओं के घेरे में है। सांची पार्लर संचालकों का कहना है कि सांची दुग्ध जो एमपी में एक प्रमुख दुग्ध ब्रांड है कि इंदौर, ग्वालियर,जबलपुर, सागर संभाग में विपणन और संचालन व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई। सूत्रों के अनुसार एमपीसीडीएफ की कमान संभाल रहे डॉ.संजय गोवाणी ने कार्यप्रणाली सुधारने इंदौर दुग्ध संघ को जायका से लोन दिलाया। लेकिन लोन के बाद भी इंदौर संभाग के दुग्ध उत्पादकों की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उलटे इंदौर दुग्ध संघ कर्ज के बोझ तले दब गया है। आरोप है कि एमपीसीडीएफ की कमान संभाल रहे अफसर की उदासीन रवैया की बदौलत 'सांची' ब्रांड को नुकसान हो रहा है।


दुग्ध उत्पादक किसान संग्रहण केंद्र पर

**कहीं कोई अव्यवस्था नहीं है**

*इस पूरे मामले में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी ) की ओर से मध्य प्रदेश राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन की कमान संभाल रहे एमपीसीडीएफ के एमडी डॉ. संजय गोवाणी ने कहा कि कहीं कोई व्यवस्था नहीं बिगड़ी हुई। इंदौर दुग्ध संघ ने जायका आइसक्रीम से लोन लिया है और आइसक्रीम उपलब्ध कराया जाएगा। रही बात दुग्ध उत्पादक किसानों के भुगतान की तो भुगतान प्रक्रिया निरंतर जारी है।*

### पशुपालक किसानों में भारी असंतोष

दुग्ध उत्पादकों के अनुसार डेयरी बोर्ड द्वारा दूध क्रय भाव कम करने और अप्रैल 2026 से प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होने से पशुपालक किसानों में भारी असंतोष है। पशु आहार प्लांट में उत्पादन आधा रह गया है और इसकी गुणवत्ता में भी कमी आने की खबरें हैं, साथ ही दाम भी बढ़ा दिए गए हैं। निजी डेयरी कंपनियों के मुकाबले सांची दुग्ध संघ के संयंत्रों और मार्केटिंग तकनीकों का आधुनिकीकरण धीमा रहा है, जिससे वे बदलते बाजार की मांग को पूरा करने में संघर्ष कर रहे हैं।

### विपणन व्यवस्था और परिचालन में भारी गिरावट

एमपी स्टेट को ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन , राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड( एनडीडीबी) के प्रबंधन के अधीन होने के बाद सांची दुग्ध महासंघ (विशेषकर इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर दुग्ध संघ) की विपणन व्यवस्था और परिचालन में भारी गिरावट देखी जा रही है। 2026 की शुरुआत में आई रिपोर्टों के अनुसार स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार मार्च 2026 की रिपोर्टों में सांची दुग्ध संघ की विपणन व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

**सांची की स्थिति बेहतर होने के बजाए खराब हुई**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि एनडीडीबी के साथ विलय के बाद सांची की स्थिति बेहतर होने के बजाय खराब हुई है। उन्होंने कहा कि इससे न तो उपभोक्ताओं को फायदा हुआ है और न ही किसानों को।

### दुग्ध उत्पादक किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

मध्य प्रदेश में दुग्ध उत्पादक किसानों ने 9 रुपए प्रति फैट दूध दर, 5 रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि, लंबित बोनस के भुगतान और पशुआहार की बढ़ती कीमतों को वापस लेने की मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल ने इन प्रमुख समस्याओं के समाधान न होने पर दुग्ध आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी गई है। संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतीसिंह पटेल ने महामहिम राज्यपाल के नाम विजयनगर एसीपी पराग सेनी, दुग्ध महासंघ के प्रतिनिधि अजय शाह, इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलवीर शर्मा को ज्ञापन दिया। मांग की गई कि पशुआहार की गुणवत्ता में सुधार करने एवं भाव में की गई 2 रूपए प्रति किलो की वृद्धि वापस लेने, आउटसोर्स अधिकारी, कर्मचारियों को उचित मानदेय, एवं समय पर वेतन का भुगतान करने, वर्ष 2019



में प्रदेश सरकार के आदेश पर महिला बाल विकास विभाग को दूध चूर्ण दिया था जिसके 29 करोड रुपए पिछले 6 वर्षों से बाकी है वो ब्याज सहित प्रदेश सरकार इंदौर दुग्ध संघ को वापस करने, इंदौर सहकारी दुग्ध संघ कार्यक्षेत्र की समस्त सहकारी दुग्ध उत्पादक समितियों के चुनाव करवाए जाने।

**ट्रांसपोर्टर मान रहे इस नई नीति को 'रेवेन्यू कलेक्शन का धंधा'**

# ट्रकों में वीएलटीडी की अनिवार्यता समाप्त और नेशनल परमिट की प्रक्रिया बहाल करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल, इंदौर सहित मध्यप्रदेश के ट्रक ऑपरेटरों और विभिन्न ट्रांसपोर्ट यूनियनों द्वारा ट्रकों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) की अनिवार्यता को समाप्त करने और नेशनल परमिट की पुरानी, सरल प्रक्रिया को बहाल करने की मांग की जा रही है।


सीएल मुकाती

1 अप्रैल 2026 से लागू नए नियमों के तहत कमर्शियल वाहनों के लिए वीएलटीडी और पैनिक बटन अनिवार्य कर दिए गए हैं, जिसके कारण परमिट और फिटनेस सर्टिफिकेट मिलने में दिक्कतें आ रही हैं। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि वाहन पोर्टल पर वीएलटीडी की जांच में तकनीकी खराबी के कारण ट्रक मालिकों को परमिट नहीं मिल पा रहा है, जिससे गाड़ियां बीच रास्ते में रुकी हुई हैं। डिवाइस लगवाने और उसे लिंक कराने के लिए अतिरिक्त शुल्क और फिटनेस फीस में वृद्धि से छोटे ऑपरेटरों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ट्रांसपोर्टर इस नई नीति को 'रेवेन्यू कलेक्शन का धंधा' मान रहे हैं और उनका कहना है कि इससे ट्रक चालकों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। इस विषय पर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी ) सरकार से कर राहत की मांग कर रही है।


फाइल फोटो

### आर्थिक बोझ व्यवसाय

आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी चेयरमैन सीएल मुकाती ने कहा कि ई-चालान के जरिए जबरन वसूली की जा रही है। क्लीनर (सहायक) की अनिवार्यता, फिटनेस सर्टिफिकेट के कड़े नियम और ओवरलोडिंग के लिए भारी जुर्माना जैसे प्रावधानों से ट्रांसपोर्टर परेशान हैं। आरटीओ द्वारा सालाना ट्रैफिक चालान को प्राथमिकता देने और राजस्व लक्ष्य पूरा करने के दबाव में चालकों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारिक मंदी एवं आर्थिक बोझ वर्तमान में मध्य-पूर्व के युद्ध हालातों के कारण वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है, जिसका सीधा असर हमारे देश और प्रदेश के ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पर पड़ा है।

### यह तकनीक ट्रकों के लिए डिजिटल अरेस्ट जैसी स्थिति निर्मित कर देगी

व्यापार में छाई इस मंदी के बीच, 1 अप्रैल 2026 से ट्रकों में वीएलटीडी अनिवार्य करने से ट्रक मालिकों पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ गया है। डिजिटल असुरक्षा एवं लूट का भय ट्रकों में वीएलटीडी लगाना माल परिवहन की सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। जिस प्रकार वर्तमान में बैंकिंग फ्रॉड और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, उसी प्रकार अपराधी और लुटेरे वीएलटीडीसिस्टम को हैक कर ट्रक की लाइव लोकेशन ट्रैक कर सकते हैं। इससे राजमार्गों पर ट्रक चालकों की जान और करोड़ों रुपए के माल की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा होगा। यह तकनीक ट्रकों के लिए डिजिटल अरेस्ट जैसी स्थिति निर्मित कर देगी, जिससे लूटपाट की घटनाओं में अत्यधिक वृद्धि होने की आशंका है। अतः सरकार से अनुरोध है कि सुरक्षा खतरों और आर्थिक मंदी को देखते हुए ट्रकों के लिए वीएलआईडी की अनिवार्यता तत्काल समाप्त की जाए और नेशनल परमिट जारी करने की व्यवस्था को पूर्ववत बहाल किया जाए ।

**दो प्रमुख मंदिरों को 6 करोड़ रुपए दान दिया**

# अनंत अंबानी की बड़ी पहल : केरल के मंदिरों और हाथी कल्याण के लिए 18 करोड़ रुपए का दान

**राजराजेश्वरम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अलग से 12 करोड़ रुपए दान देंगे**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी ने केरल के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों राजराजेश्वरम मंदिर और गुरुवायूर मंदिर की यात्रा के दौरान मंदिर संरक्षण और पशु कल्याण से जुड़ी कई पहलों की घोषणा की।

उन्होंने दोनों मंदिरों को कुल 6 करोड़ रुपए का दान दिया और राजराजेश्वरम मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए 12 करोड़ रुपए देने की प्रतिबद्धता ताई। अनंत अंबानी ने उत्तर केरल के कन्नूर जिले के तलिपरंबा शहर में स्थित प्राचीन राजराजेश्वरम मंदिर को 3 करोड़ रुपए का दान दिया। मंदिर के व्यापक जीर्णोद्धार के लिए वे अतिरिक्त 12 करोड़ रुपए दान देंगे। इस योजना में मंदिर के ऐतिहासिक ईस्ट गोपुरम का पुनर्निर्माण भी शामिल है, जो लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे और पार्किंग व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। इसके बाद अनंत अंबानी ने मध्य केरल के त्रिशूर जिले में स्थित प्रसिद्ध गुरुवायूर मंदिर में दर्शन किए और मंदिर ट्रस्ट को 3 करोड़ रुपए का दान दिया। उन्होंने मंदिर परंपराओं से जुड़े हाथियों के कल्याण के लिए अस्पताल, बिना जंजीर वाले आश्रय और आधुनिक देखभाल सुविधाएं विकसित करने की पहल को भी समर्थन देने की बात कही। इन पहलों में हाथियों के लिए समर्पित अस्पताल, बिना जंजीर वाले आश्रय और आधुनिक देखभाल सुविधाएं विकसित करने की योजना शामिल है, ताकि पारंपरिक व्यवस्था के साथ-साथ पशुओं की मानवीय और वैज्ञानिक देखभाल सुनिश्चित की जा सके। यह पहल अनंत अंबानी की वन्यजीव संरक्षण परियोजना 'वनतारा' से जुड़े उनके व्यापक प्रयासों का हिस्सा मानी जा रही है। मौके पर मंदिर प्रशासन ने पारंपरिक सम्मान के साथ उनका स्वागत किया। दोनों मंदिरों के देवस्वम बोर्ड के अधिकारी और पुजारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।इस अवसर पर अनंत अंबानी ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपराएं केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि समाज, प्रकृति और करुणा को जोड़ने वाली जीवंत संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस विरासत को सुरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी है।


राजराजेश्वरम मंदिर में अनंत

# मशरूम वर्ल्ड ग्रुप की एलगी ट्री टेक्नोलॉजी को अंतरराष्ट्रीय ऑर्गेनाइजेशन 'ईकेआई और डीएवीवी' ने किया प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माइक्रोएल्गी आधारित ग्रीन टेक्नोलॉजी विकसित करने वाले मशरूम वर्ल्ड ग्रुप की एल्गी ट्री टेक्नोलॉजी को अंतरराष्ट्रीय संस्था EKI और डीएवीवी द्वारा प्रमाणित किया गया। कंपनी के अनुसार जलवायु समाधान क्षेत्र में काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ईकेआई , जो 40 से अधिक देशों में क्लाइमेट प्रोजेक्ट्स पर कार्य करती है, और प्रदेश के प्रतिष्ठित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) ने कार्बन से लड़ने के लिए एल्गी ट्री को एक बहुत ही कारगर टेक्नोलॉजी के रूप में बताया।

कंपनी का कहना है कि एल्गी ट्री टेक्नोलॉजी पर पिछले करीब दो वर्षों से रिसर्च और डेवलपमेंट का काम किया जा रहा था। यह सिस्टम माइक्रोएल्गी आधारित फोटोसिंथेसिस प्रक्रिया के जरिए हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर उसे ऑक्सीजन में परिवर्तित करता है। कंपनी का कहना है कि एक एल्गी ट्री एक वर्ष में लगभग 1.5 टन तक कार्बन सोखने में सक्षम है, जबकि इतनी मात्रा में कार्बन सोखने में सामान्य परिस्थितियों में एक वयस्क पेड़ को 60 सालो तक का समय लग सकता है। कंपनी के अनुसार यह तकनीक विशेष रूप से उन शहरी क्षेत्रों को ध्यान में रखकर विकसित की गई है, जहां जगह की कमी या अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ लगाना कठिन होता है। हालांकि मशरूम वर्ल्ड ग्रुप का कहना है कि यह तकनीक पेड़ों का विकल्प नहीं है, बल्कि शहरी वातावरण में हरियाली के प्रयासों के साथ मिलकर काम करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्रों में माइक्रोएल्गी आधारित ऐसे सिस्टम कार्बन कम करने और हवा की गुणवत्ता सुधारने के संभावित तकनीकी समाधान बन सकते हैं।




# अब फोनपे एसबीआई कार्ड पर जीरो ज्वॉइनिंग फीस पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फोनपे ने हाल ही में लॉन्च किए गए फोनपे एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्ड पर, एक शानदार लिमिटेड टाइम ऑफर की घोषणा की है। प्रीमियम फाइनेंशियल रिवाड्र्स का लाभ सभी को मिल सके, इसके लिए, यह कार्ड अब पहले साल के लिए जीरो जॉइनिंग फीस के साथ पूरी तरह से फ्री है। मॉडर्न डिजिटल कस्टमर के लिए डिज़ाइन किया गया यह कार्ड, (जो रुपे और वीजा दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है) ऑनलाइन शॉपिंग को खास बनाता है और हर ऑनलाइन शॉपिंग पर रिवाड्र्स कमाने का मौका देता है। यूजर्स एसबीआई कार्ड पर कमाए गए रिवॉर्ड पॉइंट्स का उपयोग, क्रेडिट कार्ड बिल को कम करने के लिए कर सकते हैं। हर पॉइंट की कीमत 1 रुपए है और कमाए गए कुल पॉइंट्स का उपयोग, मंथली स्टेटमेंट बिल का पेमेंट करने में किया जा सकता है जिससे यूजर्स को अपने सेविंग्स करने में मदद मिलती है। हालांकि कमाए गए सभी रिवॉर्ड, कार्ड की शर्तों और सीमाओं के अधीन होते हैं। फोनपे ऐप के माध्यम से सीधे अप्लाई करके, फोनपे एसबीआई कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। जो यूजर्स के लिए, एक आसान और डिजिटल-फर्स्ट ऑनबोर्डिंग एक्सपीरियंस सुनिश्चित करता है।

**इनकम टैक्स के नए नियम लागू**

# अब 24क्यू और 26क्यू की छुट्टी, फॉर्म 138 और 140 से टीडीएस भरना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक अप्रैल 2026 से देश के टैक्सपेयर्स के लिए टैक्स फाइलिंग का सिस्टम काफी बदल गया है। सरकार ने इनकम-टैक्स एक्ट, 2025 के तहत इनकम-टैक्स रूल्स, 2026 लागू कर दिए हैं। इसके बाद टीडीएस और टीसीएस के नियमों में सुधार और टैक्स फाइलिंग को पहले से ज्यादा आसान, तेज और पारदर्शी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। पुराने फॉर्म 24क्यू और 26क्यू की जगह अब फॉर्म 138 और 140 लाए गए हैं, जिनमें ऑटो-प्रीफिल और रीयल-टाइम वैलिडेशन जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

साथ ही टीसीएस की दर घटने से विदेश यात्रा, पढ़ाई और इलाज पर खर्च करने वालों को सीधी राहत मिलने की उम्मीद है। इन बदलावों का मकसद टैक्स भराना आसान बनाना, डिजिटल रिपोर्टिंग बढ़ाना और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी रखना है। अब बिजनेस करने वाले और आम लोग दोनों को फायदा होने वाला है।

### नए फॉर्म्स ने बदला टीडीएस का तरीका

टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स (टीडीएस) और टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स (टीसीएस) के सिस्टम में बड़ा बदलाव आया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बताया कि ये बदलाव समय बचाने, गलतियां कम करने, मैचिंग की समस्या खत्म करने और फास्ट प्रोसेसिंग के लिए किए गए हैं। पुराने 24क्यू और 26क्यू फॉर्म की जगह अब 138 और 140 फॉर्म आ गए हैं। ये दोनों फॉर्म पहले की तरह ही हर तिमाही टीडीएस स्टेटमेंट भरने के काम आएंगे। टैक्स डिपार्टमेंट का कहना है कि नए फॉर्म आसान हैं।

## बिजनेस न्यूज

### आईईएस यूनिवर्सिटी में एमपीसीएसटी के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन




**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी के आईईएस इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा वीमेन इन साइंसः काटलीसिंग विकसित भारत थीम पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन एमपीसीएसटी के तत्वाधान में आईईएस कॅम्पस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवांश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी, पूर्व प्रोफेसर डॉ.अनिल प्रकाश, माइक्रोबायोलॉजी विभाग बीयू और प्रोफेसर विनय कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख जीवन विज्ञान संकाय और डीन बायोसाइंस बीयू के संबोधन एवं दीप प्रजावलं के साथ किया गया । एक्स्पर्ट्स ने छात्रों को फार्मा में एआई के वास्तविक औद्योगिक अनुभव और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों को साझा किया। छात्रों को विकसित फार्मा उद्योग के साथ कैरियर योजनाओं को संरेखित करने के लिए प्रोत्साहित किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों के लिए साइंटिस्ट रंगोली, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन एवमं पोस्टर प्रेजेंटेशन जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे समापन पर विजेता छात्रों को पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### ईडीआईआई ने आयोजित किया पांच दिवसीय 'आईडीई बूटकैंप 2026'

**अहमदाबाद।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद द्वारा 'नवाचार, डिज़ाइन और उद्यमिता' (आईडीई) पर आधारित बूटकैंप का तीसरा संस्करण 6 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 के दौरान आयोजित किया जा रहा है। इस बूटकैंप का आयोजन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ (एमआईसी) द्वारा किया जा रहा है। यह बूटकैंप वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एसबीआई फाउंडेशन संगठन साझेदार के रूप में समर्थन प्रदान कर रहा है। बूटकैंप का उद्घाटन सत्र 6 अप्रैल, 2026 को आयोजित किया गया। इस उद्घाटन समारोह की शोभा मुख्य अतिथि डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआई ने बढ़ाई। इस अवसर पर मितेश वाधेर, सेंटर इंचार्ज एवं नवाचार फेलो, अहमदाबाद इंडोवेशन सेंटर, नवाचार प्रकोष्ठ, एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार; डॉ. शीनू जैन, मास्टर ट्रेनर, वाधवानी फाउंडेशन; डॉ. काव्या सैनी, मास्टर ट्रेनर, वाधवानी फाउंडेशन और डॉ. सत्य रंजन आचार्य, निदेशक, उद्यमिता शिक्षा विभाग, ईडीआईआई भी उपस्थित रहे।




**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं.–एस.जी. डी.एस.ई. ओ.टी.–08–26**
वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थानः** अल्टरेशन ईन क्योसन मेक ई. आई एट पुसौली स्टेशन ड्यू टू यार्ड रिमॉडलिंग फॉर इनक्रिजिंग सीएसएल ऑफ डाउन लूप एंड प्रोविजन ऑफ सेंकन्ड लूप एंड शंटिंग नेक ईन अप लूप टू इलिमिनेट शंटिंग ईन मेनलाईन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्यः** रू. 2,71,32,321.21 (दो करोड़ एकहत्तर लाख बत्तीस हजार तीन सौ ईक्कीस रूपये एवं ईक्कीस पैसे मात्र) **3. धरोहर राशिः** रू. 5,42,700/– (पाँच लाख बयालीस हजार सात सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 27.04.2026 को 12:30 तक। **5. बेव साईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता हैः** www.ireps.gov.in

म.सं. एवं दू.सं. अभि.
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0026/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/26–27/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**


**नोटिस सं.–01 ऑफ 2026–27/खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग /डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.–01–डीडीयू– व.म.इंजी. –।।।–26–27**
**1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर /जपला के अंतर्गत एसएसई/पी. वे/पूर्व/जपला के अधीन ट्रैक का रखरखाव। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रू.10486916.76 **3. धरोहर राशिः** रू.209700.00
**निविदा सं.–02–डीडीयू–व.म. इंजी.– ।।।–26–27**
**1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजीनियर/जपला के अंतर्गत एसएसई/पी. वे/पश्चिम/जपला के अधीन ट्रैक का रखरखाव। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रू. 8990895.76 **3. धरोहर राशिः** रू. 179800.00 **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 27.04.2026 को 12:00 बजे तक **बेवसाईट पर ई निविदा की विस्तृत जानकारीः** www.ireps.gov.in
**नोटः**– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0025/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/40

## चिंतन

# मणिपुर हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पूर्वोत्तर का संवेदनशील राज्य मणिपुर लगभग तीन वर्षों से जिस हिंसा की आग में सुलग रहा है, वह अब केवल कानून-व्यवस्था का मसला नहीं रह गया, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। कुकी समुदाय और मैतेई समुदाय के बीच अविश्वास और वैमनस्य इस हद तक बढ़ चुका है कि सामान्य नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, हिंसा का सबसे आसान निशाना बनते जा रहे हैं। इन हालातों ने राज्य को अस्थिरता के भंवर में धकेल दिया है। विभिन्न जातियों के संगठन अपने हितों के लिए हिंसा को समर्थन दे रहे हैं। इसके कारण राज्य के सभी विकास कार्य ठप होकर रह गए हैं। हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि हाल ही में एक अमेरिकी और 6 यूक्रेनी नागरिकों का पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है कि ऐसी ताकतें भी राज्य में अस्थिरता फैला रही हैं। इसके साथ ही मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भी हिंसा की आग में घी का काम करता है। मादक पदार्थों से मिलने वाली आय से ऐसी घटनाओं को बल मिलता है। मंगलवार को दो मासूम बच्चों को निशाना बनाकर हत्या करना दर्शाता है कि हिंसा फैलाने वाले नहीं चाहते कि राज्य में अमन-चैन रहे। बिष्णुपुर जिले के मोइरांग इलाके में घर के भीतर सो रहे मासूम बच्चों पर बम फेंककर उनकी हत्या कर देना किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। पांच साल के एक बच्चे और छह महीने की नवजात की मौत केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह इस बात का भयावह संकेत है कि हिंसा अब अपनी सारी सीमाएं लांघ चुकी है। बच्चों पर हमला उस स्थान पर किया गया है, जहां 2023 में जातीय हिंसा भड़की थी। यह साफ है कि यह हिंसा साजिशन है, क्योंकि ये बच्चे किसी भी हिंसा में शामिल नहीं थे और न ही इनका किसी से कुछ लेना-देना था। घटना के बाद जिस प्रकार विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठे, वाहनों को जलाना, पुलिस चौकियों पर हमला करना और यहां तक कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप पर हमला करना वह स्थिति की गंभीरता को और बढ़ाता है। जवाबी फायरिंग में जान गंवाने वाले लोग इस बात के गवाह हैं कि हिंसा की आग अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस निरंतर हिंसा ने राज्य के विकास को पूरी तरह ठप कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। हजारों लोग विस्थापित होकर राहत शिविरों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई छूट रही है और एक पूरी पीढ़ी असुरक्षा और भय के साये में पल रही है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अस्वीकार्य है। सरकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक रणनीति अपनाए। जिस तरह देश ने नक्सलवाद पर सख्ती और समन्वित प्रयासों के जरिए काफी हद तक नियंत्रण पाया, उसी तरह मणिपुर में भी व्यापक और बहुस्तरीय कार्रवाई की जरूरत है। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी समुदाय या संगठन से जुड़े हों। साथ ही, केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई से समाधान संभव नहीं है। दोनों समुदायों के बीच संवाद बहाल करना, विश्वास निर्माण के उपाय करना और सामाजिक सौहार्द को पुनर्स्थापित करना उतना ही जरूरी है। स्थानीय नेतृत्व, नागरिक संगठनों और केंद्र सरकार को मिलकर एक साझा मंच तैयार करना होगा, जहां समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान खोजा जा सके।



प्रतिनिधित्व
ममता कुशवाहा

भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है। साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# लोकतंत्र में आधी आबादी की हिस्सेदारी

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व केवल संख्या का खेल नहीं होता, बल्कि यह न्याय, समानता और समाज की सामूहिक आवाज़ का प्रतिबिंब होता है। भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है।

साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस कानून के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। यह कदम दशकों से चली आ रही उस संरचनात्मक असमानता को स्वीकार करता है, जिसने महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान नहीं मिलने दिया। हालांकि, असली चुनौती इस कानून को पारित करने में नहीं, बल्कि इसे समय पर और प्रभावी ढंग से लागू करने में है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, इस आरक्षण को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ा गया है, जो 2026 के बाद ही संभव है। इस शर्त के कारण यह आशंका पैदा होती है कि इस कानून का लाभ कई वर्षों तक टल सकता है। यहीं पर सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है कि आखिर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व के लिए और कितने समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए? भारत ने अपनी लोकतांत्रिक यात्रा की शुरुआत में ही दूरदर्शिता दिखाते हुए महिलाओं को पुरुषों के समान मतदान का अधिकार दिया था। यह विश्व के सामने एक आदर्श उदाहरण था। लेकिन लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है; इसमें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है, लेकिन राजनीति में उनकी कम भागीदारी यह दर्शाती है कि सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अब भी मौजूद हैं। आंकड़े इस असमानता को और स्पष्ट करते हैं। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 14 प्रतिशत के आसपास है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में यह प्रतिशत इससे भी कम है। यह कमी महिलाओं की योग्यता या इच्छा की कमी के कारण नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक सोच, संसाधनों की सीमित उपलब्धता और पुरुष-प्रधान राजनीतिक ढांचे के कारण है। ऐसे में आरक्षण एक आवश्यक सुधार के रूप में सामने आता है, जो इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास करता है। हालांकि, इस आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया कई तकनीकी और संवैधानिक जटिलताओं में उलझी हुई है, जिनमें सबसे प्रमुख है परिसीमन का मुद्दा। परिसीमन का अर्थ है जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि



प्रतिनिधित्व संतुलित रहे। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन इसे महिला आरक्षण से जोड़ना एक अनावश्यक बाधा बन गया है। चूंकि परिसीमन एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें समय और राजनीतिक सहमति दोनों की आवश्यकता होती है, इसलिए इसके पूरा होने तक इंतजार करना महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को टालने जैसा है। इस स्थिति से निकलने के लिए हमें प्रतिनिधित्व की अवधारणा को नए सिरे से समझने की आवश्यकता है। यदि आरक्षण को केवल भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों तक सीमित न रखा जाए, तो एक मिश्रित प्रणाली अपनाई जा सकती है, जिसमें प्रत्यक्ष चुनाव और अनुपातिक प्रतिनिधित्व दोनों का समावेश हो। इस व्यवस्था में अतिरिक्त सीटें बनाई जा सकती हैं और उन्हें राजनीतिक दलों को उनके वोट प्रतिशत के आधार पर आवंटित किया जा सकता है, इस शर्त के साथ कि इन सीटों पर महिलाएं ही उम्मीदवार हों।

यह तरीका न केवल परिसीमन की आवश्यकता को टाल सकता है, बल्कि अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित कर सकता है। महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटों का निर्माण एक व्यावहारिक और नवोन्मेषी विचार है। इससे संसद की कुल सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं को स्थान दिया जा सकता है, बिना वर्तमान सांसदों को हटाए।

इससे राजनीतिक विरोध की संभावना भी कम हो जाती है, क्योंकि मौजूदा सीटों पर कोई खतरा नहीं रहता। साथ ही, बढ़ती जनसंख्या और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार संसद के विस्तार की आवश्यकता भी पूरी होती है। नया संसद भवन, जिसे अधिक सदस्यों को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, इस दिशा में एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। इस व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह जनता के जनादेश का सम्मान करता है। जब सीटों का आवंटन वोट प्रतिशत के आधार पर होगा, तो यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिनिधित्व वास्तव में जनता की इच्छा को दर्शाता है। इससे राजनीतिक दलों को महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलेगी और धीरे-धीरे राजनीतिक संस्कृति में समावेशिता बढ़ेगी। भारत जैसे विविध और विशाल देश में, जहां चुनौतियां भी जटिल हैं, वहां ऐसे नवाचारी उपाय आवश्यक हो जाते हैं। तकनीकी पहलुओं से आगे बढ़कर, हमें महिला आरक्षण के व्यापक प्रभाव को भी समझना चाहिए। जब अधिक महिलाएं संसद और विधानसभाओं में होंगी, तो नीति निर्माण में भी बदलाव आएगा। महिला आरक्षण को लागू करने में देरी अब किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराई जा सकती। प्रक्रिया संबंधी कारणों का हवाला देकर इसे टालना इस सुधार की भावना के साथ अन्याय होगा। यह भी समझना जरूरी है कि आरक्षण अपने आप में अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि समानता की ओर बढ़ने का एक साधन है। जैसे-जैसे समाज में बदलाव आएगा और महिलाओं के सामने खड़ी बाधाएं कम होंगी, वैसे-वैसे इस तरह के उपायों की आवश्यकता भी कम हो सकती है। लेकिन वर्तमान समय में, जब असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, तब आरक्षण एक अनिवार्य उपाय बन जाता है। संसद में महिलाओं के आरक्षण की यात्रा भारत के लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी है और उसके भविष्य को दिशा देने का अवसर भी। इसे तेजी से लागू करने के लिए केवल प्रशासनिक दक्षता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। यदि भारत इस दिशा में साहसिक कदम उठाता है, तो वह एक बार फिर विश्व के सामने एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। अब सवाल यह नहीं है कि क्या हम यह कर सकते हैं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे बिना और देर किए करने का साहस दिखाएंगे।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

विवेक शुक्ला




# सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती है। दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं। अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसाइक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, "भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।" कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें "पर्यावरण के अनुकूल" विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है। प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, "कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।" प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है। यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है-विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। बगैस का हिंदी अर्थ खोई है, जो गन्ना या ज्वार का रस निकालने के बाद बचा हुआ सूखा, रेशेदार अवशेष होता है। यह मुख्य रूप से चीनी मिलों में ईंधन, बिजली उत्पादन, कागज़, लुगदी और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री (डिस्पोजेबल प्लेट, कप) बनाने के लिए एक नवीकरणीय स्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह भारत में आसानी से उपलब्ध है। आप इसे देश के बड़े चीनी उद्योग का उप-उत्पाद कह सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि बगास से बने स्ट्रॉ के कई फायदे हैं। जैसा कि ये पूरी तरह प्लास्टिक-मुक्त और गैर-विषैले होते हैं, इनमें हानिकारक रसायन नहीं होते और ये प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं और घर पर भी गल सकते हैं। ये कृषि अपशिष्ट से बनाए जाते हैं, जिससे बेकार चीज़ उपयोगी बन जाती है। ये रोज़मर्रा के उपयोग के लिए पर्याप्त मज़बूत होते हैं और पेय में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं छोड़ते। सबसे अच्छी बात ये यह है कि बगास आधारित उत्पादों का उत्पादन पहले से ही बढ़ रहा है। पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की बढ़ती मांग और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर सख्त नियमों के कारण कई व्यवसाय अब ऐसे विकल्प अपनाने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज के उपभोक्ता अधिक जागरूक हो रहे हैं। वे उन ब्रांड्स को पसंद करते हैं जो वास्तव में पर्यावरण की परवाह करते हैं। व्यवसायों के लिए सुरक्षित विकल्प अपनाने से विश्वास और ब्रांड छवि दोनों में सुधार हो सकता है। सरकारी नीतियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना पर्याप्त नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि "सुरक्षित" और "कम्पोस्टेबल" किसे कहा जाए। भ्रामक दावों पर नियंत्रण होना चाहिए और कृषि अपशिष्ट का उपयोग करने वाले उद्योगों को समर्थन मिलना चाहिए। अब समय है कि हम सुविधा से आगे बढ़कर जागरूक विकल्प चुनें-एक-एक घूंट के साथ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हम अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं




संकलित

दर्शन

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

## जब मन हो अशांत, इष्टदेव का ध्यान करें



संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*- सुरेश कुमार, पानीपत*

## ट्रेंड

### पाक के टुकड़े होंगे



पाकिस्तान एक बार खामियाजा भुगत चुका है। आज से 55 वर्ष पहले पाकिस्तान दो टुकड़ों में खण्ड-खण्ड हो गया था। अगर उन्होंने हमारे बंगाल की तरफ नजर उठाकर देखने की कोशिश की तो कितने टुकड़े होंगे, यह ऊपर वाला ही जानता है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**


### तकनीकी उत्कृष्टता



भारत परमाणु शक्ति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। अपने विशाल थोरियम भंडार का उपयोग करके, भारत ऊर्जा क्षेत्र में वर्चस्व और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### स्वास्थ्य सेवा प्रणाली



नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आधारशिला हैं। उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही परिवारों को अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में सौंपने का सुरक्षित एहसास दिलाती है।

**- राहुल गांधी, सांसद, सपा**

### शिक्षामित्रों का हक़



भाजपा सरकार ने 9 साल शिक्षामित्रों का हक़ मारा और अब बढ़ाया भी तो भी सपा सरकार से 22 हज़ार कम है। अब जब भाजपा सरकार का परमानेन्ट रिटायरमेंट होने वाला है तब ये शिक्षामित्रों के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# यूक्रेन ने युद्ध के बीच बचाए गए चमगादड़ों को छोड़ा



कड़ाके की ठंड के बाद यूक्रेन के लोग युद्ध प्रभावित इलाकों से बचाए गए चमगादड़ों को अब छोड़ रहे हैं। राजधानी कीव के बाहरी इलाके में स्थित एक नेचर पार्क में रात ढलते ही बच्चे स्वयंसेवकों के आसपास इकट्ठा हो जाते हैं, जो कपड़े के थैलों को सावधानीपूर्वक खोलकर चमगादड़ों को अंधेरे आसमान में उड़ने के लिए छोड़ते हैं। प्रत्येक चमगादड़ के हवा में उड़ान भरने पर वहां मौजूद 1,000 से अधिक लोग तालियां बजाकर उसका स्वागत करते हैं। देश के पूर्वी हिस्सों के युद्धग्रस्त क्षेत्रों से बचाए गए सैकड़ों चमगादड़ों को शनिवार देर रात यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों के तहत छोड़ा गया, जो वसंत ऋतु के आगमन के साथ आयोजित किए गए थे। 'यूक्रेनियन बैट रिहैबिलिटेशन सेंटर' की स्वयंसेवक अनास्तासिया वोव्क ने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये जीव संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल हैं और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। यूक्रेन में चमगादड़ों की सभी 28 प्रजातियों को इनकी घटती संख्या के कारण संरक्षित जीवों की सूची में रखा गया है। कई लोगों के लिए यह कार्यक्रम कड़ी सर्दियों के बाद राहत का अवसर था। सर्दियों में शून्य से नीचे तापमान, रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले तथा बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

## ऑफ बीट

# हमारी दृष्टि एक-आंख वाले पूर्वज कीड़े से हुई विकसित



काफी समय से माना जाता रहा है कि इंसानों और अन्य कशेरुकी जीवों की आंखें, अकशेरुकी जीवों की आंखों से बुनियादी रूप से अलग होती हैं, क्योंकि उनकी कोशिकाओं की संरचना और जन्म से पहले उनके विकसित होने का तरीका अलग होता है। हमारे अध्ययन से संकेत मिलता है कि हमारी आंखों की जड़ें एक ऐसे कीड़े जैसे पूर्वज से जुड़ी हैं, जो करीब 60 करोड़ साल पहले समुद्रों में विचरण करता था। हमने पाया कि ज्यादातर जीवों में आंखें और रोशनी महसूस करने वाली कोशिकाएं दो जगहों पर होती हैं- एक चेहरे के दोनों तरफ (जोड़ी में) और दूसरी सिर के बीच में, मस्तिष्क के ऊपर। हमने जिन जीवों का अध्ययन किया, उनमें चेहरे के दोनों तरफ मौजूद ये कोशिकाएं शरीर की गतिविधियों को दिशा देने में मदद करती हैं, जबकि बीच में मौजूद कोशिकाएं दिन और रात के फर्क के साथ-साथ ऊपर-नीचे की पहचान करने में सहायक होती हैं। हमारे निष्कर्ष के मुताबिक, सभी कशेरुकी जीवों के कीड़े जैसे पूर्वज ने करीब 60 करोड़ साल पहले जब समुद्र की तलहटी में बिल बनाकर स्थिर जीवन जीना शुरू किया, तो उसने दिशा नियंत्रित करने वाली अपनी जोड़ी आंखें खो दीं। दरअसल, जब यह जीव एक जगह रहकर पानी से बीन-बीनकर भोजन हासिल करने लगा, तो उसे चलने-फिरने की जरूरत नहीं रही।

## भोपाल आईं भारत की प्रमुख अरोमाथेरेपिस्ट डॉ. ब्लॉसम कोचर ने कहा

# हजार रुपए से शुरू हुआ था सफर, आज बना ग्लोबल ब्रांड स्कूली समय से ही था मन में, फिर पति ने किया पूरा सपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं जब स्कूल जाती थी तब मुझे अरोमा थेरेपी से काफी गहरा लगाव हो गया और मैं फूल पत्तियां, पौधों को देखती, उनको महसूस करने के साथ साथ सूंघती थी तो मुझे लगता था कि इससे कुछ ना कुछ अच्छी और वेलनेस के प्रोडक्ट बनाए जा सकते हैं, तभी से मेरे भीतर अरोमा थेरेपी को जनरेट करने की मंशा जागी और मैं इसमें रिसर्च करती गई, फिर आगे चलकर जब मेरी शादी हुई तब मेरे पति से मैंने अपनी दिली इच्छा जाहिर की तो उन्होंने मुझे कहा कि तुम छोटे से ही शुरुआत करो, फैक्ट्री के लिए बहुत बड़ा अमाउंट लगेगा। लेकिन फिर उन्होंने मुझे एक हजार रुपए दिए तो उनके सपोर्ट से मैंने अपना खुद का अरोमा थैरेपी सेंटर खोला, जो आज देश और दुनिया का टॉप ब्यूटी और वेलनेस ब्रांड कहलाता है।

यह कहना है भारत की प्रमुख अरोमा थेरेपिस्ट और 35 वर्षों से स्किनकेयर, अरोमा थैरेपी उत्पादों से विश्व में अपनी पहचान बनाने वाली डॉ. ब्लॉसम कोचर का, जो मंगलवार को भोपाल आईं और उन्होंने पत्रकार वार्ता में अपने प्रोडक्ट्स के साथ साथ ब्यूटीशियंस की वर्कशाप्स भी ली।



भोपाल की ब्यूटीशियन सरिता श्रीवास्तव के साथ ब्लॉसम कोचर।

### फेमिना मिस इंडिया कंटेस्टेंट को देती हूं ब्यूटी टिप्स

उन्होंने कहा कि आज करीब 12 देशों में मैं अपने प्रोडक्ट को लांच कर चुकी हूं, जो सिर्फ ब्यूटी से जुड़े हुए नहीं हैं, बल्कि हेल्थ केयर, वेलनेस से भी रिलेटेड हैं। इतना ही नहीं मैं फेमिना मिस इंडिया कंटेस्टेंट को भी ब्यूटी के साथ हेल्थ वेलनेस टिप्स देती हूं, उन्हें बताती हूं कि किस प्रकार से वो पूरे आत्मविश्वास के साथ खुद को रैंप पर रिप्रजेंट कर पाएं।

### ऐश्वर्या, सुष्मिता से प्रियंका तक के लिए ग्रूमिंग सेशन

*मैंने ऐश्वर्या राय और सुष्मिता सेन से लेकर प्रियंका चोपड़ा और भी कई मॉडल्स को ब्यूटी, वेलनेस टिप्स दिए हैं, उनके ग्रूमिंग सेशन लिए हैं, लेकिन एक बात है कि यह सभी सुंदरी सिर्फ बाहर से सुंदर नहीं हैं, बल्कि भीतर से भी इतनी सुंदर है कि इनकी सुंदरता चारों ओर के क्षेत्र को आलौकिक कर दें।*



वर्कशॉप लेती ब्लॉसम कोचर।

### लेवेंडर करता है 'शांत' और गुलाब करता है 'सुंदरता से परिपूर्ण'

*उन्होंने बताया कि मेरे प्रयोग मुख्यतः जेसमीन, लेवेंडर, नीम, तुलसी, नींबू, गुलाब जैसे फूलों और पत्तियों के साथ किए हैं, जिसमें जहां लेवेंडर आपको शांत करता है तो वहीं गुलाब की खुशबू वातावरण को सुंदरता से परिपूर्ण कर देती है, इसलिए शादी विवाह में गुलाब का प्रयोग ज्यादा होता है और इन्हीं प्राकृतिक उत्पादों से मैंने एसेंशियल ऑइल बनाए हैं, जिन्हें न केवल चेहरे और शरीर पर लगाया जा सकता है बल्कि फेस पैक, फे शियल, नहाने के पानी में भी प्रयोग किया जाता है।*

### शहर की सैकड़ों ब्यूटीशियंस ने जाना एसेंशियल ऑइल का महत्व

दो सेशन में हुए कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ. ब्लॉसम कोचर ने शहर की ब्यूटीशियंस के लिए एक वर्कशाप ली, जिसमें शहर की करीब 150 ब्यूटीशियंस ने भाग लिया। इस वर्कशाप में उन्होंने एसेंशियल ऑइल का महत्व ब्यूटीशियंस को बताया, साथ ही यह भी बताया कि किस प्रकार की स्किन के लिए किस प्रकार का ऑइल प्रयोग करना चाहिए, साथ ही कई बीमारियों से निजात दिलाने में इन एसेंशियल ऑइल के योगदान पर चर्चा की।

---

## ऑलियांस फ्रांसिस में ग्वालियर के चार उभरते कलाकारों ने लगाई समूह चित्र प्रदर्शनी 'चतुर्भुज'

# कहीं सड़क किनारे लेटा भिखारी तो कहीं दिखा समकालीन कला का अनूठा संवाद

*ऑलियांस फ्रांसिस में लगी चतुर्भुज प्रदर्शनी में अलग-अलग कहानियों और दृष्टिकोणों को दर्शाते यह चित्र एक-दूसरे से संवाद करते नजर आ रहे हैं, जिसने आर्टिस्ट को एक साझा मंच प्रदान किया है*



प्रदर्शनी का अवलोकन करते कलाप्रेमी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'चतुर्भुज' यानी 'चार भुजाओं वाला' यह नाम अपने आप में चार अलग-अलग कलात्मक दृष्टियों के संगम का प्रतीक है। चतुर्भुज के इस रूप में जहां एक ओर हाशिए पर जी रहे लोगों को प्रेरणा मिलेगी तो वहीं अतीत और वर्तमान के बीच के मनोवैज्ञानिक द्वंद्व को भी बेहद उम्दा ढंग से आर्टिस्ट ने रंगों की कूची से कैनवास पर उकेरा। ग्वालियर के चार आर्टिस्ट के द्वारा बने चित्रों के संयोजन से बनी 'चतुर्भुज' चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ मंगलवार को ऑलियांस फ्रांसिस में, जिसमें इतिहास के पन्नों के साथ अतीत और वर्तमान का रूप नजर आया तो वहीं समकालीन प्रयोगधर्मिता का सुंदर संतुलन भी दर्शकों को लुभा रहा है। 21 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का क्यूरेशन अखिलेख वर्मा ने किया। वहीं शर्मा मुनी लंबरदार की कला में अकादमिक गहराई और समकालीन प्रयोगधर्मिता का सुंदर संतुलन देखने को मिलता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहते हुए उन्होंने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

### कंफर्ट जोन पर आधारित रियाज की पेंटिंग्स

आर्टिस्ट रियाज ने अपनी पेंटिंग्स की थीम कंफर्ट जोन बताते हुए कहा कि आज के समय में लोग नौकरी, राजनीति या जीवन में एक सुरक्षित दायरे में फंसे हुए हैं, भले ही उनके पास सभी सुविधाएं मौजूद हों। इसलिए मेरी पेंटिंग्स इसी मानसिक स्थिति को दर्शाती हैं। कुल 9 पेंटिंग्स प्रदर्शित करने वाले रियाज की खास पेंटिंग चार बॉय छह फीट की है, जिसे बनाने में करीब दो महीने का समय लगा।



अपनी पेंटिंग्स के साथ रियाज।

### खारी पर केंद्रित पेंटिंग



अपने चित्र के साथ आकाश।

कुल 11 पेंटिंग एग्जीबिट करने वाले आकाश जाटव के कार्य शहर के हाशिए पर जी रहे लोगों के जीवन से प्रेरित हैं। वे अपनी कलाकृतियों में उनकी संघर्षशीलता और अनदेखी सुंदरता को गहराई से उकेरते हैं, जिनमें रंगों की परतें भावनात्मक जुड़ाव पैदा करती हैं। आकाश ने बताया कि मेरी पेंटिंग्स का थीम सड़क किनारे रहने वाले भिखारी पर केंद्रित हैं। टूटी चप्पल, पानी की बोतल और बिखरे सामान को अपने चित्रों में दर्शाने वाले आकाश कहते हैं मेरी पेंटिंग कहीं न कहीं सरकार के प्रति एक विरोध को भी व्यक्त करती है।



अपने चित्रों के साथ धीरज।

### सड़क किनारे रहने वाले भिखारियों की स्मृतियों और निजी इतिहास से

*धीरज सरदाना अपनी कला के माध्यम से स्मृतियों और निजी इतिहास से जुड़ने की कोशिश करते हैं। उनके कार्य अतीत और वर्तमान के बीच के मनोवैज्ञानिक द्वंद्व को उजागर करते हैं। उन्होंने बताया कि मेरी पेंटिंग्स की थीम दर्शकों की सोच पर निर्भर है। मैं चाहता हूं कि लोग कला को देखकर खुद उसका अर्थ निकालें। कुल 5 पेंटिंग्स प्रदर्शित करने वाले धीरज की सबसे बड़ी पेंटिंग करीब साढ़े चार फीट की है।*

---

## 25 से 31 मई तक होंगे संगीत, नृत्य, योग, विरासत यात्राएं

# आईआईटी खड़गपुर में सजेगा स्पीक मैके का अधिवेशन, मप्र से 62 जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पीक मैके का 11वां अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन इस वर्ष 25 से 31 मई तक आईआईटी खड़गपुर में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन आईआईटी प्रणाली के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अधिवेशन में देश-विदेश से कलाकार, विद्यार्थी, शिक्षक और स्वयंसेवक भाग लेंगे। पिछले एक दशक से स्पीक मेके के अधिवेशन भारतीय संस्कृति, शास्त्रीय संगीत, नृत्य और विरासत के उत्सव के रूप में आयोजित होते आ रहे हैं। इस बार भी कार्यक्रमों की श्रृंखला में शास्त्रीय संगीत-नृत्य प्रस्तुतियां, कार्यशालाएं, विरासत यात्राएं, योग और ध्यान सत्र, वातार्एं और सिनेमा क्लासिक्स शामिल होंगे। 1977 में किरन सेठ द्वारा स्थापित स्पीक मेके एक गैर-राजनीतिक, गैर-लाभकारी स्वैच्छिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में भारतीय शास्त्रीय कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।



स्पीक मैके के सदस्य।

### संगीत, नृत्य, हस्तकला और सिनेमा से सजेगा अधिवेशन

अधिवेशन की शुरूआत प्रतिदिन सुबह नाद योग और हठ योग से होगी, जबकि शाम को शास्त्रीय संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों के साथ समापन किया जाएगा। दिनभर विभिन्न विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें संगीत, नृत्य, हस्तकला और सिनेमा प्रमुख हैं। विरासत यात्राओं और बैठक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को कलाकारों से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। अधिवेशन में 100 से अधिक कार्यशालाएं, विरासत यात्राएं, व्याख्यान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें देश-विदेश के ख्यात कलाकार न केवल प्रस्तुतियां देंगे, बल्कि प्रतिभागियों को विभिन्न कला रूपों की बारीकियां भी सिखाएंगे।

### आश्रम जैसे माहौल में प्रतिभागियों को मिलेगा गुरु-शिष्य परंपरा का अनुभव



प्रोफेसर मैनिट एवं मानद अध्यक्ष, स्पीक मैके भोपाल चैप्टर डॉ. सविता राजे के अनुसार,मप्र से करीब 62 प्रतिभागी, जिनमें शिक्षक, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी व स्वयंसेवक शामिल हैं जो इस अधिवेशन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिवेशन की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि प्रतिभागियों को आश्रम जैसा वातावरण और गुरु-शिष्य परंपरा का अनुभव मिल सके। इच्छुक व्यक्ति और संस्थाएं 7 अप्रैल तक पंजीकरण कर इस अनूठे सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा।

---

## मंत्री मंडलीय समिति की बैठक में बोले सीएम

# सिंहस्थ में संस्थाओं का सहयोग व जनसहभागिता करें प्रोत्साहित



### इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से होगी रियल टाइम मॉनीटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थः 2028 के लिए प्रस्तावित सभी कार्य वर्ष 2027 की दीपावली तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लिए जाएं। सिंहस्थ के सफल संचालन, विकास कार्यों की निगरानी और समीक्षा तथा सूचना शिक्षा-संचार गतिविधियों के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की तत्काल पूर्ति की जाए। सिंहस्थ के सफल संचालन के लिए पर्याप्त अधिकारियों-कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

अधोसंरचना से संबंधित सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सिंहस्थ-2028 के आयोजन के लिए गठित मंत्री-मंडलीय समिति की मंगलवार को मंत्रालय में हुई 5 वीं बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री मंडलीय समिति की आगामी बैठक उज्जैन में की जाए। मंत्री मंडलीय समिति ने 2 हजार 923 करोड़ 84 लाख रूपए राशि के 22 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की।

### कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करे

डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थः 2028 के लिए हो रहे कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाए। सिंहस्थः 2028 के लिए उज्जैन के विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाले भवनों का निर्माण इस प्रकार किया जाए जिससे वे सिंहस्थः 2028 के बाद होने वाले वार्षिक आयोजनों के लिए भी उपयोगी हों। इसी प्रकार सड़कों का निर्माण इस प्रकार किया जाए, जिससे महाकाल लोक के अतिरिक्त उज्जैन के अन्य प्रमुख तीर्थों तक आवागमन अधिक सुगम हो सके।

---



# गणगौर थीम पर सजी क्षत्राणी महिला क्लब की महफिल, घूमर से बिखरी लोक संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में क्षत्राणी महिला क्लब द्वारा इस बार गणगौर थीम पर विशेष आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक नजर आई। कार्यक्रम में महिलाओं ने साथ मिलकर घूमर नृत्य किया और गणगौर पर्व की खुशियों को मनाया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि सास के साथ बहुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक स्नेह और अपनापन साफ झलकता नजर आया। सभी ने पारंपरिक परिधानों में सजकर माहौल को और भी रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में रीना सिसोदिया, ऋचा और कोमल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

*सास-बहुओं की सहभागिता ने बढ़ाया स्नेह, खेल-प्रतियोगिताओं में रीना, ऋचा, कोमल रहीं विजेता*



पारंपरिक उत्सव मनाती महिलाएं।



### आपसी संबंध हुए मजबूत

संचालन वीणा परमार और जया सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन महिलाओं के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि आपसी संबंधों को मजबूत करने का भी एक सुंदर अवसर साबित हुआ।

---

## जनजातीय संग्रहालय में 72वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी

# प्रकृति, लोकजीवन, रिवाजों और आस्था से जुड़ी शलाका चित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और जीवन शैली का सजीव प्रतिबिंब जनजातीय चित्र प्रदर्शनी है। जनजातीय लोक कला की इस प्रदर्शनी में प्रकृति, लोकजीवन, रीति-रिवाजों और आस्था को रंगों से उकेरा जाता है। सरलता, सृजनशीलता और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंधों को दर्शाती ऐसी ही जनजातीय शलाका चित्र प्रदर्शनी का प्रतिबिम्ब 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में इन दिनों गोण्ड जनजातीय चित्रकार प्रदीप मरावी के चित्रों को प्रदर्शित किया जा रहा है।



प्रदीप मरावी


### जंगल-पहाड़ों के बीच पले-बढ़े प्रदीप



48 वर्षीय प्रदीप मरावी पारम्परिक गोण्ड चित्रकला की वर्तमान पीढ़ी के प्रतिभाशाली चित्रकार हैं। जिनका जन्म ग्राम गारकामट्टा, जिला डिण्डोरी में हुआ। पिता श्रीपति मरावी खेती-किसानी करते हैं। जंगल-पहाड़ों के बीच आप पले-बढ़े और बचपन गुजरा है। स्थानीय गांव और नजदीकी कस्बे से आपने 10वीं तक औपचारिक शिक्षा हासिल की है।

### सुभाष एवं दुर्गाबाई व्याम से ली प्रेरणा


रोजगार की तलाश में भोपाल आए थे, तब से प्रदीप यहीं रहकर चित्रकारी कर रहे हैं। भोपाल में ही अपने मामा-मामी प्रख्यात गोण्ड चित्रकार सुभाष एवं दुर्गाबाई व्याम के सानिध्य में रहते हुए इस कला की बारीकियों को सीखा। फिर उन्हीं के मार्गदर्शन और सहयोग से स्वतंत्र रूप से भी चित्रकला कर्म करने लगे।



केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने असम में एक रैली में भरी हुंकार

# बराक घाटी में कांग्रेस ने घुसपैठियों को शरण दी, भारत कोई धर्मशाला नहीं घुसपैठियों के लिए यहां कोई जगह नहीं', एक-एक करके बाहर करूंगा

## हम पहली ही कैबिनेट में यूसीसी लाएंगे



एजेंसी ▶▶ श्रीभूमि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में एक रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक असम को बर्बाद करने का काम किया, यहां पर सैकड़ों आंदोलनों को खड़ा करने का काम किया। 1950 से लेकर 2014 तक असम में कांग्रेस ने बेरोकटोक घुसपैठ, बम धमाके और आंदोलन कर असम के विकास को रोक कर रखा था।

कांग्रेस वाले बोडो, बंगाली का असमिया के साथ झगड़ा कराकर हर बार अपनी सरकार बनाते गए। जब से भाजपा सरकार आई, तब से कहीं बम धमाका नहीं हुआ, बंद का ऐलान नहीं हुआ, कर्फ्यू नहीं लगा। पूरे 20 समझौते करके संपूर्ण पूर्वोत्तर को शांति प्रदान करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। गृह मंत्री ने दावा किया कि भाजपा ने घुसपैठियों की पहचान कर ली है और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनाइए, हमने घुसपैठियों की पहचान कर ली है। अब समय आ गया है कि उन्हें एक-एक कर बाहर किया जाए। शाह ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद असम की पहली कैबिनेट में हम समान नागरिक संहिता कानून लाएंगे।

गृहमंत्री शाह ने रैली के दौरान कांग्रेस को सुनाया

कांग्रेस ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया केवल बात करती रही




रैली के दौरान गृहमंत्री शाह को त्रिशूल भेंट किया गया

### असम में बहुविवाह नहीं होने देंगे

शाह ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद असम की पहली कैबिनेट में हम समान नागरिक संहिता कानून लाएंगे। यूसीसी का मतलब है, सबके लिए एक कानून। इसके बाद पूरे असम में किसी को भी चार शादी करने की परमिशन नहीं मिलेगी। शाह ने कहा कि केवल भाजपा में करिमगंज का नाम बदलकर श्रीभूमि करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा असम में जाति, माटी और बेटी की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### हम यहां बाहरियों का गढ़ नहीं बनने देंगे

गृहमंत्री शाह ने असम के श्रीभूमि जिले के पाथरकांडी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा असम को घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देगी और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनाने की अपील की। राहुल बाबा, साफ सुन लीजिए, हम असम को घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देंगे। उन्होंने विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया।

राहुल पर तंज, शाह ने उड़ाया मजाक

### यह भारत में नहीं पाकिस्तान में हैं

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के दावों का मजाक उड़ाया, यह कहते हुए कि यह सच है, लेकिन पड़ोसी पाकिस्तान में।शाह ने कहा कि इसके विपरीत देश में कीमतें स्थिर हैं और पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। शाह ने कहा वहां पेट्रोल की कीमत 458 रुपए है, जबकि डीजल 520 रुपए से ज्यादा पहुंच गया है।

## केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा- पुडुचेरी में फिर बनेगी एनडीए की सरकार



**पुडुचेरी।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को केंद्रशासित प्रदेश में मतदान से पहले प्रचार करने पहुंचे हैं। नड्डा ने प्रचार अभियान शुरू करने से पहले पुडुचेरी स्थित मनकुला विनयगर मंदिर में दर्शन पूजन किया। नड्डा के साथ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया सहित स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान नड्डा ने कहा कि विनयगर मंदिर में अपने सहयोगियों के साथ आने का सौभाग्य मिला है। नड्डा ने दावा किया पुडुचेरी में एनडीए की जीत पक्की है। यहां की जनता ने एनडीए को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। इस बार एनडीए की सरकार बनेगी। कांग्रेस ने 20 साल के कुशासन में जनता का शोषण किया और वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की।

### खरगे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे

नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर पलटवार किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस अध्यक्ष के बयान को नकारात्मक बताते हुए भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी खरगे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है, इसलिए उसकी बौखलाहट बढ़ गई है।

खरगे ने असम सीएम को बताया सबसे भ्रष्ट

### असम चुनाव में 72-73 सीटें जीतने का दावा



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सीएम हिमंता बिस्वा को भारत का सबसे भ्रष्ट नेता बताया। उन्होंने हिमंता पर लगे आरोपों पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से जवाब मांगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने हिमंता बिस्वा सरमा पर निशाना साधा और कहा कि भारत में कोई भी मुख्यमंत्री उनके जैसा अहंकारी नहीं है। सरमा केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वे चाय, स्कूल, कोयला, अंडा, भूमि सुपारी, हर चीज में सिंडिकेट चला रहे हैं। 73 सीटें जीतने का दावा किया।

सीएम ममता का सवाल

### पाकिस्तान की धमकी पर केंद्र सरकार चुप क्यों?



**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने पाकिस्तान की धमकी पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया है। नदिया में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि पाक के रक्षा मंत्री के कोलकाता पर विवादित बयान के बाद प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? शांतिपुर में ममता ने जांच कराने की मांग की कि क्या इस घटना के पीछे कोई गहरी साजिश है। ममता ने केंद्र पर राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर अभूतपूर्व हमला बोला है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने विस्फोटक दावा किया था।

बंगाल के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र

### महिलाओं को हर माह 2000 रु. और किसानों को सालाना 15 हजार रुपए देने का वादा



**कोलकाता।** बंगाल चुनाव के लिए कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कोलकाता में पार्टी को तीसरे विकल्प के रूप में पेश किया है। खरगे ने कहा, घोषणा पत्र 'जनता के लिए राहत' और 'बंगाल के विकास' को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो बंगाल में महिलाओं को हर माह 2000 रुपए की सहायता दी जाएगी और मुफ्त परिवहन सेवा दी जाएगी। लड़कियों को स्नातकोत्तर स्तर तक मुफ्त शिक्षा देने का भी वादा किया है। सीमांत भूमिहीन किसानों को 15000 रुपए सालाना देने और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली का वादा किया है। हर परिवार के लिए 10 लाख के स्वास्थ्य बीमा और युवाओं के लिए रोजगार और हर जिले में एआई सेंटर बनाने की भी बात कही है।

### पश्चिम बंगाल में रैली के दौरान केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने गाया गाना

**दक्षिण 24 परगना।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दक्षिण 24 परगना जिले की एक चुनावी रैली में गाना गाकर जनता का मन मोह लिया। रैली में मौजूद कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उनके गायन पर खूब सराहना और तालियां बजाते रहे। मेघवाल के इस अनोखे अंदाज ने रैली को जोशपूर्ण बना दिया। रैली में भारत माता की जय के नारे भी लगे।

### खरगे की रैली के दौरान कांग्रेस को झटका, दिग्गज ने दिया इस्तीफा

असम चुनाव का प्रचार अभियान खत्म होने से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत सरकार ने सोमवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। यह घटना तब हुई, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कछार जिले में रैली को संबोधित कर रहे थे। सूर्यकांत सरकार ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए पार्टी के अंदरूनी कामकाज और नेतृत्व से गहरी नाराजगी जताई है। वे 'भारी मन' से यह कदम उठा रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में स्कॉलरशिप के लिए 30 तक करें आवेदन




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने की योजना बना रहे एससी, एसटी और ओबीसी बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स के लिए सरकार ने स्कॉलरशिप स्कीम की शुरुआत की है। स्कॉलरशिप स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। एससी- एसटी और ओबीसी के स्टूडेंट्स 30 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### चाचा ने भतीजे-भावज की ली जान, 6 अरेस्ट



**पटना।** नगर के साहबेगपुर मोहल्ले में जमीन विवाद ने मंगलवार को भयावह रूप ले लिया। दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच चल रहा विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें 2 लोगों की जान चली गई और 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। छत से ईंट-पत्थर बरसाए गए और कुदाल से बेरहमी से वार किए गए। 6 को गिरफ्तार किया गया है।

### महाठग सुकेश को कोर्ट से मिली जमानत



**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुकेश पर आरोप हैं कि उसने तमाम लोगों को करोड़ों का चूना लगाया है और ठगी के मामलों में उसका दिमाग बहुत तेज चलता है। उसका नाम बॉलीवुड से लेकर सोशल सर्किल में भी चर्चा में है। पीएमएलए मामले में कोर्ट ने जमानत दी।

### कुल्लू में कार पर गिरे पत्थर, हाईवे धंसा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम अब कहर ढाने लगा है। लगातार बारिश की वजह से लैंडस्लाइड और सड़कें धंसने लगी है। मंगलवार को चंबा के भरमौर में लैंडस्लाइड के चलते लोहे का निर्माणाधीन सिंयुर पुल टूट गया। कुल्लू में कार पर लैंडस्लाइड हुई। मनाली में लेफ्ट बैंक में अलेऊ से पहले हाईवे धंस गया।

---

होर्मुज संकट पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा

# देश में पेट्रोल और एलपीजी की कोई कमी नहीं गैस कंपनियां कर रहीं सामान्य रूप से वितरण

## गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मध्य पूर्व एशिया में जारी युद्ध की वजह से एलपीजी सप्लाई के मोर्चे पर बढ़ती चुनौती को देखते हुए देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अहम और राहत भरा अपडेट जारी किया है। वर्तमान में आपूर्ति श्रृंखला को लेकर किसी भी प्रकार की अटकलों पर विराम लगाते हुए सरकार ने साफ किया है कि बाजार में एलपीजी और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने ईंधन वितरण की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि एलपीजी वितरक कंपनियों में कहीं किसी 'ड्राईआउट' (यानी ईंधन पूरी तरह खत्म होने की) की कोई भी सूचना नहीं है। सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं। सरकार ने यह भी कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

*देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य*

*कहीं से भी ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं*

### 1 लाख से अधिक छापों में 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त



पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

सरकारी तेल कंपनियों ने देश में एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार इस विशेष अभियान के तहत एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई के तहत 1 लाख से अधिक छापे मारे गए हैं और 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। 850 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं और 220 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी तेल कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने औचक निरीक्षण के बाद 1,500 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। 118 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और 41 वितरकों को निलंबित कर दिया है।

### डिजिटल बुकिंग पर दिया जोर

सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं।

### आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई

शर्मा के अनुसार मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। एलपीजी वितरकों में आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। उद्योग जगत में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। माल की हेराफेरी को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी में लगभग 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए 'वरदान' बना 5 किलोग्राम का सिलेंडर

पिछले 13 दिन के भीतर 5 किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर की बिक्री में अभूतपूर्व तेजी देखी गई है। इस छोटी अवधि में कुल 6.6 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। अकेले शनिवार ही 90,000 से अधिक सिलेंडरों की बिक्री हुई। कोई भी प्रवासी मजदूर या नागरिक बिना किसी पते के प्रमाण के, केवल एक वैध पहचान पत्र दिखाकर नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर से यह सिलेंडर प्राप्त कर सकता है।

### छापेमारी जारी रखी जाए

सरकार ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश छापेमारी जारी रखें ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों को गिरफ्तार किया जा सके। राज्यों को सलाह दी गई कि वे जमाखोरी, डायवर्जन और भ्रामक जानकारी के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि अनावश्यक घबराहट की स्थिति उत्पन्न न हो। राज्यों से निगरानी और प्रवर्तन को और सुदृढ़ करने तथा दोषियों के विरुद्ध अनुकरणीय कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। दरअसल, मध्यपूर्व एशिया में युद्ध की वजह से देश में एलपीजी के आयात पर असर पड़ रहा है। भारत जरूरत का 60 फीसदी एलपीडी दुनियाभर के बाजारों से आयात करता है, जिसका 90 फीसदी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरता है जो पिछले 39 दिनों से युद्ध क्षेत्र का हिस्सा बना हुआ है। युद्ध की वजह से भारतीय ध्वज वाले 16 कार्गो जहाज होर्मुज के पश्चिम में फंसे हुए हैं, जिसमें एक बड़ा एलपीजी स्टॉक से लोड किया हुआ कार्गो जहाज शामिल है। कच्चे तेल से भरे 5 ऑयल टैंकर, एक एलपीजी टैंकर और 3 कंटेनर भी स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज के पश्चिम में फंसे हुए हैं।

---

चुनाव आयोग ने बंगाल का पहला डेटा दिया

# 45 फीसदी अवैध नाम हटाए गए, नादिया से सबसे ज्यादा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में एक महीने पहले शुरू एसआईआर प्रक्रिया के बाद सोमवार को चुनाव आयोग ने अपनी अंतिम ड्राफ्ट लिस्ट जारी की। आयोग दके आंकड़ों के अनुसार बंगाल में मतदाता सूची से बाहर किए जाने के बाद विचाराधीन 60,06,675 नामों में से 27,16,393 यानी लगभग 45.22 फीसदी नाम हटा दिए गए हैं। इसका मतलब यह है कि बंगाल में मतदाताओं की संख्या विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत में 7.66 करोड़ से घटकर 6.77 करोड़ हो गई है। सबसे अधिक पेंडिंग मामले अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले (11 लाख) में थे, उसके बाद मालदा (8.28 लाख), दक्षिण 24 परगना (5.22 लाख) और उत्तर 24 परगना (5 लाख) का स्थान था। झाड़ग्राम (6682) और कलिम्पोंग (6790) में सबसे कम पेंडिंग केस थे।



### सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में की गई समीक्षा समीक्षा

एसआईआर की शुरुआत 27 अक्टूबर 2025 को हुई थी और 28 फरवरी 2026 को अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं की कुल संख्या घटकर 7.04 करोड़ रह गई थी। इसमें 60.06 लाख वो मतदाता शामिल थे जिनके नामों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के लिए चिह्नित किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में 705 न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के बाद फैसला किया गया। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने मतदाता सूचियों को फ्रीज करने से पहले समय बढ़ाने की याचिका स्वीकार नहीं की। ईसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी नेबताया कि फैसले के बाद जिन लोगों के नाम हटा दिए गए हैं वे न्यायाधिकरणों के समक्ष इसे चुनौती दे सकते हैं।

### सबसे ज़्यादा मतदाता इन जिलों से हटे

आयोग के आंकड़ों के अनुसार प्रतिशत के हिसाब से सबसे ज़्यादा मतदाता मतुआ बहुल नादिया (77.86%) में हटाए गए हैं। दूसरा जिला हुगली (70.33%) है जहां मुसलमानों की संख्या अधिक है। इसके बाद पूर्वी बर्धमान (57.4%), उत्तर 24 परगना (55.08%) और पश्चिम बर्धमान (53.72%) से नाम हटाए गए हैं। अल्पसंख्यक बहुल मालदा (28.91%), मुर्शिदाबाद (41.33%), उत्तर दिनाजपुर (36.84%) और दक्षिण 24 परगना (42.70%) में दर्ज किए गए मामलों की संख्या सबसे अधिक थी, वहां प्रतिशत के हिसाब से कम मामले हटाए गए हैं। हालांकि संख्या के हिसाब से उनका हिस्सा अधिक है।

---

युद्ध का असर... महंगा हुआ हवाई सफर

# एयर इंडिया ने 899 तक बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज, आज से बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल के बीच युद्ध का असर अब सीधे हवाई यात्रियों की जेब पर पड़ने लगा है। ग्लोबल लेवल पर जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तेज उछाल के चलते एयर इंडिया ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। नए सरचार्ज 8 अप्रैल से घरेलू उड़ानों पर लागू हो जाएंगे। इससे यात्रियों की जेब पर 899 रुपए तक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जबकि, अंतरराष्ट्रीय रूटों पर यह बदलाव 10 अप्रैल से लागू होने जा रहा है।



इसके तहत 280 तक सरचार्ज वसूला जाएगा।

**एयर इंडिया के सीईओ विल्सन का इस्तीफा :** एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। 2022 में पांच साल के अनुबंध पर नियुक्त हुए कैंपबेल विल्सन का कार्यकाल जुलाई 2027 में समाप्त होना था, लेकिन विल्सन ने समय से पहले ही पद छोड़ने का निर्णय लिया है।

---

सबरीमाला मामले पर सरकार ने दी सुप्रीम कोर्ट में बड़ी दलील

# जज बोलीं- महिलाएं अछूत नहीं हो सकतीं, उठाए सवाल

## सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा- लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री मामले पर सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने माहवारी को लेकर अहम टिप्पणी की है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था का सवाल उठा तो केंद्र ने इसकी परभाषा पर ही सवाल उठा दिया। केंद्र ने कहा कि भारत में महिलाओं को बहुत ऊंचा दर्जा दिया जाता है और पितृसत्ता की जो बात कही जाती है वह गलत है। 9 जजों की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबरीमाला मंदिर में हर उम्र की महिला के प्रवेश की वकालत करने वाले लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?





### ऐसा नहीं होना चाहिए

उन्होंने कहा कि भारत पितृसत्तात्मक या लिंग के आधार पर भेदभाव वाला समाज नहीं है, जैसा कि पश्चिमी देश समझते हैं। छूआछूत वाली टिप्पणी पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि एक महिला के तौर पर मैं यह कह सकती हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हर महीने के तीन दिन महिला को छूआछूत माना जाए और चौथे दिन जब माहवारी खत्म हो जाए तो वह छूआछूत नहीं है। ये कड़वी सच्चाई है।

**ऐसी अवधाणाएं पेश करने के काबिल नहीं: एसी मेहता**



मेहता ने कहा कि भारत में महिलाओं को न सिर्फ बराबरी का अधिकार दिया जाता है, बल्कि उन्हें ऊंचा दर्जा भी मिला है। कई फैसलों में पितृसत्तात्मक समाज की अवधारणा की बात कही गई है। एक तरह का जेंडर स्टीरियोटाइप उनमें दिखता है, लेकिन भारत का मामला अलग है। हमें ऐसी अवधारणाओं को पेश नहीं करना चाहिए।

### संविधान लैंगिक भेदभाव नहीं करता

मेहता ने कहा कि संविधान लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता और लैंगिक पहचान से इतर सभी के लिए समान अधिकारों की बात करता है। उन्होंने मामले में 2018 के फैसले की उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें मंदिर में महिलाओं को एंट्री न मिलने की तुलना छूआछूत से की गई है। मंदिर का मामला लैंगिक भेदभाव का नहीं है, यह मान्यता का विषय है। मंदिर के मामले में ऐसा नहीं है कि महीने में 4 दिन कोई महिला मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकती। यहां मुद्दा ये है कि एक विशेष एज ग्रुप की महिलाओं की मंदिर में एंट्री पर प्रतिबंध है।

# ईरान के 17 रिहायशी इलाकों पर यूएस ने बरसाए बम, अल्बोर्ज प्रांत में 18 की मौत

ईरान बोला- नागरिकों पर हमला करने का कोई औचित्य नहीं

**ईरान ने कहा है कि उस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों का कोई असर नहीं होगा। ईरानी सेना आईआरजीसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को 'आधारहीन' बताया है। ईरान की सेना ने कहा है कि ट्रंप की धमकियों से अमेरिका और इजराइली सुरक्षाबलों के खिलाफ जारी आक्रामक कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। धमकियों से पश्चिम एशिया में हुआ अमेरिका का अपमान नहीं मिटेगा**

एजेंसी ▶▶ तेहरान/तेल अवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आगे ईरान के नहीं झुकने के बाद अमेरिका ने ईरान के 17 रिहायशी इलाकों पर बम बरसाए। इस हमले में अल्बोर्ज प्रांत में 2 बच्चों समेत 18 की मौत हो गई। अमेरिका-इजराइल ने मंगलवार को ईरान पर किए गए हमलों में खोर्रमाबाद हवाई अड्डे को निशाना बनाया है। ईरानी रेड क्रिसेंट संगठन ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान को 17 रिहायशी इलाकों पर बमबारी की है। संगठन ने कहा कि नागरिकों पर हमला करने का कोई औचित्य नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि निहत्थे नागरिकों पर हमला करना युद्ध अपराध है।

**ईरान पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप**



अमेरिका के हमले में तबाह ईरान की राजधानी तेहरान की शेरिफ यूनिवर्सिटी

## ईरान के समर्थन में खुलकर आए रूस-चीन, होर्मुज को खोलने के प्रस्ताव पर किया वीटो

पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच मंगलवार को अमेरिका को झटका लगा है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन ने उस प्रस्ताव को वीटो कर दिया, जिसका मकसद हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना था। यह प्रस्ताव ऐसे समय में पारित नहीं हो सका। सुरक्षा परिषद के 15 में से 11 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। पाकिस्तान और कोलंबिया ने मतदान से दूरी बनाई। जरूरी नौ वोट मिल गए थे। फिर भी प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया। रूस और चीन स्थायी सदस्य हैं। उनके पास वीटो शक्ति है। इसी का इस्तेमाल कर प्रस्ताव को रोक दिया गया। शुरुआत में प्रस्ताव में अनुच्छेद 7 शामिल था।

### यूएन में बहरीन ने रखा था प्रस्ताव

*यह प्रस्ताव बहरीन की तरफ से लाया गया था। बहरीन को उम्मीद थी कि रूस और चीन कम से कम मतदान से दूरी बनाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सुरक्षा परिषद इस मुद्दे पर बंटी हुई नजर आई। रूस और चीन ने वीटो कर साफ कर दिया कि वे ईरान के साथ खड़े हैं। दोनों देशों का कहना है कि प्रस्ताव में ईरान की बहुत कड़ी आलोचना की गई थी। बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लतीफ बिन राशिद अल जयानी ने यूएनएससी में कहा कि ईरान को होर्मुजल जलडमरूमध्य बंद करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, यह प्रस्ताव खाड़ी क्षेत्र के इस अहम जलमार्ग के गंभीर हालात को देखते हुए लाया गया है।*

## कमांडरों की हत्या से नहीं डरेंगेः मुजतबा खामनेई



ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कहा है कि शीर्ष सैन्य कमांडरों की हत्या से देश की सेना और लड़ाकों का मनोबल नहीं टूटेगा। यह बयान ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खदेमी की सोमवार को हुई हत्या के बाद आया है। खामेनेई ने कहा कि खदेमी ने सुरक्षा, खुफिया और रक्षा के क्षेत्र में कई दशकों सेवा दी। उन्होंने अपने लिखित बयान में कहा कि ईरान के लड़ाके और सेना एकजुट हैं, जिन्हें आतंकवाद या अपराध जैसी घटनाएं कमजोर नहीं कर सकतीं।

### इजराइल के रासायनिक संयंत्रों पर भी ईरानी सेना का हमला



इजराइल के शहर पेता टिकवा पर ईरान का हमला

ईरानी सेना का कहना है कि उसके हमले के कारण अमेरिकी जहाजों को हिंद महासागर में पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स ने उत्तरी और दक्षिणी तेल अवीव के प्रमुख स्थलों को निशाना बनाया। हाइफा के रणनीतिक केंद्रों और बीर शेवा के रासायनिक संयंत्रों पर भी हमला किया गया। आईआरजीसी के मुताबिक सेना ने पेता टिकवा में इजराइली सैनिकों की एक टुकड़ी पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से सटीक हमला किए जाने का दावा किया।

## जंग में ईरान के 130 से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम तबाहः इजराइल

इजराइल की सेना ने दावा किया है कि उसने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हवाई हमले किए हैं। सेना के अनुसार, युद्ध के दौरान अब तक ईरान के 130 से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया गया है। जारी किए गए वीडियो में इन हमलों की झलक दिखाई गई है, जिसमें विभिन्न सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है।

### ईरानी क्लस्टर बम से इजराइल में नुकसान

इजराइल में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल से गिराए गए क्लस्टर सबम्यूनिशन (छोटे बम) के कारण नुकसान होने की खबर है। राहत और बचाव टीमों के अनुसार, रोश हाअयिन, रमत हाशरोन और आसपास के इलाकों में इन छोटे बमों के गिरने के स्थानों पर टीमें काम कर रही हैं।

## इजराइल ने किया शिराज पेट्रोकेमिकल ठिकाने पर हवाई हमले का दावा

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने दक्षिण-पश्चिमी ईरान के शिराज में एक और पेट्रोकेमिकल परिसर पर हमला किया है। एक बयान में सेना ने कहा कि इस पेट्रोकेमिकल परिसर में ईरानी शासन के सशस्त्र बलों के लिए नाइट्रिक एसिड का उत्पादन किया जाता था। इजराइली सेना ने दावा किया कि यह परिसर ईरान में विस्फोटकों के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक घटकों और बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास के लिए सामग्री का उत्पादन करने वाले आखिरी बचे परिसरों में से एक था।

### इजराइल का ईरान में रेलवे पुल पर हमला, 2 की मौत, 3 अन्य घायल

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, मंगलवार को ईरान के काशान शहर के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर अमेरिका-इजराइल के हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इजराइल ने ईरान में लोगों को ट्रेन से सफर न करने की चेतावनी जारी की थी। इसमें कहा गया है कि अगले 12 घंटे तक ट्रेन का इस्तेमाल न करें।

## इजराइली जहाज पर ईरान का क्रूज मिसाइल से हमला



आईआरजीसी के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघारी ने दावा किया कि इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नौसेना बलों ने इजराइली कंटेनर जहाज एसडीएन 7 पर क्रूज मिसाइल से हमला किया। इस हमले से जहाज में बड़ी आग लग गई और वह नष्ट हो गया। अमेरिकी हमलावर जहाज एलएचए-7 भी दोनों पक्षों के बीच हुई भारी गोलाबारी की चपेट में आया।

### भारतीय दूतावास ने दी सलाह

*ईरान में मौजूद भारतीयों को लेकर भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी की है और उन्हें निर्देश दिए हैं कि वे जहां हैं, वहीं रहें। भारतीय दूतावास की तरफ से यह भी कहा गया कि अगले 48 घंटे के लिए लोग पावर प्लांट्स बड़ी इमारतों, सैन्य अड्डों से आदि से दूर चले जाएं और हो सके तो बहुमंजिला इमारतों के ऊपरी तलों पर बिल्कुल न जाएं।*

### ईरान ने यूनेस्को को लिखा खत

## रेलवे सिस्टम पर हमला रोकने की अपील की



ईरान ने यूनेस्को से ईरान के रेल सिस्टम को उड़ाने की इजरायल की धमकी की आलोचना करने की अपील की है। ईरान ने यूनेस्को को इस संबंध में पत्र लिखा है। ईरान के 1,394 किलोमीटर लंबे ट्रांस-ईरानी रेलवे को यूनेस्को ने 2021 में विश्व धरोहर के तौर पर मान्यता दी है। ईरान के सांस्कृतिक विरासत मंत्री रेजा सलीही अमीरी ने यूनेस्को के महानिदेशक को एक आधिकारिक चिट्ठी भेजी है, जिसमें यूएन एजेंसी से देश के रेलवे सिस्टम पर हमले की इजरायल की धमकी की निंदा करने और इस पर रोक लगाने की अपील की है।

### युद्ध बढ़ाने से शांति नहीं आएगीः कोस्टा

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने चेतावनी दी है कि नागरिक इलाकों पर हमले करने से शांति नहीं मिलेगी। उनका कहना है कि केवल कूटनीति और बातचीत ही संघर्ष को खत्म करने का सही तरीका है।

### अमेरिका ने बहरीन से अपने 1500 नाविकों को निकाला

ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले के खतरे के बाद अमेरिका ने बहरीन से अपने करीब 1500 नाविकों को वापस बुला लिया है। बहरीन में अमेरिका की नेवी का पांचवी फ्लीट मौजूद है, जो पूरे मिडिल ईस्ट में समुद्री ऑपरेशन संभालती है।

### इजराइल पर पिंक कलर की मिसाइल दागी





एक ईरानी लड़की ने सेना के एयरोस्पेस कमांडर से पिंक कलर की मिसाइल इजराइल पर दागने का अनुरोध किया था। आईआरजीसी ने इसके जवाब में एक पिंक कलर की मिसाइल की तस्वीर जारी की, जिस पर फारसी में लिखा था- एक क्रांतिकारी छोटी बच्ची के अनुरोध के जवाब में।


## खबर संक्षेप

### आज से तीन दिवसीय यूएस दौरे पर मिसरी



**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी 8 से 10 अप्रैल 2026 तक वाशिंगटन डीसी, संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा से भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा करने और प्रमुख क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इस दौरान विदेश सचिव अमेरिका प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

### 2 पाकिस्तानी आतंकियों समेत 5 गिरफ्तार



**श्रीनगर।** श्रीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में दो पाकिस्तानी आतंकियों सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक अभियान के तहत राजस्थान और हरियाणा सहित कई राज्यों में कुल 19 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।

### 8 दिन की पुलिस हिरासत में आरोपी सरबजीत



**दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में हुए सुरक्षा उल्लंघन मामले में आरोपी सरबजीत सिंह को तीस हजारी कोर्ट ने आठ दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया है। यह फैसला कोर्ट ने पुलिस की उस अर्जी पर सुनाया, जिसमें उन्होंने आरोपी से पूछताछ और मामले की तह तक जाने के लिए और अधिक समय मांगा था।

### पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को ललकार

# 55 साल पुराना अंजाम मत भूलो, बंगाल पर नजर उठाई तो खुदा जाने कितने टुकड़े होंगे

एजेंसी ▶▶ बैरकपुर

पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के भड़काऊ बयान पर तीखा पलटवार किया है। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा कि वे 55 साल पहले के अंजाम को न भूलें जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था।

उन्होंने साफ लहजे में चेतावनी दी कि अगर इस बार पाकिस्तान ने बंगाल की तरफ आंख उठाकर भी देखा तो खुदा ही जाने उसके कितने टुकड़े होंगे। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी नेतृत्व को संयम बरतने और इतिहास से सीख लेने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री को इस तरह की भड़काऊ बातें नहीं करनी चाहिए।

**इतिहास से सीख ले पाक** **भड़काऊ बातें नहीं करे**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पश्चिम बंगाल की उत्तरी 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा के दौरान

### रक्षा मामलों पर सरकार की नीति स्पष्ट

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का रक्षा मंत्री होने के नाते वह खुद इस मुद्दे पर अपनी बात रख रहे हैं और यह जरूरी नहीं कि हर बात पर प्रधानमंत्री ही बोलें। रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत की सुरक्षा और रक्षा मामलों पर सरकार की नीति पूरी तरह स्पष्ट है। राजनाथ सिंह ने दोटूक शब्दों में कहा कि वह देश के रक्षा मंत्री हैं और रक्षा से जुड़े विषयों पर बोलने के लिए पूरी तरह अधिकृत हैं।



*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली कैंट स्थित बेस अस्पताल में 262वें सेना चिकित्सा कोर स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा करते हुए।*

### पाक की गलत हरकत का जवाब देंगे


*राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी गलत हरकत का जवाब अपूर्व और निर्णायक तरीके से दिया जाएगा। उन्होंने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला देते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई ने स्पष्ट संदेश दिया था। उस हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया था।*

### पाक ने कोलकाता पर हमले की दी थी धमकी

*दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में भारत को लेकर एक विवादित बयान दिया था। आसिफ ने कहा था कि अगर भारत की ओर से कोई भी कार्रवाई होती है तो पाकिस्तान कोलकाता पर हमला करके उसका जवाब देगा।*

### इस्तांबुल में इजराइली दूतावास पर हमला

## तुर्किये पुलिस ने हमलावरों को मार गिराया, दो पुलिसकर्मी भी घायल





एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इजराइली वाणिज्य दूतावास की इमारत के बाहर बंदूकधारियों ने पुलिस पर गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया, जबकि दो को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया।

तुर्की के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल ने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमलावर पड़ोसी शहर इज़मित से किराए की कार में इस्तांबुल पहुंचे। हमलावरों में से दो भाई थे, और उनमें से एक का मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

**हमलावर पड़ोसी शहर इजमित से किराए की कार में पहुंचे**

### मामले की जांच शुरू

*गृह मंत्री मुस्तफा सिफ्ती ने किसी संगठन का नाम लिए बिना कहा कि हमलावरों का संबंध 'धर्म का दुरुपयोग करने वाले' एक समूह से था। आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अतीत में तुर्किये में घातक हमले किए हैं। यह वाणिज्य दूतावास इस्तांबुल के बेसिकतास इलाके में गगनचुंबी इमारत में स्थित है। दूतावास पिछले दो साल से बंद था। अधिकारियों ने बताया कि तुर्किये स्थित इजराइली दूतावासों में इस समय कोई भी इजराइली राजनयिक मौजूद नहीं है। गाजा युद्ध के बाद, सुरक्षा चिंताओं और तुर्किये के साथ बिगड़ते संबंधों के चलते इजराइल ने अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था। तुर्किये के न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है। इजराइल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मामले की जांच जारी है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि दूतावास इस समय खाली है।*

### विकास परियोजनाओं और स्वास्थ्य सहयोग पर की चर्चा

## जयशंकर से मिले दुनिया के 8वें सबसे छोटे देश के विदेश मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दुनिया के 10 सबसे छोटे देशों में से एक और छोटे से द्वि द्वीपीय देश सेंट किट्स एंड नेविस के विदेश मंत्री डॉ. डेन्जिल एल. डगलस आए हुए हैं। उन्होंने मंगलवार को अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। जयशंकर ने उनका स्वागत किया और कहा कि उन्होंने विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सेंट किट्स एंड नेविस विश्व का सबसे छोटा संप्रभु संघ है, जो 1983 में ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुआ। जयशंकर ने 'एक्स' पर मुलाकात की फोटो साझा करते हुए लिखा कि आज सेंट किट्स एंड नेविस के विदेश मामलों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्योग, वाणिज्य और उपभोक्ता मामलों, आर्थिक विकास और निवेश मंत्री डॉ. डेनज़िल एल. डगलस की मेजबानी करके मुझे बेहद खुशी हुई। उन्होंने बताया कि हमने विकास परियोजनाओं, स्वास्थ्य सहयोग, डिजिटल क्षमताओं और आपदा राहत पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुए विचारों के आदान-प्रदान की सराहना की।

### आज हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के साथ होगी बैठक

# आज से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. रहमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2024 में पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से संबंधों में बने हुए तनाव के बीच मंगलवार से बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान की तीन दिवसीय (7 से 9 अप्रैल तक) भारत यात्रा की शुरुआत हो गई है।

जिसका मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान की आगामी समय में की जाने वाली भारत की संभावित यात्रा से जुड़े एजेंडे को अंतिम रूप देने के अलावा मौजूदा दौर में दोनों देशों के संबंधों में आई तल्खी को दूर करते हुए उन्हें पुनः संतुलन के साथ मजबूत बनाना है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

**संबंधों में तनाव के बीच...**

**बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान की आगामी समय में भारत की संभावित यात्रा से पूर्व एजेंडे को देंगे अंतिम रूप**



### मजबूत होगी साझेदारी


विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि आज नई दिल्ली पहुंचने पर बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. खलीलुर रहमान का हार्दिक स्वागत किया गया। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और ऐतिहासिक संबंध हैं। जिनकी नींव मजबूत जन-संबंधों पर टिकी हुई है। डॉ. रहमान की यह यात्रा भारत, बांग्लादेश साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

### नदी जल बंटवारे और सीमा विवाद पर मंथन होगा

*डॉ. रहमान की बुधवार को हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं के साथ-साथ वर्तमान समय में चुनौतीपूर्ण बने हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों (पश्चिम-एशिया युद्ध से ऊर्जा सुरक्षा पर आया संकट) पर चर्चा किए जाने की संभावना है। दोनों नेताओं की वार्ता में भारत और बांग्लादेश के बीच नदी जल बंटवारे (तीस्ता नदी से जुड़ा मामला) और सीमा विवाद जैसे मसलों पर भी मंथन किया जा सकता है।*

### केंद्रीय मंत्री गोयल और पुरी, एनएसए डोभाल से भी मिलेंगे रहमान

दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के अलावा 8 अप्रैल को ही नई दिल्ली में बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. रहमान की कुछ और बैठकें भी होंगी। जिनमें वह वाणिज्य भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और 6 अकबर रोड पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात करेंगे। डॉ. रहमान की भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ भी मुलाकात हो सकती है। इन तमाम बैठकों के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्री की यह भारत यात्रा समाप्त हो जाएगी और वह 9 अप्रैल को मॉरीशस सरकार और इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉरीशस रवाना हो जाएंगे।



# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।


लाइफ Style

# तृषा
## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में वे थलपति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना


**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

## टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

# दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।





# रामायणम: यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।

## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

**नकली जूलरी की दुकान :** जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही :** इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।




# कांस्टेबल परीक्षा ठुकराई, आईपीएल खेलने निकला नजफगढ़ का 'प्रिंस'

## लखनऊ सुपर जायंट्स के स्विंग गेंदबाज प्रिंस यादव ने अक्षर और ईशान के डिफेंस को भेदा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, 'आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा।' अब बात करते हैं 2026 की। वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा।

### 18 साल की उम्र तक नहीं खेला चमड़े की गेंद से

प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, 'कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था।' रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, 'बेटे की ज़िद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुज़ारा हो पाता है। लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने उसे अपनी इच्छा पूरी करने दी।'



### अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फेमस

प्रिंस के शानदार प्रदर्शन के बाद अब नजफगढ़ के खेड़ा डाबर गांव से भी लोग उनके घर पर बधाई देने के लिए आने लगे हैं। उन्होंने कहा, 'पहले हमारे इस इलाके को लोग इसलिए जानते थे क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति साहिबा (प्रतिभा पाटिल) चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक संस्थान का उद्घाटन करने (2012में) यहां आई थी। अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फेमस हो गया है।' राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई।

### पीठ पर रेत की बोरी और खेतों में दौड़

राम निवास ने कहा, मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की।' एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, 'प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया।

### प्रिंस कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा : कोच वशिष्ठ

प्रिंस के कोच वशिष्ठ ने कहा, 'वह यॉर्कर गेंदें फेंक सकता था और टेनिस बॉल को भी अच्छी गति से स्विंग करा सकता था। जब मैंने उसे देखा तो मैंने उसके दोस्तों से कहा कि वे उसे मुझसे मिलने के लिए कहें। वह पहले से ही 18 साल का था और उसके पास अपनी काबिलियत साबित करने के लिए बहुत कम समय था।' वशिष्ठ को लगता है कि प्रिंस की कड़ी मेहनत करने की क्षमता ही उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, ' वह कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा। वह दिल्ली की भीषण गर्मी में भी दो घंटे गेंदबाजी कर सकता है। प्रदीप के साथ काम करने से उसकी फिटनेस में सुधार हुआ है। वह जहीर खान और भरत अरुण से भी टिप्स ले चुका है। अब उसकी सफलता की कोई सीमा नहीं है।'

---

## खबर संक्षेप



### पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हारे अभय

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष खिलाड़ी अभय सिंह मिस्र के एल गौना में चल रही पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता एल गौना ओपन स्क्वाश के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में यूसुफ इब्राहिम से हार गए। विश्व में 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने सोमवार को खेले गए मैच में अच्छी शुरुआत की थी। उन्होंने विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी इब्राहिम के खिलाफ पहला और तीसरा गेम जीता, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। मिस्र के छठे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इब्राहिम ने आखिर में यह कड़ा मुकाबला 7-11 11-9 9-11 11-5 11-8 से जीता। यह मैच 68 मिनट तक चला, जिससे इब्राहिम ने खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है।

### बीसीबी अध्यक्ष पद से हटाए गए अमीनुल

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी) ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को पद से हटा दिया और नए चुनाव होने तक बोर्ड के दैनिक कामकाज को चलाने के लिए तदर्थ समिति का गठन किया है। बीसीबी के सूत्रों के अनुसार बुलबुल को मुख्य रूप से टी20 विश्व कप के दौरान हुए विवाद के कारण हटाया गया। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 11 सदस्यीय तदर्थ का प्रमुख बनाया गया है। इस समिति की जिम्मेदारी अगले 90 दिन के भीतर क्रिकेट बोर्ड के चुनाव करवाना है।



### हमें बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरतः क्लासेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। क्लासेन ने कहा, 'हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके।' उन्होंने कहा, ' हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।



---

## रॉयल्स ने लगाई जीत की हैट्रिक, मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराया

# राजस्थान रॉयल्स ने 11 ओवर में ठोके 150 रन यशस्वी-वैभव ने मचाई एमआई खेमे में खलबली

एजेंसी ▸▸| गुवाहाटी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। वैभव सूर्यवंशी ने 14 बॉल पर 39 रन की तूफानी पारी खेली। बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया, जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर (21 रन पर दो विकेट), रवि बिश्नोई (25 रन पर दो विकेट) और संदीप शर्मा (26 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए।



### वैभव ने किया बुमराह, बोल्ट और शार्दुल का छक्के से स्वागत

वैभव सूर्यवंशी का तूफानी अंदाज आईपीएल 2026 में जारी है और मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की। 15 वर्षीय वैभव ने जसप्रीत बुमराह का स्वागत छक्के से किया। बुमराह के ओवर में सूर्यवंशी ने दो छक्के लगाए। इसके बाद ट्रेंट बोल्ट की भी पहली गेंद पर वैभव ने छक्का लगाया और फिर शार्दुल ठाकुर का भी यही अंजाम हुआ। शार्दुल ठाकुर के ऊपर भी वैभव सूर्यवंशी ने दो बेहतरीन छक्के लगाए। वैभव ने अपनी पारी 14 गेंद की ही खेली लेकिन राजस्थान को तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने 14 गेंद पर 39 रन ठोके और अपनी पारी में सिर्फ एक चौका और पांच छक्के लगाए। आखिरी में वह शार्दुल ठाकुर का ही शिकार बने।

### वैभव-यशस्वी की तीसरी 70 प्लस पार्टनरशिप

वैभव और यशस्वी की जोड़ी ने 30 गेंद पर 80 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। लगातार तीसरे मैच में वैभव और यशस्वी की जोड़ी ने 70 या उससे अधिक रन की साझेदारी की। इससे पहले सीएसके के खिलाफ 38 गेंद पर 75, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंद पर 70 रन की साझेदारी की थी।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल नाबाद | 77 | 32 | 10 | 4 |
| सूर्यवंशी का तिलक बो शारदुल | 39 | 14 | 1 | 5 |
| जुरेल पगबधा बो गजनफर | 02 | 3 | 0 | 0 |
| पराग का तिलक बो गजनफर | 20 | 10 | 1 | 2 |
| हेटमायर नाबाद | 06 | 7 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 06, कुल: 11 ओवर में तीन विकेट पर: 150 रन
गेंदबाजी: चाहर 1-0-22-0, बुमराह 3-0-32-0, बोल्ट 1-0-22-0, पंड्या 2-0-17-0, शारदुल 2-0-36-1, गजनफर 2-0-21-2

| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का जुरेल बो आर्चर | 08 | 4 | 0 | 1 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो संदीप | 05 | 6 | 0 | 0 |
| यादव का आर्चर बो बर्गर | 06 | 3 | 0 | 1 |
| वर्मा का हेटमायर बो बिश्नोई | 14 | 10 | 2 | 0 |
| पंड्या का जायसवाल बो बिश्नोई | 09 | 6 | 2 | 0 |
| नमन धीर का बिश्नोई बो बर्गर | 25 | 13 | 3 | 1 |
| रदरफोर्ड का संदीप बो देशपांडे | 25 | 8 | 2 | 2 |
| शारदुल का जुरेल बो संदीप | 08 | 7 | 1 | 0 |
| दीपक चाहर नाबाद | 06 | 5 | 1 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट रन आउट | 01 | 2 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 05 | 2 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 11, कुल : 11 ओवर में नौ विकेट पर: 123 रन
गेंदबाजी: आर्चर 2-0-17-1, बर्गर 2-0-21-2, संदीप 3-0-26-2, देशपांडे 2-0-29-1, बिश्नोई 2-0-25-2,

---

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

# फाइनल में पहुंचे ललित, शीर्ष वरीयता शी हुओयिंग को हराया



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पानीपत के 23 साल के पहलवान ललित ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की 55 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में 2025 विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की शी हुओयिंग को हराया। अब वह फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला उज़्बेकिस्तान के तीसरी वरीयता प्राप्त इख्तियार बोतिरोव से होगा उनके पास एशियाई ख़िताब जीतने वाले केवल चौथे भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवान बनने का मौका है।

### आसान नहीं था ललित का सफर

हालांकि ललित के यहां तक पहुंचने का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था. ललित ने अपनी मां को तब खोया, जब वह पालने में ही थे और वह अपने पिता के किसी भी सहारे के बिना बड़े हुए। 2023 में ललित के सिर से पिता का भी साया उठ गया, लेकिन कुश्ती ही वह जगह थी, जहां उन्हें अपना दूसरा परिवार मिला। कुश्ती के शुरुआती दिनों में झज्जर में ललित की मुलाकात विजय गहलावत से हुई, जो उनके साथ के एक सीनियर पहलवान थे और आगे चलकर उनके सबसे करीबी दोस्त बने और जिन्होंने एक बड़े भाई और अभिभावक की भूमिका निभाई।

---

## आईसीसी रैंकिंग

# वनडे में अलाना का जलवा फिर बनीं नंबर वन गेंदबाज

एजेंसी ▸▸| दुबई

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की स्पिन गेंदबाज अलाना किंग वनडे में एक बार फिर दुनिया की नंबर एक गेंदबाज बन गई हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का इनाम अलाना को आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। अलाना किंग ने मार्च में नंबर एक गेंदबाज की पोजीशन को हासिल किया था।

हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही सोफी एक्लेस्टोन ने उनकी बादशाहत को खत्म कर दिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मुकाबले में अलाना ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर के स्पेल में सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। इस स्पेल में अलाना ने 44 गेंदें डॉट फेंकी थीं और टीम को 9 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अलाना ने वनडे की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है। वह सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं और उन्होंने साइवर-ब्रंट को एक पायदान नीचे धकेल दिया है।



### अमेलिया ने लगाई बड़ी छलांग

वहीं, दूसरे वनडे में 179 रनों की यादगार पारी खेलकर अमेलिया केर ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वह 6 पायदान ऊपर चढ़कर अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें नंबर पर आ गई हैं। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हर फॉर्मेट में इस समय अच्छी फॉर्म में हैं। वह लगातार बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दे रही हैं। जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन जबरदस्त रहा। टी20 में भी अमेलिया लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, और वह दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर भी बनी हुई हैं। वहीं, वनडे के ऑलराउंडर रैंकिंग में अमेलिया केर अब मारिजाने कैप से आगे निकल गई हैं। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा न्यूजीलैंड की खिलाड़ियों को भी मिला है। मैडी ग्रीन अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गई हैं और उन्होंने टॉप 10 में जगह बना ली है।

---

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप मिश्रित युगल जोड़ियां बाहर

**निंगबो।** भारत की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल में शुरुआत निराशाजनक रही जब उसकी दोनों जोड़ियां पहले दौर से हारकर बाहर हो गई। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरुष एकल में आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी। भारत की पुरुष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं। वहीं महिला टीम में सिंधू के साथ तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ हैं।



---

**13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में होंगे मुकाबले**

# अर्जेंटीना से 4 मैचों की सीरीज खेलेगी महिला हॉकी टीम

एजेंसी ▸▸| तूरिन

भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे।

भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है, जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय टीम को विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका भी मिलेगा।



### दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक अर्जेंटीना

*भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। इस दौरे का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इस श्रृंखला से हमें प्रति खिलाड़ी को परखने का मौका मिलेगा। हम देखना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर कौन बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।' उन्होंने कहा, ' इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन अगर आप इस टीम के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और एक-दूसरे की मदद नहीं कर सकते हैं तो आपके लिए इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।'*

---

## इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में पोलिटानो ने दागा जीत का गोल

# नेपोली ने एसी मिलान को हराया, खिताब की उम्मीद बरकरार


एजेंसी ▸▸| तूरिन

स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थान पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया।



### रूस के खिलाफ तीन फ्रेंडली मैच खेलेगी महिला टीम

भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी, जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी।






# 1500 मीटर दौड़ में दीक्षा ने जीता सोना, पोल वॉल्ट में नितिका की चांदी

## इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–2 जयपुरः मप्र अकादमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, लगाई पदकों की झड़ी

### कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए क्वालीफाई कर कुलदीप कुमार ने बढ़ाया प्रदेश का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जयपुर में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–2 में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में पदक अर्जित कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महिला 1500 मीटर दौड़ में अकादमी की खिलाड़ी कु. दीक्षा ने 4:25.74 सेकंड का उत्कृष्ट समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में नितिका आक्रे ने 3.80 मीटर का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया।



पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में कुलदीप कुमार ने 5.25 मीटर का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया, वहीं देव मीना ने रजत पदक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि कुलदीप कुमार ने इस प्रदर्शन के आधार पर कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भी क्वालीफाई किया है, जो प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### हाई जंप एवं ट्रिपल जंप में कांस्य पदक

पुरुष वर्ग की हाई जंप स्पर्धा में आदित्य रघुवंशी ने 2.00 मीटर की ऊँचाई पार करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं ट्रिपल जंप स्पर्धा में कृष्ण यादव ने 14.78 मीटर की उत्कृष्ट छलांग लगाकर कांस्य पदक अर्जित किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने इवेंट में तकनीकी कौशल, संतुलन एवं दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का मान बढ़ाया।




### खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन एवं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उत्कृष्ट खेल सुविधाओं का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

# डीजीपी कप 2026 के 28वें संस्करण का भव्य शुभारंभ

**पूरे प्रदेश की 11 टीमें ले रही हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






डीजीपी कप 2026 के 28वें संस्करण का मंगलवार को भव्य शुभारंभ उत्साह और खेल भावना के साथ नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड पर हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक विशेष सशस्त्र बल चंचल शेखर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, अति. पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला, पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी, पुलिस उप महानिरीक्षक रियाज इकबाल, कमांडेंट नागेन्द्र सिंह की उपस्थिति रही। टूर्नामेंट का आगाज़ पुलिस टीमों ने मुख्य अतिथि को परेड की सलामी देते हुए किया जिसमें पूरे मध्य प्रदेश पुलिस की 11 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का आगाज़ दो रोमांचक मुकाबलों से हुआ। पहला मैच पत्रकार एकादश बनाम आईपीएस एकादश के मध्य खेला गया, जबकि दूसरा एवं आधिकारिक उद्घाटन मैच जीबी पीएचक्यू बनाम भोपाल पुलिस के बीच खेला गया।

### जीबी पीएचक्यू ने भोपाल पुलिस को हराया

टूर्नामेंट का आधिकारिक पहला मैच जीबी पीएसक्यू और भोपाल पुलिस के बीच खेला गया। यह मैच टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भोपाल पुलिस ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीबी पीएचक्यूने 236 रन का लक्ष्य भोपाल पुलिस को दिया जिसमें कप्तान संदीप सूर्यवंशी ने 79 (41) , प्रज्ञानंद बालरे 82 (46), हिमांशु तिवारी 40 (17) ने विस्फोटक पारी खेली। भोपाल पुलिस के सुनील चंद्र ने 3 व बिट्टू ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल पुलिस की टीम ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 215 रन बना लिए, जिसमें सर्वेश यादव ने 95 (45), सौरव 48 (19) रनों का योगदान दिया। जीबी पीएचक्यू के संतोष सिंह ने 3, अंकुश ने 2 व योगेश ने 1 विकेट झटका।

### पहला मैच पत्रकार-11 व आईपीएस-11 के बीच खेला गया



मीडिया 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया 15 ओवरो का मैच खेला गया। मीडिया 11 की ओर से विवेक ने 74 (33), व अश्विन ने 40 (25) रनों का योगदान देते हुए टीम ने विशाल लक्ष्य 154 रन का आईपीएस एकादश को दिया। आईपीएस एकादश की ओर से अरुण सिंह ने 3 विकेट व नागेंद्र सिंह, रवि द्विवेदी, रविंद्र परिहार ने एक-एक विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईपीएस एकादश की टीम 148 रन ही बना पाई, जिसमें विनय ने 53 (21), नागेंद्र सिंह ने 30 (17), रियाज इकबाल ने 27 (13), युसूफ कुरैशी ने 17 (24) रनों का योगदान दिया। पत्रकार एकादश की ओर से विवेक, विक्रम एवं फूलचंद ने एक-एक विकेट झटके।

### शिलांग में 1 से 5 अप्रैल तक आयोजन

# नॉर्थ ईस्ट रेगाटा में मप्र वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक पर किया कब्जा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिलांग में 1 से 05 अप्रैल तक आयोजित नॉर्थ ईस्ट रेगाटा (नेशनल रैंकिंग) प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 पदक-3 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि के साथ खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। आईएलसीए-4 गर्ल्स वर्ग में तुलसी पाटले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया।

वहीं, आईएलसीए-4 बॉयज़ वर्ग में अंकित सिसोदिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं राजवीर यादव ने निरंतर प्रयास और कौशल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया। दोनों खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

### कनिष्क और मलय की 128 रन की पार्टनरशिप से भोपाल डिविजन मजबूत स्थिति में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित भाऊ साहेब निम्बलकर ट्रॉफी अंडर 18 बॉयज (चार दिवसीय) जबलपुर के एमपीसीए मैदान पर भोपाल डिविजन और रेस्ट ऑफ़ एम पी 'ए' डिविजन के बीच मैच प्रारंभ हुआ। भोपाल डिविजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवरों में 5 विकेट पर 252 रन बनाकर मजबूत स्थिति में है, जिसमे मलय श्रीवास्तव ने 67 रन और कनिष्क गौतम 62 रन बनाकर आउट हुए। कनिष्क गौतम और मलय श्रीवास्तव के बीच दूसरे विकेट के लिए 128 रन की पार्टनरशिप हुई एवं आलिफ हसन 52 रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। रेस्ट ऑफ़ एमपी के शिखर तिवारी ने 2 और सुमित सिंह, सृजन और अनुभव ठाकुर ने 1-1 विकेट लिए।

### स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# कॉर्पोरेट ग्रुप में टीम स्कोप ने साहेब इलेवन को 59 रन से हराकर किया खिताब पर कब्ज़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति में आयोजित 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को कॉर्पोरेट ग्रुप का फ़ाइनल मैच टीम स्कोप और साहेब इलेवन के मध्य ओल्ड कैंपियन के मैदान पर खेला गया, जिसमें साहेब इलेवन ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

टीम स्कोप ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए, जिसमें दानिश ने 59, अभिषेक गिरी ने 23, अमित शर्मा ने 21 रन बनाए। जवाब में साहेब इलेवन की टीम 17.5 ओवर में 100 रन ही बना सकी और यह मैच 59 रन से हार गई। रमीज खान और रिज़वान ने 1-1 विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द फ़ाइनल जीशान अली को चुना गया। पुरस्कार वितरण में एमआईसी मेंबर और पार्षद वार्ड 70 अशोक वाणी, पार्षद वार्ड 69 सूर्यकांत गुप्ता, बीडीसीए उपाध्यक्ष डॉ सुशील सिंह ठाकुर, मुजीबउद्दीन, वरिष्ठ क्रिकेटर बी राजन राव, मनीष शुक्ला, अतुल वर्मा, प्रदीप दुबे, अतुल खरे, विजय तिवारी समेत अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कल वेटरन ग्रुप का डिसाइडर मैच रेलवे मास्टर्स और भोपाल मास्टर्स के मध्य खेला जाएगा और इस मैच मे जो टीम जीतेगी वही फ़ाइनल मे प्रवेश करेगी। आईपीसीए की टीम पहले ही फ़ाइनल मे प्रवेश कर चुकी है। फ़ाइनल 9 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 9 बजे से खेला जाएगा।




### प्रतियोगिता में यह रहे सर्वश्रेष्ठ

टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : विनोद पॉल (साहेब इलेवन)
**सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज** अभिषेक गिरी (टीम स्कोप)
**सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज** जीशान अली (टीम स्कोप)
**सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर** लवीन मंधानी (साहेब इलेवन)
**सर्वश्रेष्ठ फील्डर** प्रतीक मालवीय (जोंटी) (साहेब इलेवन)
**अनुशासित टीम** : सुपर हीटर्स

### एलएनसीटी भोपाल में राज्य स्तरीय रग्बी 7एस प्रतियोगिता संपन्न

**प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमदार प्रदर्शन**

# जूनियर बालक व सीनियर पुरुष वर्ग में देवास, जूनियर बालिका में सीहोर एवं महिला वर्ग में शाजापुर विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एलएनसीटी में 7वीं राज्यस्तरीय सीनियर एवं जूनियर रग्बी 7एस (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2026 का समापन मंगलवार को शानदार मुकाबलों के साथ हुआ।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जूनियर बालिका वर्ग में पहले सेमीफाइनल में रायसेन ने इंदौर को 30-0 से तथा दूसरे सेमीफाइनल में नर्मदापुरम ने सीहोर को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में सीहोर ने रायसेन को 5-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में नर्मदापुरम ने इंदौर को 25-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।



### इन्होंने किया पुरस्कृत

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ अनुपम चौकसे चेयरमैन मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, अबरार अहमद शेख सचिव मप्र रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, पंकज जैन कोषाध्यक्ष मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, संदीप यादव टेक्निकल डायरेक्टर मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन, डॉ पी एस दारा ने विजेता उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार शाजापुर की मनीषा, जूनियर बालक वर्ग में सूजल (देवास), सीनियर महिला वर्ग में दीक्षा (इंदौर) तथा सीनियर पुरुष वर्ग में अंशुल (भोपाल) को प्रदान किया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930